रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 29 नवम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-97 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### व्यापार मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आयुष मंत्रालय को स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय को भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया है। आयुष मंत्रालय ने बताया कि भारत व्यापार संवर्धन संगठन' ने मंत्रालय को व्यापार मेले की 'मंत्रालय एवं विभाग' श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है। आयुष मंडप में कुल 18 स्टार्टअप्स ने अपने नए उत्पादों का प्रदर्शन किया? था। मंडप में आयुष आहार, नवाचार आयुष उत्पाद श्रृंखला, योग थेरेपी कक्षाएं, नाड़ी और प्रकृति परीक्षण, चिकित्सा सलाह, रचनात्मक खेल और सीखना आकर्षण के प्रमुख बिंदु रहे ।

### सीबीआई ने रिश्वत मामले में बीएसएनएल के दो अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश के भोपाल में तैनात भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के प्रधान महाप्रबंधक (पीजीएम) और एक एसडीई को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कहा कि एसडीई राकेश यादव और प्रधान महाप्रबंधक महेंद्र सिंह के खिलाफ शिकायतकर्ता से अनुचित रिश्वत मांगने के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। यह आरोप लगाया गया था कि पीजीएम द्वारा शिकायतकर्ता को विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए एक अनुशासनिक कार्रवाई पत्र जारी किया गया था और मामले में आगे की कार्यवाही लंबित थी। सीबीआई ने अपने बयान में दावा किया कि एसडीई ने शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपये का रिश्वत मांगा और उसे कहा कि बीएसएनएल के पीजीएम ने उसके पक्ष में लंबित अनुशासनिक कार्यवाही का निपटारा करने के लिए उक्त रिश्वत की मांग की थी। यह भी आरोप लगाया गया था कि एसडीई ने शिकायतकर्ता से कहा कि अगर वह मांगी गई।

### क्या गज़वा-ए-हिन्द लागू करने वाली है बिहार सरकार : विहिप

**नयी दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद ने बिहार सरकार के वर्ष 2024 के कैलेंडर से हिन्दुओं के अनेक त्योहारों के अवकाश समाप्त कर ईद, बकरीद और मोहर्रम की छुट्टियों को बढ़ाने के फैसले की मंगलवार को कड़ी निंदा की और कहा कि नीतीश कुमार सरकार पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के गजवा-ए-हिंद के एजेंडे पर चलने लगी है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने यहाँ एक बयान में कहा कि बिहार सरकार का एक और हिंदू द्रोही एजेंडा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के वर्ष 2024 के कलेंडर से शिवरात्रि, रामनवमी, श्रावणी सोमवार, 30 तिउतिया, कृष्ण जन्माष्टमी, अनंत चतुर्दशी, भैया दूज, गोवर्धन पूजा और गुरु नानक जयंती के साथ कार्तिक पूर्णिमा जैसे मुख्य और पवित्र भारतीय अवकाशों को समाप्त करके ईद, बकरीद और मोहर्रम की छुट्टियों को बढ़ा दिया गया है।

### अडानी समूह में तेजी से शेयर बाजार गुलजार

**मुंबई।** विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर अडानी समूह के शेयरों में 20 प्रतिशत तक के उछाल की बदौलत शेयर बाजार गुलजार रहा। हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग से संबंधित याचिका को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद मंगलवार को अडानी समूह के अलग-अलग कंपनियों में 20 प्रतिशत तक की तेजी रही।

# टनल में फंसे मजदूरों ने ली राहत की सांस

एजेंसी ‹ उत्तराखंड
www.dailypioneer.com









उत्तराखंड की सिलक्यारा-डंडालगांव टनल में 12 नवंबर से फंसे सभी 41 मजदूरों का बाहर निकल लिया गया है। पहला मजदूर शाम 7.50 बजे बाहर निकाला गया था। 45 मिनट बाद रात 8.35 बजे सभी को बाहर निकाल लिया गया। सभी को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। मजदूर 423 घंटे तक टनल में फंसे रहे। रेस्क्यू टीम के सदस्य हरपाल सिंह ने बताया कि शाम 7 बजकर 5 मिनट पर पहला ब्रेक थ्रू मिला था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाहर निकाले गए श्रमिकों से बात की। उनके साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह भी थे। सुरंग में खुदाई पूरी कर 800 मिमी व्यास के पाइप के जरिए सभी मजदूरों को बाहर खींचकर निकाल लिया गया है। एनडीआरएफ की टीम पाइप के जरिए मजदूरों तक पहुंची, फिर उन्हें बाहर निकालने का काम शुरू किया गया। मजदूरों को एंबुलेंस में बैठाकर अस्पताल ले जाकर हेल्थ चेकअप किया जा रहा है।

### सब मजदूर स्वस्थ्य

रेट स्नेपर्स वाली कंपनी नवयुग के मैन्युअल ड्रिलर नसीम ने कहा सभी मजदूर स्वस्थ्य हैं। मैंने उनके साथ सेल्फी ली। उन्होंने बताया कि जब आखिरी पत्थर हटाया गया तो सभी मजदूरों ने जयकारे लगाए।

### सिलक्यारा टनल से बाहर निकले सभी मजदूर का सीएम धामी ने किया स्वागत

उत्तराखंड में 12 नवंबर से सिलक्यारा सुरंग के अंदर फंसे सभी 41 मजदूरों को सफलतापूर्वक बाहर निकाला गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बाहर निकाले गए श्रमिकों से मुलाकात की। केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल ( से.नि) वीके सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रमिकों और रेस्क्यू अभियान में जुटे हुए कर्मियों के मनोबल और साहस की जमकर सराहना की। बाहर निकाले जा रहे श्रमिको के परिजन भी टनल में मौजूद रहे।



### रैट-होल माइनर्स की टीम ने की पूरी खुदाई

उत्तरकाशी की निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में 17 दिन से फंसे 41 श्रमिकों के लिए मंगलवार का दिन खुशखबरी लेकर आया है। रैट माइनर्स की टीम ने मैन्युअल ड्रिलिंग पूरी कर श्रमिकों तक पाइप पहुंचया, जिससे मजदूरों को कोई क्षति न पहुंचे। सुरंग के बाहर एंबुलेंस व डाक्टरों की टीम तैनात रही, सिलक्यारा बचाव अभियान में लगातार विफल होते विकल्पों के बीच सोमवार को छह सदस्यीय रैट माइनर्स की टीम को तैनात किया गया था।

PUBLIC NOTICE

This is to inform our readers as well as the general public that our newspaper 'The Pioneer' is presently published only from Delhi, Lucknow, Bhopal, Bhubaneswar, Ranchi, Raipur, Chandigarh, Dehradun, Hyderabad, and Vijayawada. The official website is www.dailypioneer.com, and the social media accounts are: @TheDailyPioneer on X (formerly Twitter), facebook.com/dailypioneer, instagram.com/dailypioneer. Our company does not publish any newspaper either 'online' or in the 'physical form' from any other States, except as mentioned above. If any person comes to know about 'The Pioneer' publication from any other State, including Rajasthan, please inform us at the provided contact details, along with the complete copy/details of such publication, including details of the entity or person(s) engaged in such publication. Furthermore, if any person is found publishing 'The Pioneer' illegally or engaging in any activity in the name of 'The Pioneer' or CMYK Printech Limited, they shall be prosecuted under the laws of the land. It is also clarified that CMYK Printech Limited has no other entity in the name of 'CMYK'.

**Name:** Ms Shobori Ganguli
**Designation:** Printer, Publisher and Editor-in-Chief
**Company:** CMYK Printech Limited
**Email:** shobori@gmail.com
**Telephone:** 011-40110455, 0120-4879900, 9871379898

# छह देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



छह देशों के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये। राष्ट्रपति ने आयरलैंड, बोस्निया और हर्जेगोविना, आर्मेनिया, मलेशिया, माली और मार्शल द्वीप समूह के राजदूतों और उच्चायुक्तों का परिचय पत्र स्वीकार किया। राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में आयरलैंड के राजदूत केविन केली, बोस्निया और हर्जेगोविना के राजदूत हारिस है, आर्मेनिया के राजदूत वाहगन अफ़ियान, मलेशिया के उच्चायुक्त मुज़फ़्फ़र शाह बिन मुस्तफ़ा, माली के राजदूत ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स डायलो और मार्शल द्वीप के राजदूत अलेक्जेंडर कार्टर बिंग शामिल हैं।

# एएसआई ने ज्ञानवापी सर्वेक्षण पर रिपोर्ट सौंपने के लिए और समय मांगा

पायनियर संवाददाता ‹ वाराणसी
www.dailypioneer.com



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए जिला अदालत से तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा कि एएसआई के दायर आवेदन पर बुधवार को जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेशा द्वारा सुनवाई किए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि एएसआई ने अपने आवेदन में कहा है कि एजेंसी के विशेषज्ञ सीएसआईआर-एनजीआरआई टीम तैयार की गई छवियों की व्याख्या के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विशेषज्ञों की टीम ने जीपीआर एंटीना के सैकड़ों (छोटे और बड़े) प्रोफ़ाइल के साथ विशाल जीपीआर डेटा तैयार किया है। डेटा को विशेषज्ञों के साथ चर्चा में सार्थक परिणामों के लिए उचित विश्लेषण और बहुत सावधानीपूर्वक व्याख्या की आवश्यकता होती है, जिसमें काफी समय लग रहा है। एएसआई विशेषज्ञ अपने कैंप कार्यालय में पुरातत्वविदों, पुरालेखविदों, रसायनज्ञों, सर्वेक्षणकर्ताओं और भू-भौतिकी विशेषज्ञों द्वारा एकत्र किए गए विभिन्न प्रकार के डेटा को एक समान तरीके से सहसंबंधित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। एएसआई ने कहा, ÷विभिन्न विशेषज्ञों और विभिन्न उपकरणों द्वारा विभिन्न रूपों में उत्पन्न जानकारी का समामेलन एक कठिन और धीमी प्रक्रिया है। रिपोर्ट को पूरा करने और उक्त सर्वेक्षण रिपोर्ट को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने में कुछ और समय लगेगा। गौरतलब है कि वाराणसी जिला अदालत ने 21 जुलाई को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' करने का आदेश दिया था। अदालत ने वजूखाना को छोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण का आदेश दिया, जिसे पिछले साल वहां एक शिवलिंग जैसी संरचना पाए जाने के बाद सील कर दिया गया

# छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज
## मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में सुबह से बदली छाई रही और दोपहर बाद से हल्की फुहार जारी है। सर्दी के मौसम में बारिश ने कंपकंपी ठंड का एहसास करा दिया है। सुबह के कोहरा और ठंड ने संकेत दिया कि आने वाले दिसंबर महीने में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। रायपुर समेत कई जिलों में बादल छाए हुए है और कई जगहों पर हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश की यह संभावना बंगाल की खाड़ी और मध्य प्रदेश में बने चक्रवात के कारण है। हवा में नमी और हल्की बारिश के कारण यहां अचानक ठंड बढ़ गई है। पश्चिमी विक्षोभ के साथ चक्रीय चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला है। मौसम विभाग ने कबीरधाम, राजनांदगांव, मुंगेली और बेमेतरा जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात और ओला गिरने की संभावना जताई गई है। इन दिनों छत्तीसगढ़ में धान की कटाई मिजांई का काम जोरों पर है। मौसम बदलने से किसानों की चिंता फिर बढ़ गई है। सुबह से हो रही अचानक बारिश से किसानों को नुकसान हुआ है। किसान अपने फसल को बचा नहीं पाए।

# प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए तैयारियां पूरी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए दो चरणों में हुए मतदान के बाद आगामी 3 दिसम्बर को मतगणना होगी। इसके लिए सभी 33 जिला मुख्यालयों में तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों में प्रेक्षकों की निगरानी में होने वाली मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। सबसे पहले ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलैट सिस्टम) से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल में 29 चक्र होंगे। वहीं सबसे कम मनेन्द्रगढ़ एवं भिलाई नगर में 12 चक्रों में मतगणना होगी। कंगाले ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केन्द्रों में होने वाली मतों की गिनती के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि 1181 अभ्यर्थियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला 7 नवम्बर और 17 नवम्बर को ईव्हीएम में बंद हुआ था। आगामी 3 दिसम्बर को मतों की गिनती के साथ ही इनके परिणाम आएंगे। मतगणना के दौरान अभ्यर्थी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे जबकि अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे।

## भूपेश सरकार ने किसानों से किया हर वादा निभाया है

# 3100 रु. धान का समर्थन मूल्य घोषित करें केंद्र की मोदी सरकार या झूठे घोषणा पत्र पर माफी मांगे छत्तीसगढ़ के भाजपाईः दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि धान और किसान भारतीय जनता पार्टी के लिए केवल चुनावी लिहाज से ही जरूरी है। जब-जब अवसर आया भाजपा ने किसानों से केवल छल ही किया है। 15 साल रमन राज के कुशासन में बोनस के नाम पर किसानों को ठगने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता, मोदी की गारंटी के नाम पर इस बार 3100 रुपया प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य देने का वादा अपने तथा कथित वचन पत्र में किए हैं। नरेंद्र मोदी तो पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वर्तमान में बनारस से सांसद हैं, फिर वहां के किसानों को क्यों अपना धान 1200 से 1400 रुपया प्रति क्विंटल के दर पर बेचना पड़ रहा है? मोदी पूरे देश के प्रधानमंत्री है और केंद्र में उनकी सरकार है, यदि साहस है तो धान का एमएसपी 3100 रुपया प्रति क्विंटल घोषित करें, जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को मिलेगा। अन्यथा भारतीय जनता पार्टी के नेता केवल चुनावी लाभ के लिए बोले गए अपने झूठ, राजनीतिक पाखंड और जुमलेबाजी के लिए छत्तीसगढ़ के किसानों से माफी मांगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार देश की पहली और इकलौती सरकार है, जिसने लगातार किसान विरोधी निर्णय थोपे हैं। किसानों और राज्यों के आर्थिक हितों के खिलाफ केंद्रीय पूल में खरीदे जाने वाले चावल में लिमिट की बाध्यता लगाई है। उसना-अरवा का अड़ंगा लगाकर व्यवधान उत्पन्न किए। चावल के निर्यात पर 10-10 प्रतिशत तक सेंट्रल एक्साइज थोपा है, यही नहीं कनकी के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जिसके चलते मंडियों और खुले बाजार में धान बेचने वाले किसानों को भयंकर नुकसान उठाना पड़ा है। केंद्र की मोदी सरकार ने 2014 में देश के किसानों से वादा किया था स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार सी-2 फार्मूले पर 50 प्रतिशत लाभ के आधार पर एसपी तय करेंगे, 2022 तक किसानों की आय दुगनी होगी, किया उल्टे मोदी निर्मित महंगाई के चलते कृषि की लागत 3 गुना हो गई। किसानों से एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा भी देश के प्रधानमंत्री मोदी ने ही किया था वह भी जुमला हो गया। असलियत यही है कि केंद्र की मोदी सरकार को केवल अपने पूंजीपति मित्रों के द्वारा बनाए गए बड़े बड़े सायलो में रखें अनाज की चिंता है, पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की चिंता है न कि किसानों की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि भूपेश सरकार ने किसानों से किया हर वादा निभाया है। न केवल कर्जमाफी बल्कि सिंचाई कर्ज भी माफ हुआ है। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण की व्यवस्था भी सतत लागू है। विगत 5 वर्षों में भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों को 12000 करोड़ से अधिक की कृषि पंपों पर बिजली की सब्सिडी दी है। कांग्रेस सरकार ने किसानों का भरोसा कमाया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि को मिलाकर पूरे देश में धान का सर्वाधिक कीमत छत्तीसगढ़ के किसानों ने पाया है। 20 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी का वादा भी भूपेश सरकार ने 1 नवंबर 2023 से लागू कर दिया है। 20 क्विंटल प्रति एकड़ या अधिक धान उत्पादक किसानों को तस्कर और कोचिया कहने वाले भाजपाई केवल चुनावी लाभ के लिए 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी का वादा किए। छत्तीसगढ़ के किसानों ने कांग्रेस के वादे पर भरोसा किया है। भाजपा का किसान हितैषी होने का ढोंग केवल चुनावी है। छत्तीसगढ़ के अन्नदाता केंद्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को चुनावी झूठ और जुमलों के लिए कभी माफ नहीं करेंगे।



# राजनाथ ने अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण किया



पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। इम्फाल की शिखा के डिजाइन में बाईं ओर मणिपुर की ऐतिहासिक धरोहर 'कांगला महल' और दाईं ओर राज्य के पौराणिक प्राणी 'कांगला सा' को दर्शाया गया है। इससे मणिपुर के लोगों द्वारा देश की स्वतंत्रता , संप्रभुता और सुरक्षा के लिए दिये गये बलिदान को महत्व दिया गया है। 'कांगला महल' मणिपुर का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है। 'कांगला-सा' मणिपुर का राज्य प्रतीक भी है। इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया और यह प्रोजेक्ट 15 बी श्रेणी का तीसरा विध्वंसक पोत है जो निर्देशित मिसाइल प्रणाली से लैस है। अप्रैल 2019 में इसके शुभारंभ के समय इस युद्धपोत को इम्फाल नाम दिया गया और एमडीएल द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को इसे भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।

# बालको ने अपने प्रचालन क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए उच्चस्तरीय एआई तकनीक को अपनाया

पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com





वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने संयंत्र के अंदर आंतरिक वाहन परिचालन में एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) तकनीक की शुरुआत की है। अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से संयंत्र के अंदर ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी के उत्पादन और उत्कृष्टता को बढ़ावा में वाहनों का योगदान महत्वपूर्ण है। दोपहिया वाहनों से लेकर पिघले एल्यूमिनियम और अन्य कच्चे माल को लेकर जाने में भारी-भरकम तकनीकी वाहनों की जरूरत होती है। सुगम वाहन परिचालन के लिए बालको सड़क सुरक्षा को अपनी प्राथमिकताओं में सबसे आगे रखता है। कंपनी वाहनों की निरंतर आवाजाही के दौरान सड़क सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए के प्रतिबद्ध है। एडीएएस और डीएमएस डिजिटल एआई तकनीक से सड़क सुरक्षा उपायों की मदद से संभावित मानवीय त्रुटियों को रोकने में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। एडीएएस तकनीक ड्राइवरों को उनके वाहनों के आसपास ब्लाइंड स्पॉट का पता लगाने में सहायता है। ड्राइवरों द्वारा अचानक गाड़ी के लेन बदलने पर वास्तविक समय में अलर्ट जारी करती है। डीएमएस तकनीक ड्राइवर के व्यवहार और सावधानी पर नज़र रखता है। एआई, मशीन लर्निंग टूल्स और इन्फ्रारेड इनवर्ड-फेसिंग कैमरे का उपयोग करके डीएमएस लगातार चेहरे की स्थिति, आंखों की गति और सिर की स्थिति का विश्लेषण करता है। यह किसी भी असामान्य गतिविधियों जैसे झपकी लेने, थकान, फोन के उपयोग और किसी अन्य ध्यान भटकाने की स्थिति में तुरंत अलर्ट जारी करता है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि 'शून्य क्षति' दर्शन के अनुरूप कार्यस्थल को को पूर्णतः सुरक्षित बनाने की दिशा में बालको निरंतर कार्यरत है। हमारा उद्देश्य सुरक्षित कार्यस्थल में कंपनी को सर्वोत्तम उचाई तक पहुंचाना है। संयंत्र में कंपनी के कर्मचारियों, व्यावसायिक भागीदारों और आगंतुकों की सुरक्षा के लिए प्रबंधन कटिबद्ध है। बालको परिवार का प्रत्येक सदस्य औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के बुनियादी नियमों और प्रथाओं का पालन करके कार्यस्थल सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी की सहभागिता से सड़क सुरक्षा को पुख्ता बनाने की दिशा में डिजिटल तकनीकों एवं नवाचार को अपनाकर 'सुरक्षा प्रथम' कार्य संस्कृति की स्थापना में मदद मिली है।डिजिटल नवाचार से व्यावसायिक इकाइयों में सुरक्षा और सुरक्षित कार्यशैली को बढ़ावा देने के लिए बालको ने व्यापक रूप से विभिन्न तकनीकों को तैनात अपनाया है। जैसेः एचएसएसई द्वारा टी-पल्स निगरानी प्रणाली अपनाना जो सबसे व्यापक एआई मॉडल का उपयोग करके कैमरों के नेटवर्क के माध्यम से वास्तविक समय में संयंत्र के अंदर चल रही गतिविधि पर नज़र रखता है। अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएसओसी) की स्थापना की है जो घटनाओं की छानबीन के लिए आधुनिक सिक्योरिटी एनालिटिक्स, कार्यस्थल पर तैनात सिक्योरिटी संसाधनों के बीच प्रभावी तालमेल और रणनीतिक सूचनाओं के एकत्रण को प्रभावी बनाया गया है। विद्युत संयंत्रों के प्रचालन में स्मार्ट ऑटोमेशन को बढ़ावा देने के लिए रियल टाइम डिजिटल डैशबोर्ड और ट्रेंड मॉनिटरिंग प्रणाणियों की बड़ी मदद मिल रही है। 'थर्मल इमेज प्रोसेसिंग का उपयोग कर कोल यार्ड के लिए हॉट स्पॉट डिटेक्शन सिस्टम' हॉट स्पॉट को पकड़ने और रीयल-टाइम अलार्म बढ़ाने के लिए कोल यार्ड का थर्मल निरीक्षण प्रदान करता है। प्लांट में भारी वाहनों की आवाजाही वाले स्थानों पर क्रॉसवॉक और सुरक्षा संदेश प्रदर्शित करने वाले डिजिटल साइनेज लगाये गए हैं। कंपनी प्रचालन के विभिन्न क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी फर्स्टदृष्टिकोण के अनुरूप विभिन्न नवाचारों को अपनाने और कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोपरी रखने का कार्य किया है। द एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन की ओर से गोल्ड कैटेगरी में बालको को ग्लोबल रोड सेफ्टी अवार्ड 2023 सहित कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण सत्रों और जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा सुदृढ़ सुरक्षा उत्कृष्टता के लिए बालको की निरंतर खोज को रेखांकित करती है। कंपनी ने सुरक्षा डिजिटलीकरण पर अपनी 'सुरक्षा संकल्प कुटुंब' परियोजना के लिए 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय सुरक्षा अभ्यास प्रतियोगिता में 'प्लैटिनम विजेता' का दर्जा हासिल किया।

# महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने किया डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र, मुंबई के राजभवन में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं आंध्र प्रदेश के कलाकारों को आमंत्रित किया गया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा राजभवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को भारत के कोने-कोने में पहुंचाने एवं प्रस्तुत करने के लिए छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर को राज्यपाल रमेश बैस ने सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कलाकार राकेश तिवारी, चित्रोत्पला लोक कला परिषद के संयोजन में डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोककला की विविध शैलियों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुंबा देवी पर आधारित जस गीत से हुई, इसके बाद क्रमशः करमा नृत्य गीत, नाचा, गौरा गौरी गीत, राउत नाचा, पंथी नृत्य गीत, सुराजी गीत, सुआ गीत और इस कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए गीत- मैं छत्तीसगढ़ ले आए हंव गा, दया माया ल मोटरा मा बांध के लाए हंव.. जैसे गीत की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे सभी प्रस्तुतियां शानदार रही और कलाकारों ने दर्शकों की वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मूल निवासी जो मुंबई में निवासरत है वह बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए इसमें फिल्म व टीवी सीरियल से जुड़े अलग-अलग क्षेत्र के लोग शामिल रहे दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता सुमन तलवार, अशोक मिश्रा, जयंत देशमुख, शंकर सचदेव, राहुल तिवारी, रजत तिवारी, अग्निमित्र शर्मा, बी आर साहू, प्रवीण पचकोर, श्रीकांत पांडे, डॉक्टर संगीता देशमुख, केतन, अरुण वर्मा, लता वर्मा, विजय तिवारी, आर्यन तिवारी, गीतांजलि देशमुख, दिलीप सुराना, लालमणि शर्मा, विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रस्तुत करने वाले कलाकार राकेश तिवारी, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, रोहित साहू, संध्या पड़ौती, सरिता ठाकुर, ज्योति बंजारे, पुनेश्वरी बारले, पवन बंजारे, बाहरू यादव, अनिल निषाद, नंदकिशोर साहू, मनसा बंजारे, आदि कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी इस अवसर पर सभी आमंत्रित लोगों के लिए छत्तीसगढ़ी भोजन तैयार किए गए।

# जेएसपी को ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को दिव्यांग जनों (पर्संस विद डिसऐबिलिटीज) के पुनर्वास और उनके उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सामुदायिक विकास के लिए जेएसपी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा, हम यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर गर्वान्वित महसूस कर रहे हैं। हम समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2023 सामाजिक उत्थान के लिए किये जा रहे हमारे उन प्रयासों पर मुहर है, जिसमें हम प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। हम अपनी सेवाओं के विस्तार के लिए सदैव समर्पित हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें। जिन्दल ने इस सम्मान के लिए निर्णायक मंडल के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। जेएसपी अपनी सीएसआर शाखा, जेएसपी फाउंडेशन के माध्यम से 2009 से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में जिन्दल आशा (जिसे पहले आशा-द होप के नाम से जाना जाता था) केंद्र संचालित कर रहा है। इन केंद्रों में तत्काल सहयोग, फिजियोथेरैपी, चिकित्सा, वाक् चिकित्सा, विशेष शिक्षा, संगीत और मनोरंजन चिकित्सा, परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं, कौशल विकास प्रशिक्षण आदि के माध्यम से दिव्यांग जनों के पुनर्वास का प्रयास किया जाता है ताकि वे स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम हो सकें। अभी तक 5500 से अधिक दिव्यांग जन और बच्चे इन केंद्रों से लाभान्वित हो चुके हैं।

# गृह मंत्रालय, द्वारा मुंबई में आयोजित राजभाषा सम्मेलन में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रायपुर को मिला तृतीय पुरस्कार

## मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने पुरस्कार प्राप्त होने पर बधाई दी





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रति वर्ष क्षेत्रवार राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाता है जिसमें अलग-अलग मंत्रालयों के अधीन आने वाले विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को राजभाषा में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है । इस वर्ष गृह मंत्रालय द्वारा पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 23.11.2023 को न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, चेंबूर, मुंबई में किया गया। इस गरिमामय समारोह में 'क' क्षेत्र में स्थित 50 से अधिक कार्मिकों वाले कार्यालयों की श्रेणी में वर्ष 2022-23 के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर को मुख्य अतिथि, महामहिम राज्यपाल, महाराष्ट्र रमेश बैस एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, भारत सरकार अजय कुमार मिश्रा के करकमलों द्वारा तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रायपुर की ओर से निकेश कुमार पाण्डेय, राजभाषा अधिकारी ने उक्त शील्ड ग्रहण किया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रायपुर को उक्त पुरस्कार प्राप्त होने पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार तथा अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा.) आशीष मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंडल के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा राजभाषा विभाग, रायपुर को बधाई दी तथा आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के सम्मानित पुरस्कार मंडल को प्राप्त होंगे।

# लाहौल स्पीति संकल्प रथ यात्रा तांदी व वारपा पंचायत पहुंची

एजेंसी ◄ केलंग
www.dailypioneer.com

विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत मंगलवार को जिला लाहौल स्पीति संकल्प रथ यात्रा तांदी व वारपा पंचायत पहुँची। ठंड के बावजूद लोग केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने के लिये घरों से बाहर निकले, इस दौरान आईईडी स्क्रीन के माध्यम से केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी गयी, वहीँ बैंक से आये अधिकारियों ने मुद्रा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित, डिजिटल इंडिया के बारे जानकारी दी। वहीं कृषि विश्वविद्यालय कुकुमसेरी आये वैज्ञानिक डॉ राधिका नेगी ने प्राकृतिक खेती, मिट्टी परीक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान लोगो के स्वस्थ्य जांच व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आभा कार्ड भी बनाये गए। वहीँ स्कूली बच्चों ने पेंटिंग प्रदर्शन किया और स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगो ने प्रधानमंत्री के कट आउट के साथ स्थानीय लोगो ने सेल्फी खिंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान किसान सम्मान निधि के लाभार्थी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा किसान सम्मान निधि के तहत साल के छह हजार मिल रहे इससे काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि ये राशि कम है पर कई बार किसान के पास बीज के लिये पैसे नही होते ऐसे में ये राशि मददगार साबित होती है जिसके लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया । आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी जवित्री देवी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक इलाज फ्री में होता है जिसके लिये प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए सभी पात्र लोगो से आयुष्मान कार्ड बनाने की अपील की। उज्ज्वला योजना के लाभार्थी प्रियंका ने कहा कि पहले खाना बनाने में लकड़ी के चूल्हे में धुंए से परेशानी व समय लगता था जब से उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर मिला है समय की बचत हुई है और खाना बनाने में आसानी हुई है। उन्होंने इसके लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया।

# विपक्ष के लोग जनता के हितैषी नहीं : जगत सिंह नेगी

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने भारतीय जनता पार्टी पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता राज्य की जनता के हितैषी नहीं हैं। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार का एक साल का वक्त होने को है। ऐसे में प्रदेश में सियासत भी गर्म है। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी लगातार सरकार के एक साल के कार्यकाल को नाकामी से भरा हुआ बता रही है तो लगातार कर्ज लेने को लेकर भी हमलावर है। भाजपा 10,000 करोड़ से ज्यादा का कर्ज महज एक वर्ष में लेने का दवा आरटीआई के जरिए मालूम होने की बात कह रही है। जगत सिंह नेगी ने इसको लेकर भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने पूर्व सरकार के कार्यकाल पर तंज करते हुए कर्ज लेकर घी पीते रहने की बात कही।

वर्तमान प्रदेश सरकार में राजस्व और बागवानी मंत्री नेगी ने विपक्ष के हमलों का जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष के लोग काले चश्मे पहन कर बैठ गए हैं, जो उन्हें कोई भी काम सरकार का नजर नहीं आ रहा है। नेगी ने कहा कि विपक्ष के लोग हिमाचल की जनता की हितेषी नहीं है। यह वही लोग हैं जो विधानसभा में केंद्र से प्रदेश को मदद दिलाने को लेकर चुप्पी साध कर बैठे रहे। इस दौरान नेगी ने कर्ज के मसले पर कहा कि कर्ज लेना हर सरकार की आवश्यकता है, लेकिन पूर्व भाजपा सरकार तो कर्ज लेकर सिर्फ़ घी पीने का काम करती रही। जगत सिंह नेगी ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने केंद्र से कर्ज लिया और उसका उपयोग राजनीतिक सभाओं और केंद्रीय मंत्रियों के स्वागत में कर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का यह पहला साल चुनौती भरा रहा है। प्रदेश में बरसात से आई आपदा में 12 हज़ार करोड़ का नुकसान प्रदेश को हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति, पेयजल योजनाएं, सड़के निजी संपत्तियों समेत जान और माल का भी काफी नुकसान हुआ है। नेगी ने कहा कि बागवानों की मांग पर सेब को वजन से बचने का एक बड़ा फैसला सरकार ने किया और बागवानों को इससे लाभ भी हुआ। बीते वर्ष बागवानी भगवानों के आंदोलन से पेस्टिसाइड इंसेंटिसाइड को लेकर भी मांग की गई थी इसको लेकर जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस बार प्रदेश सरकार ने सब्सिडी रेट पर बागवानों को पेस्टिसाइड इंसेक्टिसाइड देने का फैसला किया है और इसके लिए केमिकल्स का प्री रिक्वायरमेंट भी किया जा रहा है। वहीं, फर्टिलाइजर कृषि विभाग के द्वारा दिए जा रहे हैं और इसको बागवानों के लिए भी उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जा रही है।

# विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है भाजपा सरकार : अखिलेश

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए नए-नए कायदे कानून बना रही है जो तानाशाही रवैये का परिचायक है। यादव ने विधान भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार न तो विपक्ष का सामना करना चाहती है और न हीं चाहती है कि विपक्ष जनता के सवालों को उठाए। उसका इरादा लोकतंत्र को कमजोर करने का है। विधानसभा का सत्र बहुत कम दिनों का आहूत होता है। सदन में चर्चा होगी तभी तो विकास होगा। उन्होने कहा कि भाजपा राज में सब तरफबर्बादी है। अस्पताल जर्जर है। चिकित्सा सेवा पूरी तरह से बर्बाद है। पढ़ाई-चौपट है। प्राइमरी स्कूलों में कोई एडमीशन लेने नहीं आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को जो काम मिलना चाहिए, नहीं मिल रहा है। गन्ना के रेट नहीं बढ़ रहे हैं, धान नहीं खरीदा जा रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने पूंजीनिवेश के बड़े-बड़े दावे किए लेकिन जमीन पर कहीं कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है। न उद्योग लगे न रोजगार मिला। सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने के नाम पर बजट तो लुट गया पर गड्ढे नहीं भरे गए। सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश के बहुत सारे दल जातीय जनगणना के पक्ष में खुलकर सामने आ रहे हैं। सबको बराबर का हक और सम्मान मिले इसके लिए आरक्षण आवश्यक है। लेकिन भाजपा निजीकरण को बढ़ाकर आरक्षण समाप्त करने की साजिश कर रही है। आरक्षण के नियमों के तहत जिन बच्चों को नौकरी मिलनी चाहिए उनको नहीं मिली। 69 हजार शिक्षक भर्ती में अनियमितता के चलते शिक्षक अभ्यर्थी आंदोलित है।

## निर्वासित तिब्बती संसद के स्पीकर ने की अखिलेश से मुलाकात

निर्वासित तिब्बती संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफल ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव से विधान भवन परिसर में मुलाकात की और तिब्बत में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताते हुये उनसे स्वतंत्र तिब्बत के लिए आवाज उठाने का आग्रह किया। खेंपो ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में यादव को ज्ञापन देते हुए कहा कि तिब्बत अब अपने सांस्कृतिक संहार और पहचान के पूर्ण विनाश के खतरे का सामना कर रहा है। ज्ञापन में कहा कि 1949 में तिब्बत पर चीन द्वारा आक्रमण के बाद से तिब्बती लोगों के मूलभूत मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। तिब्बत के भीतर 60 लाख से अधिक तिब्बतियों के प्रति चीन के दमनात्मक रवैये के खिलाफ पिछले 74 वर्षों से शांतिपूर्ण प्रतिरोध जारी है और लोग बेबसी में चीनी औपनिवेशिक कब्जे को सहन कर रहे हैं। तिब्बत में मानवाधिकारों का उल्लंघन और अनुचित उत्पीड़न हो रहा है। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियां चला रहा है। ज्ञापन में ऐतिहासिक तौर पर स्वतंत्र और प्रभुसत्ता सम्पन्न अतीत वाले तिब्बत को वर्तमान में अतिक्रमित राष्ट्र के रूप में मान्यता देने, चीन में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं की निगरानी करने और रिपोर्ट देने को स्वतंत्र मानवाधिकार संगठनों को जाने देने की अनुमति देने, सभी तिब्बती राजनैतिक कैदियों की रिहाई के अलावा चीन के दुष्प्रचार से निपटने के लिए राष्ट्रीय विधायी ढांचा स्थापित करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि तिब्बत-चीन संघर्ष को हल करने के लिए बिना किसी पूर्व शर्त के परम पावन दलाई लामा के प्रतिनिधियों के साथ ठोस बातचीत में फिर से शामिल होने की व्यवस्था हो। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्वासित तिब्बती संसद के स्पीकर को आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी तिब्बत के लोगों के मानवाधिकारों तथा तिब्बत की आजादी के लिए प्रतिबद्ध है और तिब्बत की स्वतंत्रता को भारत की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक मानती है।

# एनएमडीसी ने राष्ट्रीय पीआर महोत्सव 2023 में किया शानदार प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय पीआरएसआई पुरस्कारों में गृह पत्रिका (हिंदी), महिला विकास के लिए सीएसआर परियोजना, सतत विकास रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 प्राप्त किए। मुख्य अतिथि माननीय सांसद डॉ. सोनल मानसिंह ने राष्ट्रीय जनसंपर्क महोत्सव के दौरान एनएमडीसी की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन टीम को पुरस्कार प्रदान किए। इस जीत पर बोलते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, एक वैश्विक खनन कंपनी बनने की हमारी यात्रा में जनसंपर्क एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मैं टीम एनएमडीसी को कॉर्पोरेट संचार, सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास में उनकी असाधारण पहल के लिए बधाई देता हूं। हम एक ऐसा ब्रांड बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अपने मजबूत हितधारक जुड़ाव के लिए जाना जाता है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं को बेहतर करने और मेडिकल कालेज अस्पताल व महारानी अस्पताल के समीप साइलेंट जोन बनाने निर्देश

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने धान खरीदी कार्य के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को दिया निरीक्षण का दायित्व

### विधानसभा निर्वाचन मतगणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि शासन के योजनाओं को शिद्दत से क्रियान्वयन करवाना प्रशासन की जवाबदारी है। इसके लिए अधिकारियों को अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन हेतु कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा।

कलेक्टर ने महारानी और मेडिकल अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने महारानी अस्पाताल, मेडिकल अस्पताल परिसर के आसपास साफ-सफाई व 100 मीटर तक साइलेंस जोन घोषित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। महारानी अस्पताल में सोनोग्राफी की सेवाएं हेतु कांकेर और दंतेवाड़ा से एक-एक रेडियोलाजिस्ट की सेवाएं सप्ताह में रोस्टर आधार पर सुनिश्चित करने निर्देशित किया और पोस्टमार्टम की सेवाओं को एक सप्ताह में पुनः शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ले रहे थे। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए, सीजीएमएससी के अधिकारी को परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को दूरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएम में भर्ती प्रक्रिया का भी संज्ञान लिया। मेडिकल अस्पताल में जूनियर चिकित्सकों व नेत्र सहायक को मोतियाबिंद के सर्वे में संलग्न करवाने कहा। उन्होंने कहा कि संघन मोतियाबिंद सर्वे कार्य के उपरांत उपचार को बढ़ाया जाए। बैठक में सीजीएमएससी के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा किया गया। सीजीएमएससी के कार्यों के लंबित निर्माण कार्य के लिए संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए धान खरीदी कार्य के निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी द्वारा खरीदी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं, धान खरीदी को स्टेंगिंग का बारिश से बचाव हेतु तिरपाल से ढ़के होने, टोकन काटने में 70 प्रतिशत लघु व सीमांत किसान और 30 प्रतिशत बड़े किसान को प्राथमिकता देने कहा।

इसके आलावा आनलाईन टोकन की स्थिति की समीक्षा कर बारदाने की स्थिति व सहीं प्रबंधन करवाना तथा पीडीएस बारदाने का आंकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को गिरदावरी के कार्य एवं खसरा पांचशाला के मिलाने करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी से संबंधित विभागों के अधिकारियों को मिलरों के साथ अनुबंध, स्वीकृत, डीओ कटने की स्थिति, धान का उठाव करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बफर लिमिट से पहले डीओ काटने की स्थिति को सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों से फसल कटाई की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में विधानसभा निर्वाचन मतगणना की तैयारियों पर चर्चा किया।

मतगणना के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था, मतगणना स्थल में मूलभूत व्यवस्था की तैयारियों, पार्किंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा किया। कलेक्टर ने माह के अंत में रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों की पेंशन प्रकरणों का निराकरण समय पर करने की आवश्यकता बताई। पालतू पशुओं के नस्ल सुधार करने के लिए पशुओं के बधियाकरण हेतु 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक अभियान चलाने के निर्देश दिए। पशुधन विकास विभाग के अधिकारी को प्रतिदिन 300 पशुओं का बधियाकरण करने के लक्ष्य रखकर कार्य करने के निर्देश दिए। उचित मूल्य की दूकान से सामग्री की राशि वसूली की स्थिति सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के कार्य, सांसद एवं विधायक निधि, विशेष के द्वारा सहायता, जिला खनिज न्यास संस्थान मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सामाजिक सहायता कार्यक्रम संचालित पेंशन प्रकरणों का निराकरण नहीं करने के लिए समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश दिए। पशु बाजार स्थल के लिए चिंहाकित स्थलों के विकास हेतु कार्य योजना बनाने सहित जमीन का चिंहाकन व नक्शा आबंटन करने के संबंध में चर्चा की। साप्ताहिक समीक्षा के प्रकरणों और समय सीमा की प्रकरणों पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी ने बैलेट मत पत्र की सुरक्षा बढ़ाये जाने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com



विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी एवं भाजपा पदाधिकारियों ने बैलेट पेपर द्वारा हुए मतदान के मतपत्रों की सुरक्षा बढ़ाये जाने और मत पेटियों को स्ट्रांग रूम में संधारित किये जाने हेतु कलेक्टर एवं मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। लता उसेंडी ने कहा कि, विधान चुनाव 2023 में चुनाव ड्यूटी और आवश्यक सेवा में नियुक्त शासकीय कर्मचारियों हेतु बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की व्यवस्था की गयी थी। इसके अतिरिक्त 80 वर्ष से अधिक एवं विकलांग मतदाताओं हेतु भी बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की विशेष व्यवस्था की गयी थी। बैलेट पेपर से हुए मतदान की इन मत-पत्र पेटियों को प्रत्येक जिला मुख्यालय की ट्रेज़री में संधारित किया गया हैं। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि, ट्रेज़री में अनाधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही अत्यधिक हैं जिस कारण इन मतपत्र में हेराफेरी की प्रबल संभावना हैं। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के पक्ष में पूर्वाग्रह से ग्रसित कुछ अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा भी मतपत्रों में अनधिकृत हस्तक्षेप किया जा सकता हैं। इस स्थिति में इन मतपत्रो की सुरक्षा हेतु सुरक्षाकर्मीयों की संख्या बढ़ाकर और सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाकर सुरक्षा बढ़ाए जाने की आवश्यकता हैं। इसके अतिरिक्त यह आवश्यक हैं कि, इन मतपत्रो को ट्रेज़री के स्थान पर स्ट्रांग रूम में संधारित किया जाए। अतः त्वरित रूप से बैलेट पेपर द्वारा हुए मतपत्रों की सुरक्षा कर्मी की संख्या बढ़ाकर तथा सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाकर सुरक्षा बढ़ाई जाये एवं इन मतपत्रो को ट्रेज़री के स्थान पर स्ट्रांग रूम में संधारित किया जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल से भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा सहित मनोज जैन, रौनक दीवान, प्रतोष त्रिपाठी, विक्की रवानी, सोनामणि पोयाम व दिलावर कापड़िया मौजूद रहें।

# शिक्षिका दीप्ति साहू को मिला दाऊ रामचंद्र देशमुख कला स्वाभिमान अवार्ड



**किरंदुल।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी धमतरी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को धमतरी मे आयोजित इस एक दिवसीय आयोजन में प्रदेश भर के अनेक कलाकार,साहित्यकार और लेखकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर साहित्य,कला एवं संस्कृति से जुड़े अनेक प्रतिभाओं को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया सम्मान की इस कड़ी मे लौहनगरी किरंदुल की शिक्षिका दीप्ति साहू एवं श्रद्धा साहू को उनके लोक कला के क्षेत्र मे विशिष्ट योगदान के लिए दाऊ राम चन्द्र देशमुख कला स्वाभिमान अवार्ड से सम्मानित किया गया।दीप्ति ने इस पुरस्कार के लिए प्रसन्नता व्यक्त कर कहा कि भारतीय दलित साहित्य अकादमी का 39 वां राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन दिल्ली मे आयोजित किया जा रहा है।मेरा चयन वीरांगना सावित्री बाई फुले नेशनल फेलोशिप अवार्ड÷ के लिए किया गया हैं।

# हजारों श्रद्धालुओं के साथ महाकाल बाबा की निकली भव्य पालकी

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com





कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर महाकाल बाबा की पालकी बाजे गाजे के साथ आकर्षक झांकी के रूप में कोपाबेड़ा महाकालेश्वर धाम से संबलपुर चारगांव स्थित डेम कार्यक्रम स्थल तक नाचते झूमते जगह जगह पूजा व फूलों के वर्षा से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में दूर दराज से व आसपास के सभी गांव से आए भक्तगण पूजा पाठ कर भोजन प्रसादी ग्रहण कर आयोजित कार्यक्रम का आनंद उठाया। वही आशीर्वचन के रूप में महाकालेश्वर धाम कोपाबेड़ा मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए शिक्षा स्वास्थ्य की महत्व समझाया गया व हर बच्चे को स्कूल भेजने पर जोर दिया गया। साथ ही गांव के देवी देवता अपने अपने इष्ट देव को हमेशा पूजे जाने का विशेष महत्व को समझाया गया व हर दिन अपने घर के देवी देवता (पुरखा )के समक्ष दीप जलाने का संदेश दिया। इस दौरान सम्बलपुर व चारगांव वासियों का कहना हैं कि, हम धन्य हो गए जो हमारे पावन धरा पर महाकाल बाबा की पालकी का साक्षात दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कई नामचीन हस्ती कोंडागांव विधानसभा प्रत्याशी लता उसेंडी, डॉ आर के सींग सहित गांव के पुजारी कोटवार पटेल गायंता व बड़ी तादाद में माता ,बहनें ,बुजुर्ग, बच्चे व युवा साथी शामिल रहें।

# मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के नौवें चरण का हुआ शुभारंभ



**किरन्दुल।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के नौवाँ चरण का शुभारंभ कुआकोंडा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र कुआकोंडा के पुजारीपारा से किया गया। बता दें कुआकोंडा के अंतर्गत 56 गांव के 49550 लोग इसमें शामिल हैं।जिसके लिए 54 टीम का गठन किया गया हैं। जन समुदाय को मलेरिया से बचाव के उपाय बताये गये और स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। साथ ही रैली निकाली गयी और रैली के माध्यम से जन समुदाय को मलेरिया के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी में मनाया गया संविधान दिवस



पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी एवं उनकी अधीनस्थ संस्था के द्वारा संयुक्त रूप से संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना का वाचन, फिर मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। संविधान दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए, वरिष्ठ व्याख्याता जगमोहन भोयर सर कहा कि, संविधान सभा ने इस संविधान को अंगीकृत किया, तत्पश्चात 26 जनवरी सन 1950 को देश का संविधान लागू किया गया है, अतः हमें संविधान की रक्षा हर कीमत पर करना है। कार्यक्रम का प्रसतावना वाचन प्राचार्य सुरेन्द्र पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रमन ठाकुर, व्याख्याता भुपेश्वरी ठाकुर, लंबोदर प्रसाद पाण्डेय, तुला राम नेताम विनोद कुमार कश्यप, शैलेश साहू, पुजा भोई, के ठाकुर, सुधा सोम, वत्सला नाग, विक्की दीवान, संगीता तिवारी, पवन कुमार कंचन और सभी स्टाफ झामन लाल, पूर्णिमा धुव, भुवन दास मानिकपुरी, सारिका, मंजू और सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

# सिपाही ने खुद पर चलाई गोली

**सुकमा।** जिले में आरक्षक ने खुद को थाना परिसर में ही अपने सर्विस रायफ्ल से गोली मार ली। यह घटना छिंदगढ़ थाने की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।बताया जा रहा कि सिर पर पुरानी चोट से बीमारी से आरक्षक ग्रस्त था। गोली मारने के बाद जवान को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# मतगणना हेतु प्रथम रेण्डमाईजेशन का कार्य हुआ सम्पन्न



**कोंडागांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मतगणना कार्यों में लगाए गए कर्मचारियों हेतु प्रथम रेण्डमाईजेशन का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर, एसडीएम एवं आरओ कोंडागांव चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम व आरओ केशकाल शंकरलाल सिन्हा, तहसीलदार केशकाल आशुतोष शर्मा, डीआईओ हेमंत भगत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# सड़क निर्माण में लगी 18 वाहनों को नक्सलियों ने किया आग के हवाले



पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

नक्सलियों ने दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला मार्ग पर स्थित भांसी में एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के डेढ़ दर्जन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। दंतेवाड़ा से बैलाडीला के बीच सड़क चौड़ीकरण का काम कर रही आरसी नाहर कंपनी का यह कैम्प भांसी थाना से 1 किमी दूर बंगाली कैम्प में स्थित है, जहां रात करीब 1 बजे 100 से ज्यादा नक्सली, जिनमे दर्जन भर काली वर्दीधारी सशस्त्र नक्सली भी शामिल थे, पहुंचे और मौके पर मौजूद चौकीदारों को धमकाया और निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी। इसके बाद वहां खड़ी हाइवा, जेसीबी, पोकलेन, पेवर मशीन समेत 16 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। नजदीक में रेलवे लाइन दोहरीकरण कार्य में लगी कुछ वाहनों को भी नुकसान पहुंचाने की खबर है। घटना की सूचना मिलने पर भांसी थाने से फोर्स पहुंची, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। एएसपी रामकुमार बर्मन भी दल-बल के साथ पहुंचे। गांव के बीच हुई इस वारदात ने पुलिस के सूचना तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं, साथ ही भांसी पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहें है,जिस जगह नक्सलियों ने वारदात को अंजाम दिया है ओ जगह भांसी से महज कुछ ही दूरी पर है फिर आखिर नक्सली इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने में सफल हो गए और पुलिस हांथ पर हांथ धरे बैठी रह गई। भांसी थाना क्षेत्र में नक्सली दर्जनों बार रेल को नुकशान पहुंचा चुके है,नक्सलियों के बंद को देखते हुए रेलवे ने दो दिन के लिए इस रूट पर रेल का परिचालन भी बंद कर रखा है।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया गुरु नानक जयंती लंगर और रैली निकालकर मना प्रकाश पर्व





पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com




कोंडागांव नगर में 27 नवंबर को गुरु नानक जयंती के अवसर पर बाबा गुरु घसीदास की 554वां जयंती का आयोजन किया गया। नगर की धार्मिक उत्सवता को दर्शाने के लिए पंजाबन महिलाएं नगर कीर्तन करते हुए बड़ी संख्या में भाग लेने आईं। पूरे नगर में बाबा की झांकी निकाली गई और वहीं पिछ्ले 10 दिनों से चल रही प्रभात फेरी का समापन भी हुआ। इस उत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भव्य समारोह और विशेष लंगर शामिल थे। दिनभर के कार्यक्रमों में से एक में गुरुद्वारा में लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। लोग गुरुद्वारा में माथा टेकने और प्रसाद ग्रहण करने के बाद नगर में शाम को निकाली गई नगर कीर्तन की आकर्षक झांकी में उपस्थित थे। इस झांकी में गतका भी हुआ और श्रद्धालुओं को प्रसाद देने के बाद नगर में एक शानदार रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में लोग भाग लेने आए। गुरु नानक जयंती की उत्सव में पिछ्ले 10 दिनों से नगर में प्रभात फेरी भी निकल रही थी, जिसका समापन इस दिन किया गया। इसके साथ ही, भव्य समारोह का आयोजन भी किया गया और विशेष लंगर का भी आयोजन हुआ। समारोह में लोग बड़ी उत्साह से शामिल हुए और धार्मिक आत्मा में प्रवृत्त होकर इस पवित्र दिन को मनाया। सरदारों ने इस अद्भुत उत्सव को और भी रौंगत दी, अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया और नगर को प्रकाश पर्व के रूप में मनाने का समर्थन किया। समृद्धि और खुशियों के साथ मनाई गई इस जयंती ने नगर को एक धार्मिक और सामाजिक समृद्धि का अहसास कराया। इस उत्सव में श्रद्धालुओं की भारी संख्या ने भगवान की पूजा और भक्ति में भाग लिया, जिससे नगर का माहौल धार्मिक और शांतिपूर्ण बना रहा। गुरु घासीदास बाबा की झांकी निकालने वाली रैली में हार्दिक भागीदारी ने इस उत्सव को और भी रंगीन बना दिया।

# कार्तिक पूर्णिमा समापन के बाद तालाब पारा में किया गया भंडारे का आयोजन

**किरन्दुल।** किरन्दुल के तालाब पारा एवं शुकरु कैम्प में इस वर्ष बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ कार्तिक पूर्णिमा पर्व मनाई गई। बता दें तीन दिवस तक



आयोजित होने वाली इस पर्व में प्रतिदिन रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं समापन के दिन सोमवार को तालाब पारा में मौहल्ले वासियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# टिफिन बम के साथ नक्सली गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा।** फ़ोर्स पर फायरिंग करने और आईईडी ब्लास्ट में शामिल 3 माओवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े तीन माओवादियों में से एक नाबालिग है। बता दें कि मंगलवार 21 नवंबर को हुए आईईडी ब्लास्ट में बस्तर फाइटर के दो जवान घायल हुए थे। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार माओवादी का नाम हूंगा कुंजाम है, और दूसरे का सुक्का कुंजाम है। माओवादियों के कब्जे से जवानों ने 1 नग टिफिन बम, डेटोनेटर वायर करीब 1 मीटर वजनी करीब 5 कि.ग्राम, 7 नग टाइगर बम फटाका, 5 मीटर बिजली वायर लाल रंग का, 4 नग लोहे का सरिया स्पाइक, 1 नग लोहे का सबल, 1 नग टार्च नीला कलर, नक्सल साहित्य पुस्तक 1 नग, 2 नग नोट बुक, 2 नग डेटोनेटर, सिविल पिट्ठू 1 नग और दैनिक उपयोगी की सामाग्री जब्त की है।

# चुनावी लोकलुभावन वादों पर नियंत्रण की मांग पर बंधे हैं चुनाव आयोग के हाथ

## घोषणाओं को अमल मे लाने का श्रेय लेती है राजनीतिक पार्टियां, भार उठाती जनता

श्याम पुरोहित ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव 2023 को चुनावी लोकलुभावन वादों के घोषणा पत्र के लिये खास तौर पर याद रखा जायेगा जिसमे नियंत्रण की मांग की गई लेकिन सत्य यही है कि इस संबंध में आयोग की शक्ति सीमित रही वैधानिक तौर पर आयोग इन पर रोक लगा सका। लोकतंत्र के महापर्व के आते ही सभी राजनीतिक दलों को सहसा गरीब मजदूर किसान वर्ग सहित आम आदमी की याद आने लगती है। महिला, युवा, अल्पसंख्यक, झुग्गियों में रहने वाले, अनधिकृत कालोनियों के लोग अहम हो जाते हैं। साढ़े चार साल जिन मतदाताओं की अनदेखी हुई, वे अचानक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। वादों में मुफ्त बिजली-पानी, सस्ता अनाज, तेल, गैस, फोन और लैपटाप जैसी हर वह वस्तु समाहित है, जिनसे मतदाताओं का ध्यान आकृष्ट होता है। चुनाव आयोग के पास कई बार ऐसे आवेदन आए हैं, जिनमें इन वादों पर नियंत्रण की मांग की गई, लेकिन सत्य सही है कि इस संबंध में आयोग की शक्ति सीमित है। वैधानिक तौर पर आयोग इन पर रोक नहीं लगा सकता है।

वादे मूलतः दो प्रकार के होते हैं। एक, जिनसे लोगों को व्यक्तिगत लाभ हो सकता है और दूसरा, जिनसे समाज का भला होता है। व्यक्तिगत लाभ का अर्थ है किसी के खाते में कुछ राशि डाल देना, जो सीधे तौर पर रिश्वत ही है। यहां तक कि पार्टी या उम्मीदवार की तरफ से मतदाता को एक कप चाय पिलाना भी रिश्वत ही है। ऐसे वादे सत्ताधारी और विपक्ष दोनों तरफ से किए जाते हैं। अंतर यही है कि सत्ताधारी दल के पास सरकारी खजाने का नियंत्रण भी होता है। सब्सिडी का एलान, कीमतों में कटौती (जैसे पेट्रोल गैस की कीमत), नई योजनाएं लाना आदि जैसी घोषणाएं सत्ताधारी दल करते हैं। राजनीतिक दल चुनाव आयोग की तरफसे आचार संहिता लागू होने से पहले ही ऐसी घोषणाएं करने की जल्दबाजी में रहते हैं। आचार संहिता प्रभावी होने के बाद सरकार नई योजनाओं की घोषणा नहीं कर सकती है, लेकिन घोषणापत्र पर आचार संहिता प्रभावी नहीं होती। एक-दो रुपये किलो चावल, कर्ज माफ, समर्थन मूल्य मे वृद्धि 10 से 15 हजार प्रति वर्ष आदि,आदि सब तरह के वादे घोषणापत्र के माध्यम से किए जाते हैं। कई बार इन वादों की व्यवहार्यता पर सवाल भी उठता है। इस मामले में तथ्य यही है कि घोषणापत्र पूरी तरह से वैध हैं, चाहे उनमें चांद तोड़कर लाने का वादा ही क्यों न कर दिया जाए। चुनाव आयोग इस संबंध में कुछ नहीं कर सकता है। यहां तक कि पांच जुलाई, 2013 के अपने एक आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने भी माना था कि आरपी एक्ट (जन प्रतिनिधित्व कानून) के तहत घोषणापत्र में किए गए वादों को 'कदाचार' की श्रेणी में नहीं डाला जा सकता है। हालांकि इनसे जनता को प्रभावित करना संभव होता है और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा पर चोट लगती है। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को संबंधित दलों के साथ विमर्श करके घोषणापत्र के वादों को लेकर दिशानिर्देश जारी करने को कहा था। चुनाव आयोग के साथ बैठक में ज्यादातर राजनीतिक दलों ने तर्क दिया कि लोकतंत्र के तहत घोषणापत्र में ऐसे वादे करना मतदाता के प्रति उनका अधिकार भी है और कर्तव्य भी। सैद्धांतिक तौर पर चुनाव आयोग ने भी इससे सहमति जताई और इस बात को भी रेखांकित किया कि इनके कुछ अनचाहे परिणाम भी होते हैं। चुनाव आयोग ने 31 जनवरी, 2014 को दिशानिर्देशों का मसौदा जारी कर राजनीतिक दलों की राय मांगी थी। इसमें उम्मीद की गई कि घोषणापत्रों में व्यावहारिक वादे हों और उनमें वादों को पूरा करने के तरीके व वित्तीय जरूरत के बारे में भी बताया जाए। परंतु ऐसा नही हो पाया । उनके घोषणा पत्र से राज्य को होने वाले वित्तीय दुष्प्रभावों पर क्या असर पडेगा यहां राजनीतिक पार्टियों के जहन से दूर रहा उनका मकसद किसी भी तरीके से सत्ता की चाबी हासिल करना देखा गया।

प्रश्न यह है कि लोगों के कल्याण की सारी बातें नेताओं को चुनाव से ठीक पहले ही क्यों याद आती हैं। मतदाताओं को इस बारे में जागरूक होना होगा। विपक्षी दलों और मीडिया को यह प्रश्न उठाना चाहिए कि पिछली बार के कितने वादे पूरे हुए और कितने अधूरे रह गए। अव्यावहारिक वादों को लोगों के सामने लाने का काम विपक्षी दलों का है। सामान्य मतदाता यदि यह न भी समझ पाएं कि वादे कितने व्यावहारिक हैं, तब भी वे यह तुलना कर सकते हैं कि पहले कितने वादे किए गए और कितने पूरे हुए।




### राष्ट्रीय पार्टियों के घोषणाओं से हजारों करोड़ की पड़ेगी चोट

विधानसभा चुनाव में इस बार सत्तारूढ़ कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा दोनों ने ही जनता से जमकर लोकलुभावन वादे किये है प्रदेश में जिसकी किसी भी पार्टी की सरकार बनेगी घोषणापत्र पर अमल करने में बजट का बड़ा हिस्सा खर्च होगा। प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा ने जनता से बड़े- बड़े वादे किए हैं। इनमें धान की अधिक कीमत, तेंदूपत्ता पर बोनस, महिलाओं को एक निश्चित राशि और रसोई गैस पर सब्सिडी के साथ अन्य घोषणाएं शामिल हैं। कांग्रेस ने किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफकरने का भी वादा किया है। अर्थशास्त्री और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को करीब से समझने वाले नौकरशाह भी मान रहे हैं कि इन घोषणाओं पर अमल का सीधा असर प्रदेश सरकार के वित्तीय अनुशासन पर पड़ेगा। प्रदेश का राजस्व व्यय बढ़ेगा। इसकी पूर्ति के लिए सरकार को राजस्व (आय) बढ़ाना पड़ेगा। इसका असर जनता की जेब पर पड़ेगा।

### सालाना 20 से 30 हजार करोड़ का भार होगा राज्य को

कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों की घोषणाओं पर अमल की स्थिति राज्य बजट पर सालाना 20 से 30 हजार करोड़ रुपये का भार बढ़ जाएगा। किसानों की कर्ज माफी के लिए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जरुरत पड़ेगी। महिला समूहों का कर्ज 250 करोड़ के आसपास होगा। 3.55 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को हर साल 10 हजार रुपये देने के लिए हर साल 355 करोड़ रुपये की जरुरत पड़ेगी। धान के लिए लगभग 10 हजार करोड़ की जरुरत होगी। महिलाओं को हर साल 15 हजार रुपये बांटने के लिए हर साल 8 से 9 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। प्रदेश में लगभग 12.94 लाख परिवार तेंदू पत्ता एकत्र करते हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण के एवज में इन्हें 517 करोड़ रुपये बोनस के रुप में 776 करोड़ रुपये और देना पड़ेगा। रसोई गैस पर सब्सिडी पर अन्य योजनाओं पर खर्च इसके अतिरिक्त है।

### राजस्व आय के स्रोत बढाने हेतु करो मे वृद्धि की बनेगी संभावना

छत्तीसगढ़ में ईधन (पेट्रोलडीजल व अन्य), बिजली, शराब और जमीन के पंजीयन (रजिस्ट्री) पर उपकर या सेस वसूल रही है। सेंट्रल गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) लागू होने के बाद प्रदेश सरकार के पास टैक्स लगाने की गुंजाइश लगभग समाप्त हो चुकी है। ऐसे में प्रदेश सरकार अपना राजस्व बढ़ाने के लिए कुछ जगहों पर उपकर लगा सकती है। बजट के जानकारों के अनुसार सरकार गौण खनिज (रेत, बजरी, साधारण मिट्टी, ग्रेनाईट, कंकड़, इमारती पत्थर, जिप्सम और ईट आदि शामिल है) पर टैक्स बढ़ा सकती है। बिजली और शराब से भी राजस्व बढ़ाने पर सरकार विचार कर सकती है। सरकारी जमीनों को बेचकर भी राजस्व जुटाने का प्रयास कर सकती है सरकार।

### राज्य के उपर लगातार बढता कर्ज का भार

छत्तीसगढ़ देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है जहां की सरकार वित्तीय अनुशासन का पूरा पालन करती हैं। इसके बावजूद प्रदेश सरकार पर कर्ज का भार लगातार बढ़ रहा है। इसी वर्ष जुलाई में संपन्न हुए विधानसभा के सत्र के दौरान सरकार की तरफसे दी गई जानकारी के अनुसार 30 जून 2023 की स्थिति में सरकार पर 86264 करोड़ का कर्ज है। पांच महीने में 3 से 4 हजार करोड़ रुपये का कर्ज और बढ़ा है। अनुमान यह है कि कर्ज की राशि बढ़कर अब 90 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। इस के एवज में सरकार हर साल एक बड़ी राशि ब्याज के रूप में भरना पड़ रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) में सरकार ने 5819.81 करोड़ रुपये ब्याज भरा है।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक



पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना के अंतर्गत ग्राम लंबर में मासिक बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सर्वप्रथम सरस्वती बंधन तथा पूजन ईश्वर प्रार्थना किया गया। बैठक में पंहुचे पेंशनरों का गुलाल चंदन तथा अंग वस्त्र द्वारा गुलाब सिंह तोमर द्वारा स्वागत किया। पेंशनर रघुराम पटेल द्वारा स्वरूचि भोज का आयोजन किया। इसमें प्राचार्य मय स्टाफ तथा छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। मंचासीन अध्यक्ष भगवान प्रसाद सेठ, रविलाल पटेल, रासबिहारी प्रधान, बालेश्वर प्रधान, राधेश्याम त्रिपाठी थे। नए सदस्यों में राजकुमार पटेल, टिकेलाल लाल बेहरा, धनुर्जय पटेल का स्वागत किया गया। 75 वर्ष पूर्ण होने पर सुभाष साहू, मिलनसिंह खरे,का स्वागत किया गया। पेंशनर भवन का श्रेय डॉ संपत अग्रवाल को जाता है। जिन्होंने भूमि से लेकर आर्थिक सहयोग तक पहले शुरुआत किया। तत्पश्चात पेंशनरों ने एक से एक बढ़कर भवन निर्माण में आर्थिक सहयोग देते आ रहे हैं। पेंशनरों द्वारा आर्थिक सहयोग के साथ भवन में आवश्यक वस्तुओं का सहयोग कर रहे हैं। पेंशनर भवन में पानी, बिजली, कुर्सी, पंखा आदि पूर्णता की ओर है। इससे प्रभावित होकर बालक राम भोई द्वारा 31 हजार रुपए और एक सीलिंग पंखा तथा टिकलाल बेहरा द्वारा 11 हजार रुपए एवं विशंभर द्वारा 10 कुर्सी देने की घोषणा किए। कार्यक्रम संचालन करते हुए वैष्णव पात्र ने कहा कि जिन सदस्यों द्वारा वार्षिक शुल्क एवं भवन सहयोग हेतु घोषित राशि नहीं दिए हैं। उन्हें देने की अपेक्षा की है। अगला मासिक बैठक 9 दिसंबर शनिवार को अपरान्ह 2 बजे पेंशनर भवन बसना में आयोजित होगा। उद्बोधन में राजबिहारी प्रधान, युधिष्ठिर कर,रघुनाथ पटेल, कमल लोचन प्रधान प्राचार्य दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर, रंजीत पटेल, भगवान प्रसाद सेठ, तथा अन्य साथियों ने किया। गुलाबसिंह तोमर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम समारोह में रवि लाल पटेल, बालेश्वर प्रधान, राधेश्याम त्रिपाठी, रघुराम पटेल, राजबिहारी प्रधान, गुलाबसिंह तोमर, गोवर्धन बिशी, शोभाराम साव,संतराम सारथी, विश्वनाथ पटेल, डमरूधर सिदार, मोहनलाल पटेल, श्यामसुंदर साहू, राजकुमार पटेल, वीरेंद्र सेठ, धनुर्जय पटेल, रविंदर सेठ, सुखी राम, सुभाषचंद्र साहू,डी एल राय, हेतराम पटेल, गोकुलचंद नायक, युधिष्ठिर कर, के प्रधान वैष्णव पात्र, विशाल,कमललोचन प्रधान, सुधाकर बारीक, टिकेलाल बेहरा, मिलन सिंह खरे, त्रिविक्रम प्रधान, रविशंकर विशाल, गुलाबकिशोर स्वर्णकार, बालकराम भोई उपस्थित रहे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रवक्ता गुलाब किशोर स्वर्णकार द्वारा दी गई है।

# अमृत वाणी से गुंजा गुरूद्वारा, संगत हुई निहाल

## पूज्य सिंधी व सिक्ख समाज ने धूमधाम से मनाई गुरूनानकदेव जी की 554वीं जयंती





पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर में सोमवार को पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिख समाज के तत्वावधान में गुरूनानक देव जी के 554वीं जयंती प्रकाश पर्व पर अलग-अलग प्रभात फेरी नगर कीर्तन के साथ निकाली गयी। पंच प्यारो के अगुवाई में निकाले गये नगर कीर्तन में भव्य सुसज्जीत रथ पर स्थापित गुरूग्रंथ साहब की पालकी का जगह-जगह सभी धर्म एवं समाज के लोगों ने स्वागत किया तथा पंच प्यारो से आशीर्वाद लिया। सुबह सिंधी गुरूद्वारे से निकाली गयी प्रभातफेरी नयापारा, संतकंवर राम कालोनी, नया बस स्टैण्ड, गणेश चौक, बजरंग चौक, अम्बेडकर चौक, सिंधी कालोनी पुरानी बस्ती, नेहरू चौक, गांधी चौक होते हुए वापस गुरूद्वारे पहुंची। तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे भोग साहब एवं दोपहर 1.30 बजे लंगर किया गया। सिंधी समाज द्वारा सुबह समाज के युवक एवं युवतियों द्वारा प्रभातफेरी व बाईक रैली निकाली गयी। पाठ साहब की समाप्ति के बाद शब्द कीर्तन व रात्रि में जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया।

### शाम को निकली सिख समाज की शोभायात्रा

सिख समाज द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रम नया बस स्टैण्ड महामाया मंदिर के पीछे स्थित नया गुरूद्वारा में किया गया, वहीं प्रभातफेरी सुबह 4.00 बजे, पाठ समाप्ति दोपहर 1.00 बजे, गुरू का लंगर दोपहर 1.30 बजे व शोभायात्रा शाम 3.30 बजे निकाली गयी। रात को गुरूद्वारे में जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सिंधी समाज के प्रताप राय, अशोक मेघराज पंजवानी, विष्णु दुलानी, ओम पंजवानी, ईश्वर हरिरमानी, दिलीप रोहरा, इंदू पंजवानी, अशोक माधोमल पंजवानी, चन्द्रपाल परसवानी, ओम देवनानी, विष्णु दुलानी वही सिख समाज से अध्यक्ष इंदरसिंह सलूजा, बलविन्दर सिंह पनेसर, सेवक सिंह सलूजा, राजू सलूजा, दलजीत सिंह चांवला, अमरदीप चांवला, जीमी सलूजा, संजीत चांवला सहित आदि शामिल थे।

# रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ खरोरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी ,रायपुर द्वारा रेड रिबन क्विज कॉम्पिटिशन 2023 का आयोजन गुरुकुल महिला महाविद्यालय कालीबाड़ी रायपुर में किया गया।इस प्रतियोगिता में भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरोरा की टीम जिसमें प्रदीप बाँधे व अनीस सेन सम्मिलित थे .द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन मार्गदर्शन में व्याख्याता रीता रानी व रजनी त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में छात्रों ने यह उपलब्धि हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।ज्ञातव्य हो कि सर्वप्रथम जिला स्तरीय लिखित परीक्षा आयोजित किया गया जिसमें रायपुर जिला के छियालीस विद्यालय फरफौड, गुल्लू, खोरपा, चपरीद, चरौदा, सकरी, अल्दा, बकतरा, खोरसी,परसदा पलौद, राखी, सिलतरा, गनौद मोहरेंगा, बरबन्दा, कुरूद कुटेला, तोहड़ा, कोरा सी, किरना परसतराई, संतोषी नगर, बनगोली, असौन्दा, सरोरा, समोदा, डुंडा, निमोरा, देवरी, खमतराई, परसदा वी एम, चिखली, बनरसी, तरपोंगी, मानिकचौरी, सकरी, गोंड पारा, नेवरा खरोरा, संकरा, उपरवारा, कुररू, कोसरंगी, सतभवां,, बड़गांव विद्यालय के टीम से जिला स्तर पर लिखित परीक्षा में तीन विद्यालय का चयन किया गया। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा प्रथम स्थान पर रहा। राज्य स्तर पर प्रतिभागी विद्यालयों में भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा, शंकरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई, डी पी एस भिलाई,बालाजी स्कूल भिलाई,, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी, सकरी, बंगोली,टोहड़ा, उपरवारा आदि विद्यालय प्रतिभागी थे।जिनमें राज्य स्तरीय विजेता विद्यालय में प्रथम शंकरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई, द्वितीय भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरोरा व तृतीय डी पी एस भिलाई की टीम रही।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ओरल तीन राउंड में समाप्त हुई।तीसरे राउंड में माइनस मार्किंग थी,विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व 2500 रुपये का चेक प्रदान किया गया।छात्रों प्रदीप बाँधे व अनीस सेन की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त व्याख्याता, शिक्षक ने बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शिव लाल मेहता स्कूल मे अध्ययनरत रहे छात्रों ने गुरु सम्मान का दिखाया अनुकरणीय पहल

## 25 साल पहले जिस स्कूल मे पढे उस स्कूल के सभी शिक्षकों आमंत्रित कर किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शिवलाल मेहता स्कूल स्कूल मे पूर्व मे अध्ययन रत रहे छात्र द्वारा रविवार को उक्त स्कूल मे पढाये गये पूर्व व वर्तमान शिक्षकों का शिक्षक सम्मान व छात्र स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जहाँ लगभग 30 से शिक्षक जो सेवानिवृत्त हो गये है व वर्तमान मे है दूर दराज से आकर उक्त गरिमामय कार्यक्रम मे सम्मलित हुये व अपने शिक्षक जीवन के यादगार पलों का उदगार व्यक्त कर उपस्थित छात्रों को अपने स्नेह देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किया कार्यक्रम के उदबोधन मे शिक्षक बल्देव भारती ने कहा की ऐसे कार्यक्रम होते रहना चहिये क्योंकि इससे मानसिक व बोध्दिक विकास होते है और पुराने अपने लोगों को जुडने का अवसर प्राप्त होता है। शिक्षक त्रिवेदी ने कहा की यह आयोजन हमे गौरान्वित करने वाला है इस कार्यक्रम के आयोजक बधाई व स्नेह के पात्र है वरिष्ठ शिक्षक आर.के. वर्मा कई वर्षो के बाद ऐसा अवसर आया जिससे हमे अपने विद्यार्थियों व हमारे समय के शिक्षकों से रुबरु होने का अवसर प्राप्त हुआ अपने संस्कृति व गुरु परम्परा को आगे बढाने की अनूठा परम्परा ऐसे ही बनाये रखे मेरी कामना है शिक्षक सीएल अग्रवाल ने गणित व अँग्रेजी के शिक्षक रहे दिवंगत डीएस ठाकुर को याद करते हुये कहा यह वृहद आयोजन अच्छे संस्कार को लेकर सराहनीय है जिनका सम्मान करते है वास्तव मे ऊनका भी सम्मान होता है जो इस कार्यक्रम के आयोजक है हिन्दी साहित्य के व्याख्याता रहे डी.पी. तिवारी ने अपने प्रखर उदबोधन मे उपस्थित लोगों एक संदेश व प्रेरणा देते हुये कहा चरित्र व प्रेम को निखरना चहिये अगर हमे सफ्ल होना है तो समझ होना जरूरी होता ईमानदारी से काम करने से खुद सकून मिलता व एक दूसरे से मिलकर कार्य करते हुये समाज को जोडकर चलते तो निश्चित रुपी से हमे सफलता मिलती है आदमी उम्र से बूढा नही होता वह मन से बूढा होता है समय के गति के साथ अपने को जवान बनाये रखे जिसको गम का जहर पीना आ गया समझो उसे जीवन जीना आ गया हम सबको ऊर्जा शाक्ति से भरा जीवन जीने का प्रयास करते रहना चहिये सदैव अपने को जवान महसूस करते रहो व बहते हुये तरोताजा नदी की तरहा गति के लिये चरण चहिये और प्रगति के लिये आचरण का होना भी जीवन मे सबसे महत्वपूर्ण होता है शिक्षक बिसेन ठाकुर उपस्थित अपने पढाये छात्र छात्राओं को सम्बोधित कर कहा की जीवन मे सुख शांति व सफ्लता के लिये सदैव हमे अपने गुरुजन व पिता का आदर करते रहना चहिये हिन्दी के शिक्षक रहे। जी.आर. वर्मा ने शिव लाल मेहता स्कूल संस्कारी स्कूल के नाम से जाना जाता है यह पर जो कि अनुशासन व नियम के साथ सुन्दर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से भरा स्कूल था। 2007 मे रिटारमेंट हुये पर मेरा कार्यकाल सदैव गौरान्वित करने वाला रहा मेरे पढाया विद्यार्थी सदा प्रगति करते रहे शुभकामनाएं दिया गणित मे निपुण तरीके से पढाने व कमजोर विद्यार्थियों को गणित के विषय मे होशियार छात्र बनाने मे निपुणता रखने वाली भाटे मैडम ने कहा की वह 1988 मे कार्यभार संभाला। गणित व साइंस अच्छे पढाने का प्रयास किया और शाला प्रबंधन से सहयोग भी मिले शाला टाटीबंध रायपुर मे प्राचार्य बनने के बाद विद्यार्थियों के समुचित विकास की जवाबदारी थी संगठित होकर कार्य करे व सामाजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास करते रहना चहिये राजनीति शास्त्र की शिक्षक सीमा श्रीवास्तव ने उक्त कार्यक्रम के जरिये भाव विभोर होते हुये कहा की बिछडो को जो मिलाने का कार्य किये वे सराहनीय है भाव विचार व कल्पना मनुष्य को मनुष्यता प्रदान करता है और यहाँ अनूठा आयोजन अनुकरणीय उदाहरण है विद्यार्थी जीवन मे छात्र व शिक्षा दोनो एक दूसरे के पूरक होते है,इस कारण दोनो मे तालमेल व सामंजस्य बना रहना अतिमहत्वपूर्ण होता है शिक्षक नंदलाल वाजपेयी हमारे पढाये विद्यार्थियों अपने योग्यता व प्रतिभा से समाज को सदैव प्रकाशवान करते रहे वही उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों व सम्मानित अतिथियों को भाव विभोर करने वाली प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किये शिक्षक व तात्कालीन समय मे प्राचार्य रहे शर्मा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सकरात्मक सोच के साथ सदा अपने जीवन मे सदैव समाज के लिये ऊर्जावान रहने का आशीर्वाद दिये वही शिक्षकों मे विशेष रुप से डी के तिवारी, एन पी वर्मा, एस के भृगु, एफआर सोनी, एम के श्रीवास्तव, जे एस भारती, पी के मिंज यमुना आडील, जी आर वर्मा, बी एल शर्मा, बी एल साव और विशेष अतिथि के रूप में बी एस भारती और आर पी पटेल रहे कार्यक्रम के अंत मे शिक्षक व प्राचार्य रहे जे.एल. वर्मा को याद किया गया व पान्डेय व डीएस ठाकुर को भी याद कर श्रध्दांजलि दी गई उक्त कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह राजपूत के द्वारा किया अंत मे उपस्थित सभी वरिष्ठ शिक्षकों को शाल श्रीफ्ल मेमेंटो व हरा भरा पौधों से भरा गुलदस्ता सौपकर सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने में विजय पांडेय, नारायण साहु, दुर्गेश कुमार यदु, आशीष मिश्रा, वासुदेव साहू चन्द्र कांत यदु जय प्रकाश शर्मा विनय ठाकुर मोनू मल मुफ्द्दल हुसैन जितेंद्र, सुनीता, मंजू, सकीना, मीनू, गीता आदि लोगों का विशेष योगदान व उपस्थित रहे।

# मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण : कलेक्टर

- जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के माईक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुंवशी के निर्देश पर आज जिले की तीनों विधानसभाओं सिहावा, कुरूद और धमतरी के मतगणना संपन्न कराने वाले माईक्रो आर्ब्जवर, गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों को आज स्थानीय डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण का अवलोकन करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों से कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी, जिसमें आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। मतगणना प्रक्रिया के दौरान आप सभी गंभीरता के साथ काम करें। किसी प्रकार की दिक्कत आने पर अपने उच्चाधिकारी को इसकी जानकारी देवें। उन्होंने बताया कि जिले की तीनों विधानसभाओं में हुए निर्वाचन की मतगणना रूद्री स्थित भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज में होगी। मतगणना स्थल में 3 दिसम्बर 2023 को गणना अभिकर्ताओं को सुबह 7 बजे प्रवेश दिया जाएगा। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोक्तिमा यादव, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, एसडीएम कुरूद सोनाल डेविड, एसडीएम सिहावा गीता रायस्त, नगर निगम आयुक्त विनय पोयाम, डीईओ बृजेश बाजपेयी के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में मास्टर टेऊनर्स ने माईक्रो आर्ब्जवर, गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों को बताया कि मतगणना पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम परन्तु सबसे संवेदनशील चरण है., इसलिए काम सरल होने के बावजूद आपको इसे अत्यंत गंभीरता से लेना चहिये। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना विधि एवं प्रक्रिया, विधिक प्रावधान, सामान्य अनुदेश, मतगणना के दौरान ध्यान दी जाने वाली बातें, मतों की गणना, डाक मतपत्रों की गणना, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, एवं निर्वाचक अधिनियम, डाक मत के निरस्त, अमान्य होने का आधार, घोषणा पत्र 15 ए अभिप्रमाणन वैद्य है, यदि डाक मतपत्र सामान्य अविधिमान्य होगा, मशीनों से मतगणना के दौरान ध्यान दी जाने वाली बातें, मतगणना के दौरान पालन किये जाने वाले नियमों, मतगणना के दौरान की जाने वाली कार्यवाही, मतगणना केन्द्र की आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्र में की गयी सुरक्षा व्यवस्था, गणना हॉल में पालन किये जाने वाल अनुशासन एवं शिष्टाचार, सीयू में रिजल्ट बटन दबाने पर प्राप्त होने वाले विकल्प, मतगणना परिणाम प्राप्त करने की विधि के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना कक्ष में की जाने वाली कार्यवाही, वीवीपीएटी पर्ची से मतगणना, मतगणना के दौरान की जाने वाली कार्यवाही और ध्यान दिये जाने वाले बिंदुओं के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मतगणना प्रक्रिया के दौरान भरे जाने वाले आवश्यक प्रपत्र, परिणाम, माईक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति और उनके कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

# मानस सक्ति केंद्र खैरा का दिवाली मिलन संपन्न



पायनियर संवाददाता ⮜ कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com

मानस शक्ति केंद्र खैरा का दीवाली मिलन ग्राम सिंधौरी कला में भगवान श्री रामचंद्र जी की छायाचित्र पर पूजन वंदन,पुष्प माला से पंडित जगजीवन प्रसाद मिश्रा के मंत्र उच्चारण से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति अर्जुन पुरी गोस्वामी, एचडी साहू मानस शक्ति केंद्र खैरा के अध्यक्ष लोकेश्वर सिन्हा, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र साहू, सरपंच भानु प्रताप साहू के मुख्य अतिथि में पूजन वंदन के कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात मानस गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम पुष्प के रूप में युवराज सिंह कन्हारपुरी, द्वितीय पुष्प के रूप में प्रेमलाल साहू गुदगुदा एवं तृतीय वक्ता के रूप में डॉक्टर लोकेश साहू खमरिया, चतुर्थ वक्त के रूप में नरसिंह साहू चिरपोटी के द्वारा वक्तव्य प्रदान किया गया। अर्जुन पुरी गोस्वामी जीए एचडी सर का उद्बोधन हुआ, बीच.बीच में भजन कार्यक्रम मनीराम साहू खिलेश्वर प्रसाद साहू जी बानगर ,मनोज कुमार साहू मोंगरा के द्वारा भजन में संगीत में सहयोग प्रदान किया गया। इसी क्रम में मानस के पुरोधा रामायणी के द्वारा प्रवचन किया गया जिसमें खूबलाल साहू, कोदूराम चंद्राकर चंपालाल साहू, महेंद्र कुमार साहू, लोमश साहू , वक्ताओं ने शुभ संदेश हमारे मानस प्रेमी जनों को आशीर्वचन प्रदान किया इस आयोजन को विशेष रूप से सफल बनाने में मानस शक्ति केंद्र मरौद के सचिव पुष्पा चंद्राकर एशांता देवी साहू सिंधौरी खुर्द एवं उमरगांव नगरी से आए हुए हेमलता साहू ने इस आयोजन की सफलता के लिए 1000 सहयोग प्रदान कर शक्ति केंद्र को सम्मान प्रदान किया। इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष रूप से सहयोग प्रदान किए हैं जितेंद्र साहू चंद्रकांत मिश्रा द्वारा संचालन किया गया। सभी अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी की ब्यवस्था गजेंद्र साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुलाप साहू, चंद्रिका प्रसाद चन्द्राकर ,रामचंद पटेल ,प्रेम चंद साहू, प्रदीप साहू, ईश्वर साहू ,लोमश साहू ,कमलेश साहू ,हेम लाल यादव ,रमेश दीवान ,इंदल साहू ,शेखन साहू ,मनी राम साहू ,चुरामन साहू ,सियाराम हेमरॉज साहू ,शान्ता साहू ,शेखन साहू ,नरेश पटेल, श्याम लाल पटेल ,सोमदत्त साहू, नंद कुमार साहू ,भुनेश्वर पटेल के साथ तुलसी चर्चा मानस परिवार व दंतेश्वरी मानस मंडली के साथ बहुत संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# चैतन्य पब्लिक स्कूल में आनंद मेला का हुआ आयोजन स्कूली बच्चो ने लगाया खाने पीने की चीजों को स्टॉल





पायनियर संवाददाता ⮜ पोंडी
www.dailypioneer.com

पोंडी के चैतन्य पब्लिक स्कूल ने सोमवार के दिन आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमे आस पास के ग्रामीण आनंद मेला का आनंद लेने के लिए स्कूल पहुंचे।इस दौरान स्कूली बच्चो ने भी अपनी प्रतिभाएं दिखाई, कार्यक्रम का नाम प्रयास रखा गया जिसमे स्कूल के छोटे छोटे बच्चो ने विभिन्न व्यंजनों के 45 स्टॉल लगाए जिसमे खुद स्कूल के बच्चो से सहित आस पास के ग्रामीणों ने पहुंचकर स्कूली बच्चो द्वारा लगाए गए व्यंजनों के स्टाल में पहुंचकर खरीदी भी किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर किया।जिसके बाद आनंद मेला का प्रारंभ हुआ जिसमे स्कूली बच्चो ने विभिन्न व्यंजन मोमोस, मैगी, आलू गुंडा, शाही ब्रेड पकोड़ा, इडली, गुलाबजामुन, चाउमिन, समोसा सैंडविच का स्टाल लगाया जिसमे जमकर खरीदी हुआ । इसके साथ साथ विज्ञान से जुड़ी ज्ञान देने के लिए विज्ञान के आधुनिक उपकरणों का भी स्टॉल लगाया गया जिसमे माइक्रो स्कॉप जैसे उपकरणों से विज्ञान की जानकारियां दिया गया वही स्कूल की छोटी छोटी बच्चियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली बनाया जिसमे प्रदर्शित किया गया की बेटी को बचाया जाए और उनको एक अच्छी शिक्षा दिया जाए जिससे बच्चियां देश का नाम रोशन का पाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप शांतिलाल साहू, इतवारी साहू,संजय यादव,सरपंच प्रतिनिधि नंद कुमार कुर्रे, पत्रकार वेद साहू, रवि निषाद, प्राचार्य बलदेव साहू, सुदर्शन साहू, हेडमास्टर भरत साहू,मैनेजर विष्णु यादव, उप संचालक चैतन्य यादव, स्कूल स्टाफ धनेश्वरी यादव,पूनम दास साहू, सांध्य नामदेव, श्रिया गुप्ता, तनु नामदेव, पेखन मरावी, दीपक धुर्वे, गुमलेश यादव सहित स्कूल शिक्षकगण और स्कूली बच्चे रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान और दीपदान

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नदियों के संगम क्षेत्र से लगे शिवनाथ नदी जोधरा घाट संगम क्षेत्र में लगे नदियों मडई में जन सैलाब उमड पड़ा इस बार भोलेनाथ का वार सोमवार पड़ा लिहाजा दर्शनार्थियों की अपार भीड़ मंदिर में दिखाई दी सुबह लोग स्नान कर दीपदान किया इस बार नदी के बीच से पैदल चलते हुए लोग आते रहे नदी का लंबा चौड़ा भाग दर्शनार्थियों और पिकनिक मनाने वालों का डेरा भी देखने को मिला हिंदू धर्म में पूर्णिमा का बेहद खास महत्व बताया गया है और कार्तिक पूर्णिमा तो सबसे ज्यादा शुभ मानी जाती है क्योंकि इस दिन गंगा स्नान भी होता है, साथ ही गुरु नानक जयंती भी है. हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को कार्तिक पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है. पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपने पूरे आकार में होता है. हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पूर्णिमा के दिन दान, स्नान और सूर्यदेव को अर्घ्य देने का बेहद खास महत्व भी बताया गया है. इस दिन सत्यनारायण की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान शिव ने राक्षस त्रिपुरासुर का संहार किया था, इसलिए इस तिथि को त्रिपुरा तिथि के नाम से भी जाना जाता है.

शनि मंदिर में भी धूमधाम से मनाया गया गौरव पथ पर महिलाओं द्वारा दीप क्रमबद्ध जलाया गया।

# बारिश से हुआ जनजीवन अस्त व्यस्त मौसम की मार से कुंडा बाजार हुआ सुनसान



पायनियर संवाददाता ⮜ कुंडा,
www.dailypioneer.com

क्षेत्र के प्रसिद्ध कुंडा के सब्जी बाजार सुबह से ही रुक रुक कर बे मौसम बारिश से शाम तक बिल्कुल सुना रहा सब्जी,फल व्यापारी सुबह से खाली बैठे रहे इस बारिश से क्षेत्र के गन्ना काटने में लगे किसान भी खाली रहे साथ ही यदा-कदा गुड उद्योग संचालित होना शुरू हो गया था जो गन्ना के भूसी के भीग जाने से गुड उद्योग भी बुरी तरह से प्रभावित रहा कुंडा के फल व्यापारी प्रदीप, रजक सब्जी व्यापारी मोहन मानिकपुरीसे पूछने पर बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है जब शाम तक मुश्किल से दो चार ही ग्राहक सब्जी मार्केट में नजर आए बेमौसम बारिश ने हजारों किसान एवं सैकड़ो सब्जी व्यापारियों का आशा से विपरीत परिणाम दिया साथ ही साथ हजारों गुड उद्योग के किसान भी इस बेमौसम बारिश से बुरी तरह प्रभावित रहे इससे सभी लोग प्रभावित हुए।

# प्राथमिक शाला में आंवलातरी का आयोजन बच्चों ने पूजा स्थल को रंगोली व फूलों से सजाया



पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला मुंधा में आँवलातरी का कार्यक्रम रखा गया। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं प्रधान पाठक के द्वारा तुलसी वृक्ष, आंवला वृक्ष एवं शालिग्राम की पूजा अर्चना चंदन, तिलक ,धूप ,अगरबत्ती, फल, फूल नारियल चढ़ाकर किया गया। बच्चों द्वारा पूजा स्थल को रंगोली और फूलों से सजाया गया। पंडित महाराज द्वारा माता तुलसी ,आंवला वृक्ष की मंत्र उपचार से वातावरण को भक्ति मय बना दिया। गांव की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति के लिए आह्वान किया गया। बच्चों के ज्ञानवृद्धि एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए वृक्षों की फेरा लगाकर मनोकामना किया गया। सामूहिक महाआरती पाठ कर भोग चढ़ाया गया। भंडारा प्रसाद ग्रहण कर बच्चे खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगत राम श्रीवास, प्रधान पाठक शीला विश्वास,सहायक शिक्षक हीरा राम पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री यादव ,पुष्पा नायक, समस्त सदस्य, ग्रामवासी एवं प्यारे बच्चे उपस्थित रहे।

# सिप अबेकस के नेशनल प्रॉडिजी में 7 छात्र को परफॉर्मेंस अवार्ड

पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सिप अकादमी का 20 वां नेशनल प्रॉडिगी का आयोजन 26 नवंबर को हैदराबाद में हुआ जिसमें सरायपाली सेंटर से 9 छात्रों ने स्टेट हेड गुरमीत सिंह चावला के मार्गदर्शन एवं सरायपाली सेंटर के एलसीएल राखी पाणिग्राही के निर्देशन में भाग लिया।इस प्रतियोगिता में सेंटर के अहद अमन ने लेवल 4 में थर्ड रनर अप का खिताब जीतकर अपने माता-पिता एवं अबेकस सेंटर का नाम रोशन किया। अहद अमन, आदिल एवं नसरीन के सुपुत्र है । पिछले डेढ़ साल से अबेकस क्लास उन्होंने ज्वाइन किया है। इस प्रतियोगिता में सेंटर से पहली बार भाग लिया जिसमें 8 छात्रों ने खिताब अपने नाम कर सरायपाली सेंटर के अबेकस स्किल कोर्स की सफलता को साबित किया । सिप अबेकस के नेशनल प्रॉडिजी जो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है इस वर्ष 4700 अबेकस के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें इतनी संख्या के प्रतियोगिता में अहद अमन थर्ड रनर अप का खिताब हासिल कर एक इतिहास बना दिया। प्रतियोगिता में सरायपाली के 8 बच्चों ने अलग-अलग लेवल के खिताब को अपने नाम करते हुए अपने योग्यता से अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हुए अबेकस सेंटर के लिए भी एक इतिहास बनाकर वापस लौटे। लेवल 4 में थर्ड रनर अप की किताब जीतने वाले अहद अमन के साथ-साथ गगन बारीक, संध्या यादव, प्रकृति प्रधान, नमीश साहू ने परफॉर्मेंस अवार्ड की ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही फाऊंडेशन लेवल -2 से अर्श अग्रवाल, वेदिका अग्रवाल, पलक गिरी ने परफॉर्मेंस अवॉर्ड हासिल करते हुए अपने माता-पिता,परिवार तथा सेंटर का नाम रोशन किया पहली बार में ही सेंटर से 8 छात्रों ने खीताब जीतकर एक इतिहास रचते हुए 4700 छात्रों की प्रतियोगिता में अपनी योग्यता को साबित किया। अबेकस के एलसीएल राखी पाणिग्राही ने सभी बच्चों को बधाई दी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी लगाने व दीप दान करने श्रद्धालुओं का सैलाब

पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com



कार्तिक पूर्णिमा पर्व को धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने सुबह 4 बजे से उठकर तालाब, नदी नालों में स्नानकर दीप दान किया। वहीं दोपहर आंवला पेड़ के नीचे भोजन किया। कार्तिक पूर्णिमा के दिन प्रदोष काल में किसी नदी या तालाब में दीपदान करने का विशेष महत्व रहता है इसलिए इस दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 4 बजे से नगर के नालों या तालाब में दीप प्रज्जवलित करने सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था की एक डुबकी लगाने के लिए तालाबों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ था। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पानी में डुबकी लगाकर दीपदान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा सुबह तालाब के किनारे रेत का घर बनाकर उसमें ध्वज लगाकर भगवान विष्णु व शिव की पूजा अर्चना करने के पश्चात तालाब में दीप प्रवाहित किया गया। इसके अलावा कई लोग आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पूजा अर्चना के लिए विभिन्न धार्मिक स्थलों जैसे देवदरहा,नरसिंहनाथ, हरिशंकर आदि स्थानों पर भी गए हुए थे। इस बार शहर के दुकानों में दीपदान करने के लिए नए नए डिजाईनों के नाव बिक रहे थे। वहीं कुछ लोग अपने घरों में नाव बनाकर दीप प्रवाहित करने के लिए तालाबों में पहुंचे थे। लोगों ने प्रातः से उठकर घरों एवं तालाबों में स्नानकर पूजा किए उसके पश्चात दीपदान किए। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन दीप दान करने से घर में खुशहाली व सुख-समृद्धि आती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिल जाती है।

**महिलाओं ने बस्ती तालाब में किया दीप दान**-नगर के बस्ती सहित ग्रामीण अंचलों के तालाबों में सुबह से लोग पहुंचे थे। यहां लोगों ने कार्तिक पूर्णमा के अवसर पर नालों और तालाबों में स्नान कर दीप दान कर पूजा भी की। इसमें महिलाओं और युवतियों की संख्या अधिक थी। पिकनिक स्पॉटों में भी भीड़भाड़ देखी गई। सुबह से पहुंचे लोगों ने दिनभर वहीं बिताया। कई लोगों ने आंवला पेड़ के नीचे आंवला भोजन ग्रहण किया।

**7 घंटे लगातार सावन की झड़ी की तरह हुई बूंदाबांदी और बारिश, खेती किसानी का काम हुआ बंद**

# असमय बारिश से अंचल हुआ तरबतर, धान खरीदी प्रभावित

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सुबह लगभग 10:00 बजे से अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद अंचल में बूंदाबांदी के साथ असमय बारिश शुरू हो गई लगातार दिन भर बारिश से सामान्य जनजीवन पर भारी असर पड़ा वहीं खेती किसानी का काम पूरी तरह से बंद हो गया तथा धान खरीदी केंद्रों में बारिश की वजह से तौल प्रभावित था। बारिश के साथ-साथ ठंड बढ़ गया जरूरत मंद गर्म कपड़े में ही घरों से निकले लगातार बारिश की वजह से व्यापार व्यवसाय भी पूरी तरह प्रभावित हो गया। जिले के 129 धान खरीदी केंद्रों में बारिश की वजह से मंगलवार सुबह करीब 10:00 बजे के बाद तौल बंद हो गया था। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी चिंताराम रावटे ने बताया कि बरसात को देखते हुए सभी खरीदी केंद्रों में स्टेक किए गए धान में प्लास्टिक के कैप कर लगाए गए हैं, ताकि बारिश के पानी से धान को भींगने से बचाया जा सके। गांव गांव में धान फसल की कटाई बेमौसम बारिश के कारण बंद हो गया है।

पिछले लगभग 15 दिनों से लगातार अंचल में आंशिक बदली का असर बना हुआ था। किसान हार्वेस्टर के माध्यम से धान फसल की कटाई में लगे हुए थे बारिश के बाद से फसल कटाई के साथ ही साथ रबी फसल बुवाई भी प्रभावित हो गया है। किशन ठाकुर राम साहू ने बताया कि रवि फसल बोई गई है और बारिश के कारण किसी काम धाप हो गया है सरना धान की खेती आंचल में अधिक की गई है और बारिश के बाद कटाई बंद पड़ा हुआ है खेत खलियान तथा सड़क किनारे किस बड़ी संख्या में धान सूखने के लिए रखे हुए थे मंगलवार को सुबह बारिश के बाद से सभी किसान धान सहित समेटने में लगे हुए थे।

इस साल बेमेतरा जिले में देर से पकाने वाले सरण धान की खेती लगभग सवा लाख हेक्टेयर में की गई है जो कि अभी भी कटाई के लिए तैयार है, छोटे किसान जैसे तैसे अपनी उपज सहेज लिए हैं बड़े काश्तकारों के लिए बेमियादी बारिश कहर बन चुका है बारिश के बाद से खेती किसानी का काम पूरी तरह से बंद हो चुका है।

## 12 लाख 90 हजार क्विंटल धान फड़ में

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नोडल कार्यालय बेमेतरा के अनुसार जिले के अंतर्गत ब्रांच के 19 शाखाएं संचालित है । साजा,केहका ब्रांच के अंतर्गत 32844 क्विंटल, खंडसरा ब्रांच के अंतर्गत 1 लाख 1382 क्विंटल, खर्रा ब्रांच के अंतर्गत 49915, जेवरा के अंतर्गत 56844, ठेलका अंतर्गत 81152 थान खमरिया ब्रांच के अंतर्गत 42264 किवंटल, देवरबीजा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत 91728, दाढ़ी ब्रांच के अंतर्गत 76834 किवंटल, नवागढ़ ब्रांच के अंतर्गत 155047 किवंटल, नांदघाट ब्रांच के अंतर्गत 59954 क्विंटल, परपोड़ी के अंतर्गत 33 हज़ार 409, बेमेतरा ब्रांच के अंतर्गत 73042 क्विंटल, बेरला ब्रांच के अंतर्गत 81698 क्विंटल,बालसमुंद ब्रांच के अंतर्गत 86318, भिभौरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत 57067 क्विंटल ,मारो के अंतर्गत 29922, संबलपुर के अंतर्गत 94927 एवं साजा जिला सरकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत धान खरीदी केंद्रों में 29686 किवंटल धान स्टेक करके रखे गए हैं।

**बेमेतरा जिले के लिए येलो अलर्ट**-मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी चक्रवात के कारण मौसम में बदलाव हुआ है । मौसम विभाग ने चार जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है जिसमें राजनादगाव, कवर्धा, मुंगेली एवम बेमेतरा जिला शामिल है। बदली बारिश और गरज चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है। बेमेतरा में दिन का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड की गई और मौसम अत्यधिक सर्द हो जाने से ठंडी हवाएं चलने लगी है। मंगलवार की रात में तथा 29 नवंबर बुधवार को भी बारिश होने का अनुमान है । मौसम विभाग के द्वारा जारी किए गए अलग-अलग के पश्चात भी किसान अपनी मेहनत की कमाई कीमती उपज को सहेजने में लगे हुए थे।

# फ्री मेडिकल चेकअप कैंप में 450 मरीजों की जांच व दवाइयां वितरित



पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, श्याम सेवा समिति एवं कैट के तत्वाधान में 26 नवंबर को श्याम मंदिर अर्जुंड़ा में फ्री मेडिकल चेकअप एवं फ्री में दवाइयां की व्यवस्था की गई थी, जिसमें लगभग 450 से 500 मरीजों का फ्रीमें चेकअप किया गया, इस निशुल्क मेडिकल चेकअप शिविर में डॉक्टर निशांत देवता एवं उनकी टीम पहुंचे हुए थे, इलाज करवाने पहुंचे सभी लोगों के लिए श्याम मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, श्याम सेवा समिति एवं कैट के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सुरंग हादसा प्रतीक्षा बढ़ी

**उत्तरकाशी की सुरंग** में फंसे कर्मियों को अभी बाकी दुनिया से कट कर और ज्यादा समय बिताना पड़ेगा। विडंबना है कि उन तक पहुंचने के कुछ ही मीटर पहले मुख्य ड्रिलिंग मशीन इतनी टूट गई कि उसकी मरम्मत असंभव हो गई। अब उनके बचाव का प्रयास क्षैतिज रूप से सुरंग खोदने के बजाय ऊपर से सुरंग खोदने के माध्यम से हो रहा है। भले ही कोई इस क्षेत्र का विशेषज्ञ न हो, पर यह सवाल जरूर उठता है कि जब अधिकारी जल्दी से समस्या का समाधान करने की स्थिति में नहीं थे और वे इतनी तेजी से अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की सहायता भी नहीं प्राप्त कर सकते थे तब उन्होंने उन सारे विकल्पों पर एकसाथ काम क्यों नहीं किया जो उनके पास पहले ही दिन से उपलब्ध थे? यह कोई 'ट्रायल एंड एरर' वाला मामला नहीं था कि जब एक उपाय विफल हो जाता तभी दूसरे का प्रयोग किया जाता। अप्राकृतिक स्थितियों में धरती की सतह के बहुत नीचे 41 लोगों की जान फंसी है। वे खामोशी से बैठे हैं, धैर्य से प्रतीक्षा कर रहे हैं, कुछ कर नहीं रहे हैं, पर आशा-निराशा तथा जीवन-मृत्यु के बीच झूल रहे हैं। अधिकारियों को पहले ही दिन से उन तक सभी ओर से और पूरी ताकत से पहुंचने का प्रयास करना चाहिए था। यदि उनके अपने परिवारों के लोग फंसे होते और उनका अपना जीवन बचाव प्रयासों की जीवन्तता और तात्कालिकता पर निर्भर होता तो शायद ऐसा होता। लेकिन मामला ऐसा नहीं है, इसलिए बचाव में 15 दिन से अधिक समय लग गया है। बचाव प्रयासों में मुख्य सहायक अर्नोल्ड डिक्स ने कहा है कि कर्मियों को क्रिसमस तक बाहर निकाल लिया जाएगा। इसका अर्थ है कि अभी तीन सप्ताह का समय और लगेगा। इस बीच पानी के रिसाव और ठंडे मौसम से पहाड़ी क्षेत्र में फंसे कामगारों का जीवन लगातार कठिन होता जा रहा है।

इस हादसे से न केवल आपातकालीन चुनौतियों, बल्कि कार्यस्थल सुरक्षा तथा श्रम कानून लागू करने पर भी ध्यान जाता है। इस हादसे से अनेक सवाल खड़े होते हैं। पहला, भारी मशीनरी और खासकर ड्रिलर व डाइनामाइट के प्रयोग वाली परियोजनाओं को परिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में शुरू करने से पहले अवश्य ही पुनर्विचार करना चाहिए। दूसरा, यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसकी प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए? काफी समय बचाव कार्य की योजना बनाने तथा इस क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से संपर्क में बीत गया। यह विलम्ब सुरंग में फंसे श्रमिकों के लिए घातक हो सकता था। कार्यस्थल पर कामगारों की शिकायत है कि बड़ी भूमिगत परियोजनाओं के निर्माण में आपातस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक पलायन रूट और सुरंगों का निर्माण भी किया जाता है, पर इस मामले में उनकी योजना भी नहीं बनाई गई थी। तीसरा, इस हादसे की व्यापक जांच का आदेश दिया जाना चाहिए।


इसके साथ ही दुर्घटना की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्रवाई व आर्थिक जुर्माना लगाया जाना चाहिए। स्पष्ट है कि अपरिचित क्षेत्र में काम करने के लिए अधिकांशतः प्रवासी मजदूर लाए जाते हैं और उनको दैनिक आधार पर बहुत कम पैसे देकर लंबे समय तक काम कराया जाता है। इसलिए वर्तमान हादसे में फंसे कर्मियों और उनके परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए क्योंकि इस आपदा में वे अपनी किसी गलती से नहीं फंसे हैं। उत्तरकाशी के इस सुरंग हादसे को कामगारों की सुरक्षा सीखने के मामले में एक 'केस स्टडी' बनाया जाना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से इस मामले में हमारा रिकार्ड बहुत अच्छा नहीं है। हम दुर्घटनाओं से वे सबक नहीं सीखते हैं जो हमें सीखने चाहिए।

# भारतीय संविधान की रचना

## भारत ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया। दो साल, 11 महीने और 17 दिन बैठकों के बाद संविधान सभा ने संविधान को 26 नवंबर, 1949 को पास किया था।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक, भारत के पूर्व अतिरिक्त सचिव हैं)



26 नवंबर को पूरे देश ने 'संविधान दिवस' मनाया। इस समय संवैधानिक इतिहास की याद आना स्वाभाविक है। गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने के बाद भारत 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र देश बना और 26 जनवरी, 1950 को सप्रभु, लोकतांत्रिक गणतंत्र का संविधान लागू होने के साथ वह एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणतंत्र बना। लेकिन संविधान सभा ने 26 नवंबर, 1949 को दो साल, 11 महीने और 17 दिन बैठकों के बाद संविधान को पास किया था। लोकतंत्र का अर्थ 'कानून का शासन' है और संविधान देश का सर्वोच्च कानून तथा सभी कानूनों का मूल है। राज्य के अंगों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का जन्म संविधान से होता है, वे अपना अधिकार संविधान से प्राप्त करती हैं तथा संविधान के ढांचे के अंतर्गत अपने दायित्वों का निर्वाह करती हैं। इसलिए यह आवश्यक एवं इच्छित था कि स्वतंत्र भारत का अपना संविधान हो।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ही स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्र भारत के लिए संविधान की आवश्यकता पर जोर दिया था। महात्मा गांधी ने 1922 में ही जोर दिया था कि 'स्वराज ब्रिटिश संसद का मुफ्त उपहार नहीं होगा। यह भारत की पूर्ण आत्माभिव्यक्ति की घोषणा होगा जो संसद के कानून से अभिव्यक्त होगी।' जब यह स्पष्ट हो गया कि अंग्रेज अब ज्यादा समय तक हमें गुलाम बनाए रखने तथा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष को दबाने की स्थिति में नहीं हैं, तब 1946 में कैबिनेट मिशन ने एक संविधान सभा बनाने का निर्णय किया था जिसमें प्रांतीय लेजिस्लेटिव असेम्बलीज़ के माध्यम से 389 सदस्यों का चयन होना था। लेकिन देश के विभाजन के पश्चात संविधान सभा-सीए की संख्या घट कर 299 रह गई। सीए की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 को हुई जिसमें सच्चिदानंद सिन्हा को सीए का अंतरिम अध्यक्ष चुनाव गया। वरिष्ठतम सदस्य श्री सिन्हा 1910 से सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेम्बली के सदस्य थे।

11 दिसंबर, 1946 को डा. राजेन्द्र प्रसाद को सीए का पहला अध्यक्ष चुना गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने असेम्बली का उद्देशिका प्रस्ताव पेश करते हुए सीए की दृढ़ व पवित्र प्रतिज्ञा प्रकट की थी कि वह भारत को एक स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य घोषित कर उसके भावी प्रशासन के लिए एक संविधान बनाएगी। इस प्रस्ताव में घोषणा की गई थी कि 'संप्रभु स्वतंत्र भारत, उसके संघटक अंगों तथा सरकार के अंगों की सारी शक्तियां और अधिकार जनता द्वारा संचालित होंगे।' इसने 'भारत के सभी लोगों को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय, स्थिति व अवसर की समानता तथा विचारों, अभिव्यक्ति, धार्मिक विश्वास एवं पूजा की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने' की गारंटी दी थी। 14 अगस्त, 1947 को भारत विभाजन के साथ ही सीए एक संप्रभु संस्था बन गई। सीए की बैठकें सत्रों में हुईं। 9 दिसंबर, 1946 से 24 जनवरी, 1949 तक इसके कुल 12 सत्र हुए।

संविधान सभा-सीए के पांचवें सत्र की बैठक 14 अगस्त, 1947 को 11 बजे रात में हुई। वंदे मातरम गायन के बाद पंडित नेहरू ने अर्धरात्रि को अपना ऐतिहासिक 'ट्रिस्ट विध डिस्टिनी' भाषण देते हुए घोषणा की कि भारत जीवन और स्वतंत्रता में जाग गया है। उन्होंने संविधान सभा को याद दिलाया कि हमारी पीढ़ी के महानतम मनुष्य की इच्छा 'हर आंख से हर आंसू पोंछना है।' उन्होंने स्वीकार किया कि 'यह हमसे बहुत दूर हो सकता है, पर जब तक आंसू और पीड़ा रहेगी तब तक हमारा काम समाप्त नहीं होगा।' उन्होंने अपना भाषण इन पवित्र व गरिमामयी शब्दों से समाप्त किया, 'हमें स्वतंत्र भारत का वह आदर्श महल बनाना है जहां उसके सभी बच्चे पले-बढ़ेंगे।' आधी रात के बाद हर सदस्य ने शपथ ली वह स्वयं को भारत तथा उसकी जनता की सेवा के लिए समर्पित करेगा ताकि 'भारत की प्राचीन भूमि दुनिया में अपना उचित स्थान प्राप्त कर सके और भारत विश्व शांति तथा मानवता के कल्याण को आगे बढ़ाने में अपना स्वैच्छिक योगदान दे सके।'

संविधान सभा की बैठक पुनः 15 अगस्त, 1947 को दस बजे हुई। असेम्बली के अध्यक्ष डा. राजेन्द्र प्रसाद भारत के गवर्नर जनरल लार्ड माउंटबेटन तथा लेडी माउंटबेटन के साथ एक प्रदर्शन में संविधान सभा में आए। अध्यक्ष ने विदेशी सरकारों से प्राप्त मुबारकवाद के पत्र पढ़े। इसके बाद लार्ड माउंटबेटन ने असेम्बली को संबोधित किया। उनके भाषण की समाप्ति पर तोपों की सलामी दी गई तथा संसद भवन पर यूनियन जैक के स्थान पर हमारा तिरंगा फहराया गया। सीए में 17 प्रतिष्ठित महिला सदस्यों के साथ महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनयिक, प्रख्यात वकील, सामाजिक कार्यकर्ता तथा संवैधानिक विधि के विद्वान शामिल थे जो अपने समक्ष उपस्थित लक्ष्य की जटिलता और व्यापकता को समझते थे। प्रस्तावित संविधान के विभिन्न क्षेत्रों के लिए असेम्बली ने प्रमुख लोगों की अध्यक्षता में 22 समितियों का गठन किया। असेम्बली के संवैधानिक सलाहकार सर बी.एन. राव ने समितियों की विभिन्न रिपोर्टों तथा सीए की बहसों से संविधान का प्रारूप तैयार किया। इसमें 213 अनुच्छेद तथा 13 अनुसूचियां थीं। यह प्रारूप 29 अगस्त, 1947 को प्रारूप समिति को पेश किया गया। उसी दिन डा. अंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन किया गया था। समिति ने अगले दिन 30 अगस्त को अपना काम शुरू किया और उसकी 141 बैठकें की गईं। संविधान का प्रारूप अध्यक्ष को 21 फरवरी, 1948 को पेश किया गया और इसके बाद प्रांतीय सरकारों समेत अन्य से सुझाव प्राप्त करने के लिए वितरित किया गया।

इन सुझावों और टिप्पणियों पर प्रारूप समिति ने 23, 24 व 27 मार्च तथा 18 अक्टूबर, 1948 को विचार किया। प्रारूप समिति को स्वीकार्य सुझावों को संशोधित संविधान प्रारूप में शामिल कर अध्यक्ष को 26 अक्टूबर, 1948 को पेश किया गया। संविधान प्रारूप को सीए में 4 नवंबर, 1948 को डा. अंबेडकर ने एक ऐतिहासिक भाषण के साथ रखा। इसमें 316 अनुच्छेद व 8 अनसूचियां थीं। संविधान प्रारूप पर असेम्बली में बहस हुई तथा इसका 4 नवंबर, 1948 से 26 नवंबर, 1949 के बीच 114 बैठकों में अनिवार्य पाठ किया गया। कुल 7,365 संशोधन पेश किए गए, पर केवल 2,473 पर विचार कर उनको स्वीकार किया गया।

संविधान को पास कर, स्वीकार कर और 'हम भारत के लोग' द्वारा 26 नवंबर, 1949 को लागू किया गया। पास किए संविधान में 395 अनुच्छेद तथा 8 अनुसूचियां थीं। इसका अंतिम 12वां सत्र 24 जनवरी, 1949 को हुआ। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने एक बयान में कहा कि जन गण मन भारत का राष्ट्रगान होगा और भारत सरकार द्वारा अधिकृत परिवर्तनों के साथ वंदे मातरम राष्ट्रगीत होगा जिसने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसे राष्ट्रगान की तरह समान सम्मान दिया जाएगा। 24 जनवरी, 1950 को सीए ने डा. राजेन्द्र प्रसाद को निर्विरोध भारतीय गणतंत्र का राष्ट्रपति चुना जो 26 जनवरी, 1950 से प्रभाव में आया। उनके नाम का प्रस्ताव नेहरू ने किया तथा पटेल ने उसका समर्थन किया।

इसके बाद संविधान की तीन प्रतियां असेम्बली हाल में सभी सदस्यों के हस्ताक्षर के लिए रखी गईं जिनमें एक अंग्रेजी में हाथ से लिखी व चित्रकारों द्वारा सजाई गई, दूसरी प्रति अंग्रेजी में मुद्रित और तीसरी प्रति हिंदी में हाथ से लिखी थी। इस पर सबसे पहले राष्ट्रपति की इच्छानुसार प्रधानमंत्री नेहरू ने हस्ताक्षर किए और इसके बाद सभी 284 सदस्यों ने संविधान पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद राष्ट्रपति ने इन प्रतियों पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया तथा इसके बाद वंदे मातरम गाया गया। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने असेम्बली को 26 नवंबर, 1949 को सूचना दी कि विजिटर्स गैलरी में उस समय 53,000 लोगों को आने की अनुमति दी गई जब सीए संविधान पर विचार कर रही थी। सीए पर 22 नवंबर, 1949 तक 63,96,729 रुपये खर्च हुए।

भारत 26 जनवरी, 1950 को गणतंत्र बन गया और सीए ने स्वयं को 1952 में पहली संसद के गठन तक स्वयं को तदर्थ संसद में बदल दिया। खुशी की बात है कि सरकार 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मना रही है। इस निर्णय का जन्म संसद के दोनों सदनों की 26 नवंबर, 2015 की बैठकों में हुआ जो डा. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जन्म जयंती मनाने के लिए आहूत की गई थीं।

# चीन के मकड़जाल में फंसता मालदीव

> राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का क्षेत्र की भविष्य की गतिशीलता पर असर पड़ना तय है क्योंकि मुइज्जू ने अपना अभियान प्रो चाइना और इंडिया आउट की थीम पर चलाया

**के एस तोमर**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के द्वीपसमूह से सुरक्षा कर्मियों को वापस बुलाने के औपचारिक अनुरोध का उद्देश्य दीर्घकालिक रूप से चीन के लिए एक रणनीतिक स्थान बनाना हो सकता है, लेकिन विभिन्न मुद्दों के सहमत समाधानों पर चर्चा करने की उनकी तत्परता पड़ोसी (भारत) के साथ पुराने रिश्ते संरक्षण की आशा की किरण का संकेतक हो सकती है।

मुइज्जू द्वारा शुरू किए गए एक खुले चीन समर्थक चुनाव अभियान और बाद में विजेता के रूप में उभरने के बावजूद, एक नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने भारत से द्वीप से सुरक्षा कर्मियों को वापस लेने के लिए कहा, भारत ने सकारात्मक राजनयिक पहल के साथ जवाब दिया और केंद्रीय मंत्री किरेन रिज्जू को भाग लेने के लिए भेजा। नये राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में. भारत ने एक मैत्रीपूर्ण कदम उठाया क्योंकि यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी पहले नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के उनके दृष्टिकोण के अनुरूप था।

जनवरी 2022 में चीनी विदेश मंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिन्हें बढ़ावा मिलेगा क्योंकि मुइज़्ज़ी उन्हें लागू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। चीन इन समझौतों को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी ला सकता है जिसमें दोनों देशों के बीच आपसी वीजा में छूट और मालदीव के लोगों को 30 दिन की वीजा मुक्त यात्रा की अनुमति देना, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और सामाजिक, आजीविका और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास शामिल है। परियोजनाएं माले पर चीन से पिछले ऋणों का 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर बकाया है, जिसे देश की नाजुक अर्थव्यवस्था पर दबाव कम करने के लिए पुनर्गठित किया जा सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का क्षेत्र की भविष्य की गतिशीलता पर असर पड़ना तय है क्योंकि मुइज्जू ने अपना अभियान प्रो चाइना और इंडिया आउट की थीम पर चलाया था, इसलिए भारत वर्तमान मधुर संबंधों के जारी रहने की उम्मीद नहीं कर सकता है। दो देशों के बीच. भारत ने मालदीव के साथ व्यापार का विस्तार किया है और 2108 के बाद से कई परियोजनाएं शुरू की हैं जब सोलिह ने राष्ट्र के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था, जिसने अब्दुल्ला अमीन के बीजिंग समर्थक टेम्पलेट के अंत को चिह्नित किया था। मुइज्जू की पार्टी, पीपुल्स नेशन कांग्रेस को भारी चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है, जिसने देश की धरती से सैन्य टुकड़ियों की वापसी सुनिश्चित करने और भारत के पक्ष में झुके व्यापार को संतुलित करने का वादा किया है।

मालदीव हिंद महासागर में 1200 द्वीपों का एक समूह है जो पूर्व और पश्चिम के बीच मुख्य शिपिंग मार्ग है। मुइजू ने इंडिया आउट अभियान पर ध्यान केंद्रित किया था और छोटे भारतीय सैन्य कर्मियों और निगरानी सैन्य विमानों को वापस भेजने का वादा किया था जो चीनी उपस्थिति के लिए जगह खोलेगा। दूसरा, मालदीव के किनारे महत्वपूर्ण समुद्री लेन संचार के साथ चीनी समुद्री और नौसैनिक गतिविधियों की निगरानी के लिए मालदीव-भारत रक्षा सहयोग से संबंधित एक समझौता खतरे में पड़ सकता है क्योंकि ड्रैगन मुइज़्ज़ी के तहत इसमें तोड़फोड़ करना चाहेगा।

तीसरा, चीन के स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स में नाशपाती (मालदीव) के शामिल होने के बाद चीन की बढ़ी हुई उपस्थिति मजबूत होगी। (मोतियों की माला% शब्द उन क्षेत्रों को दर्शाता है जहां चीन अपने अड्डे विकसित कर रहा है, जिसे %मोती% कहा जाता है। जो चीनी प्रांत हैनान द्वीप से ग्वादर तक फैला हुआ है।) मालदीव भारत के साथ सौदेबाजी के लिए चीन कार्ड का उपयोग कर रहा है लेकिन नए राष्ट्रपति ड्रैगन की प्रत्यक्ष भागीदारी की अनुमति दे सकता है।

चौथा, सी लेन ऑफ कम्युनिकेशन (एसएलओसी) को अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ेगा, लेकिन वे पश्चिम एशिया में अदन की खाड़ी और होर्मुज की खाड़ी और दक्षिण पूर्व एशिया में मलक्का जलडमरूमध्य के बीच समुद्री व्यापार प्रवाह के लिए भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का 50 प्रतिशत व्यापार और 80 प्रतिशत ऊर्जा आयात इन एसएलओसी को अरब सागर में पारगमन करता है। 5वां, 2022-23 के दौरान मालदीव को भारत का कुल निर्यात 476.75 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया, जो नई व्यवस्था के तहत भविष्य में प्रभावित होना तय है। 2018 में जब सोलिह ने सत्ता संभाली तो भारत ने 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था, लेकिन मुइजू चीनी ऋण नीति को प्राथमिकता दे सकते हैं।

अंत में, मालदीव के पर्यटक स्रोत बाजार में भारत की हिस्सेदारी 23त्न है, जो प्रभावित हो सकता है यदि मुइज़्ज़ी तनावपूर्ण संबंधों का विकल्प चुनता है और चीन की ओर भारी झुकाव रखता है। मालदीव की 74 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद पर्यटन उद्योग से उत्पन्न संसाधनों पर निर्भर करती है।

अधिकतर विश्लेषकों का यहां पर यही मानना है कि मालदीव ने वर्ष 2011 में ही अल्प विकसित राष्ट्र (एलडीसी) होने का पूर्व से चला आ रहा का दर्जा खो दिया था, इसलिए उस परिस्थिति को ध्यान में रखकर देश के नए राष्ट्रपति को भारत और चीन से वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए अपने पूर्ववर्ती के विपरीत समान दूरी कूटनीति के सिद्धांत का पालन करने का प्रयास करना चाहिए जो कि हित में होगा। अपने देश के लोगों का. साथ ही, भारत को मुइज़ के शासन के साथ बेहतर राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए सावधानी से चलना होगा, हालांकि यह चीन के पक्ष में भारी रूप से झुका हुआ होगा, जिसे क्षेत्र में असंतुलन पैदा करने की खुली छूट नहीं दी जा सकती।

# आप की बात

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## रहस्यमयी बीमारी

**चीन** में रहस्यमयी बीमारी बच्चों पर कहर ढा रही है। विगत वर्षो में हम चीन से ही पैदा हुई कोरोना जैसी महामारी से गुजर चुके है और उस दौर के जख्म कहीं न कहीं आज भी हरे हैं। भारत मै भी इस रहस्यमयी बीमारी से बचाव के लिए एडवांईजारी कर दी। जिस तरह कोरोना काल में सावधानी बरती गई, उसी प्रकार बच्चों को भी मास्क व अन्य बचाव करने होंगे। बच्चों के भीड़ व समूह में जाने पर खास सतर्कता बरतनी होंगी। बच्चों की तबियत खराब होने या उसे बुखार होने पर डाक्टर से संपर्क करना व जरूरी जांच कराना आवश्यक है। हालांकि, चीन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ को सूचित किया है कि उसे किसी नये प्रकार के वायरस के संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन चीन के अतीत के व्यवहार तथा उसकी अपारदर्शी व्यवस्था को देखते हुए उस पर जल्दी से विश्वास नहीं किया जा सकता है। कोरोना के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा खासकर उसके अध्यक्ष की चीन के साथ मिलीभगत से उसकी साख दुनिया भर में तेजी से गिरी थी। अब उसे अपनी साख बहाल करने का अवसर मिला है। वैसे भारत समेत सारी दुनिया को इस बीमारी से सतर्क रहना होगा।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

**राजनीति** एवं वैश्विक घटनाक्रम पर स्पष्ट बात करने का मतलब आजकल कुछ लोगों की नजर में गुनाह हो गया है। राजनीतिक विचारधारा कोई भी हो दुनिया में कहीं भी हो रही घटना पर आम आदमी, पेशेवर, अदाकार, नौकरीपेशा या खेती करने वाले अपना विचार रख सकते हैं और इसे ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहा जाता है। क्या विचार रखने या पक्ष-विपक्ष में बातें करने का अधिकार केवल राजनेताओं व पत्रकारों के पास ही है? अगर ऐसा नहीं तो फिर किस आधार पर फ़िलिस्तीन के लिए समर्थन व्यक्त करने वाली इंस्टाग्राम स्टोरीज़ की एक श्रृंखला साझा करने के बाद अमेरिकी अभिनेत्री मेलिसा बैरेरा को स्क्रीम सीरीज की अगली कड़ियों से बतौर अभिनेत्री हटा दिया गया है? क्या जागरूक इंसान होने के नाते उन्हें फिलिस्तीन पर बोलने और लिखने का कोई अधिकार नहीं है? लगता है कि खुद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर मानने वाले व्हाइट हाउस को इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। वैसे इसके कारण कुछ और हो सकते हैं, पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षा मिलनी चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## कोच्चि हादसा

**केरल** में कोच्चि की सीयूएसएटी-कोच्चि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी में संगीत कार्यक्रम में भगदड़ मचने से 4 छात्रों की दुखद मृत्यु हो गई व 60 से अधिक छात्र घायल हो गए। करीब 2000 छात्र इस आयोजन में एकत्र हुए और केवल एक गेट होने से हादसा हो गया। कुलपति का कहना है कि बारिश, भीड़ अधिक होने तथा संगीत में उछलने-कूदने से घटना घट गई। हादसे का कोई भी कारण हो किन्तु 4 छात्रों की मौत व 60 से अधिक का घायल होना कहीं न कहीं व्यवस्था में लापरवाही का संकेत है। यूनिवर्सिटी को इतना बड़ा समारोह रखने के बाद उसकी व्यवस्था भी ठीक रखनी चाहिए थी। आखिर 4 छात्रों का जीवन असमय समाप्त होने से उनके परिजनों का भी भविष्य अंधकारमय हो गया। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार तथा विश्वविद्यालय को पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा देने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में आयोजनों में संभावित लोगों की संख्या को देखते हुए उपयुक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

# फटे तिरपाल और बारदाने से हो रही करोड़ो के धान की सुरक्षा



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

मौसम में हुए बदलाव के दूसरे दिन मंगलवार को भी दिनभर बादल छाए रहे। जिला मुख्यालय सहित जिले के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी की खबरे भी सामने आई है। वही मौसम में हुए परिवर्तन से करोड़ो के धान पर संकट के बादल छा गए हैं। फटे कैप कव्हर (तिरपाल) और फ्टे बारदानों से धान की सुरक्षा की जा रही है। प्रशासन का दावा है की धान को कैप कव्हर से ढंक कर सुरक्षित रखा जा रहा है। किंतु दावों और हकीकत में जमीन आसमान का अंतर है। पायनियर ने जब जिले के दर्जन भर से ज्यादा खरीदी केंद्रों में जाकर देखा तो दृश्य कुछ और नज़र आया। केंद्रों में न तो अच्छे तरीके से धान को कैप कव्हर में ढंका गया है और न ही धान को सुरक्षित रखने पुख्ता इंतज़ाम किये गए हैं। जिस कैप कव्हर से धान को ढंक कर सुरक्षित रखने का दावा किया जा रहा है, वो कई जगह से फटे है, तो वही मिलर द्वारा दिए गए बारदानों की भी यही स्तिथि हैं। धान के बोरो से धान बाहर गिर रहा हैं। तो कई जगह तो धान के फटे बोरे में धान न गिरे इसीलिए उसमें पैरा या फिर कपड़े डालकर रखा जा रहा हैं। धान को सुरक्षित रखने यहां सारी व्यवस्था फेल नज़र आ रहीं है।

### किसानों को चिंता सताने लगी

खेतों में रखी फसलों की भी चिंता सताने लगी है। मौसम की वजह ये समस्या उन किसानों के लिए अधिक है, जो फसल काट कर खेतों में छोड़ आए हैं। कामकाज अधिक होने की वजह से इन दिनों खेतों में काम करने के लिए मजदूर कम मिल रहे हैं। इस स्थिति में मजदूर जुटाने तक खेत मालिक ही फसल काट रहे हैं। अब मौसम की आंख मिचौली शुरू हो गई है। बारिश हुई तो फसलें पानी में भीग जाएंगी, जिससे बाली गिरने के कारण उत्पादन प्रभावित होगा।

### फटे तिरपाल से ढका गया है हजारों क्विंटल धान

बालोद ब्लॉक के कई खरीदी केंद्रों में हजारों क्विंटल से ज्यादा धान फटे कैप कव्हर के सहारे रखा गया है। वही जिले के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र के केंद्रों में भी यही स्तिथि होने की जानकारी मिली हैं। कई केंद्रों में तो धान के बोरो को तिरपाल से ढकने के बाद बराबर बांधा भी नही गया है। जिससे हवा के चलते तिरपाल सरक रहा है। तो कही फटे तिरपाल से धान की सुरक्षा जिम्मेदारो द्वारा की जा रही है।

### रिक्वेस्ट नही डाल रहे मिलर

पूर्व 3 वर्ष के भुगतान की मांग को लेकर लामबंद हुए जिले के राइस मिलर धान उठाने 3 दिनों से डीओ रिक्वेस्ट नही डाल रहे हैं। जिसकी वजह से परिवहन ठप्प पड़ा हुआ है। यही स्तिथि रही तो केंद्रों में जाम की स्तिथि निर्मित हो सकती हैं। भारी संकट गहरा सकता हैं।

### जीरो शार्टेज की योजना सफल नहीं

जिले के खाद्य विभाग, सीसीबी और मार्कफेड विभाग पर ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया जैसे खरीदी, उठाव, भुगतान करने की जिम्मेदारी हैं। बीते वर्ष की भांति भी इस साल जीरो शार्टेज की योजना बनाई गई हैं। लेकिन धान के रख रखाव ने लापरवाही, समय पर धान का उठाव नहीं होने के चलते यह योजना सफल होती नजर नही आ रही है।

# जहरा माइंस ने मनाया गया वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह बिलासपुर एवं रायगढ़ इकाई के अंतर्गत राजहरा खदान समूह के राजहरा माइंस के द्वारा सिटीजन क्लब दल्ली राजहरा में सुरक्षा सप्ताह का सांस्कृतिक कार्यक्रम 26 नवम्बर और खदान का निरीक्षण 27 नवंबर को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दल्लीराजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवाल एवं निरीक्षण दल के सदस्य के साथ सी. श्रीकांत, महाप्रबंधक राजहरा थे। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रंगोली कलाकार वासु के द्वारा 18 गुना 4 के साइज में खदानों में हो रहे खनन कार्य और भिलाई स्टील प्लांट को दर्शाया गया चित्र था। कार्यक्रम का शुभारंभ आद्या सिन्हा के द्वारा गाया गया राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से किया गया। राजकीय गीत के सम्मान में सभी खड़े हुए। डी ए व्ही इस्पात स्कूल के बच्चों के द्वारा मनमोहक सुरक्षा संबंधित नाटक किया गया एवं स्कूल के बच्चों के द्वारा बहुत सुंदर नृत्य और कविता की प्रस्तुति दी गई। बी एस पी कर्मचारी परमानंद करियारे एवं टीम के द्वारा बहुत सुंदर छत्तीसगढ़ी गीत एवं सुरक्षा संबंधित गाना गाया। कार्यक्रम की तैयारी एवं प्रस्तुति माइंस मैनेजर अमित सिन्हा के द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर बी गहरवाल ने कहा कि खदानों में हमें सुरक्षा के नियम को अपनाते हुए खदानों में काम करना चाहिए एवं शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। महाप्रबंधक सी. श्रीकांत ने कहा कि हमारा सेल का स्लोगन है हर किसी के जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल इसका मतलब यह है कि हमारा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड हर व्यक्ति की जीवन के साथ हर वक्त जुड़ा हुआ है, चाहे काम के दौरान हो या परिवार के साथ हो। वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत माइंस मैनेजर अमित कुमार सिन्हा के द्वारा राजहरा खदान समूह के सुरक्षा सप्ताह में कहा गया कि काम के दौरान सुरक्षा प्रथम मान कर सब काम करें। कर्म ही पूजा है लेकिन सुरक्षा उनकी परछाई है यह हमेशा अपने मन में गांठ बांध कर रखें। उपयोगी सुरक्षा संसाधन जरूर अपने पास रखें एवं काम को नियमानुसार करें, कभी जल्दबाजी के चक्कर में लापरवाही ना बरतें। आप हमेशा याद रखें आपके घर में भी आपके परिवार आपके सकुशल वापस आने का इंतजार कर रहे हैं। खदान का निरीक्षण 27 नवंबर को किया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के कर्मचारियों एवं प्रदर्शनी स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया था। अधिकारी सीरीश शुक्ला के द्वारा खदान के यादों और दल्ली राजहरा के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान को कमरे में कैद कर प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। निरीक्षण में आये टीम ने कहा कि हमारा काम है कि लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना। हम आकर उनसे सुरक्षा संबंधी जानकारीयों का आदान-प्रदान करते हैं। जो सुरक्षा संबंधित जानकारियां उनके पास रहती है उसे हम लेते हैं तथा अन्य माइंस की जानकारी जो हमारे पास उपलब्ध हो हम उन्हें देते हैं। हर माइंस का मुख्य उद्देश्य होता है की दुर्घटना शून्य से शून्य हो। जिससे होने वाले उत्पादन में प्रभावित ना पड़े। कार्यक्रम में प्रोग्राम देने वाले वालों को सम्मानित किया गया द्य आभार व्यक्त अजय चतुर्वेदी के द्वारा किया गया।

## डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीज की संख्या 01 है। डेंगू संभावित मरीज के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 192366 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-216197 जिनमें से 87516 खाली कराये गये। सभी कटेनरों में 120776 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 188440 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उत्तको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा।

## हत्या करने की नियत से हमला कर गंभीर चोट पहुचाने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

26 नवंबर को प्रार्थी जलेश्वर यदू उम्र 30 साल निवासी मानिकपुर थाना नवागढ जिला बेमेतरा ने थाना नवागढ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी ब्यास नारायण यदू के द्वारा प्रार्थी की मां चंद्रकली बाई के सिर, गाल एवं दाहिने आंख के पास कुदली से हत्या करने की नियत से जानलेवा हमला कर गंभीर चोट पहुचाने कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना नवागढ में आरोपी के विरूद्ध अपराध सदर धारा 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पीडिता को जिला अस्पताल मुंगेली में ईलाज हेतु भर्ती कराया गया है। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना नवागढ प्रभारी एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपी ब्यास नारायण यदू (यादव) पिता स्वं. रामनाथ यदू उम्र 24 साल ग्राम मानिकपुर थाना नवागढ जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से 27.11.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक विपत राम साहू, आरक्षक अमित यादव, फिरोज साहू एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

## अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान सहित न्यायालय और कार्यालय की 100 मीटर परिधि में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पी.एस.एल्मा ने उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, निःशक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 में पदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए जिला बेमेतरा की सीमा के अन्तर्गत सभी शासकीय, अशासकीय हॉस्पिटल, समस्त शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय और समस्त शासकीय कार्यालय (भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन) क्षेत्र के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफ साइलेंस) घोषित किया है। इस आशय के आदेश आज यहां कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बेमेतरा से जारी कर दिये गये है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 2,580 वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, विधान सभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिला बेमेतरा के समस्त थाना/चौकी, यातायात बेमेतरा द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों सहित संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में बेमेतरा पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। इस विशेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान आम जनों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने की समझाईश दिया जा रहा है। जिस के तहत विधान सभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद अब तक यातायात नियमो के उल्लंघन करते पाये जाने पर जिले के यातायात पुलिस एवं समस्त थाना/चौकी स्टाफ द्वारा प्रेषर हार्न में 128 वाहन चालको से 2,56,000 /- रूपये समन शुल्क लिया गया तथा मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत बिना हेल्मेट, तीन सवारी, बिना कागजात एवं अन्य यातायात के नियमो का पालन नही करने पर 2,580 लापरवाह चालको कुल के विरूद्ध कार्यवाही कर 10,62,700/- रूपये समन शुल्क लिया गया। 2,580 प्रकरण में कुल 10,62,700 /- रूपये लिया गया समन शुल्क। जिसमें विधानसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद अब तक जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों में लगातार यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 319 चालान में 319 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा, देवरबीजा, थाना बेमेतरा 465 चालान में 465 व्यक्ति, थाना दाढी 20 चालान में 20 व्यक्ति, चौकी मारो, थाना नांदघाट 341 चालान में 341 व्यक्ति, थाना नवागढ 201 चालान में 201 व्यक्ति, चौकी देवकर, थाना साजा 619 चालान में 619 व्यक्ति, थाना परपोडी 249 चालान में 249 व्यक्ति, चौकी कंडरका, थाना बेरला 263 चालान में 263 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 87 चालान में 87 व्यक्ति, थाना चंदनू 16 चालान में 16 व्यक्ति, कुल 2,580 चालान में 2,580 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 2,580 प्रकरण में कुल 10,62,700 /- रूपये समन शुल्क लिया गया।

## मतगणना से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

### डेढ़ सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने सीखी मतगणना की प्रक्रिया

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 की 3 दिसंबर 2023 को मतगणना होना है, जिसको लेकर जिला प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा है। 3 दिसंबर को बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा सीटों की मतगणना ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में सुबह आठ बजे से शुरू होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस.एल्मा की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में दो पालियों में 150 से अधिक मतगणना अधिकारी, कर्मचारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। मतणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल लगायी जायेगी। इसके अलावा दो-दो टेबल डाक मतपत्र के लिए अलग से लगायी जायेगी। एक टेबल पर मतगणना सुपरवाइजर, और मतगणना सहायक, रहेंगे ।ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सुनील झा ने मतगणना में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मतगणना की गिनती करने हेतु हर पहलू को बिन्दुवार बड़ी वरीयता से विस्तार पूर्वक बताया, साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों सयमस्याओं और जिज्ञासा का समाधान भी किया गया। इस मौके पर त्रिलोचन साहू और अनिल वर्मा ट्रेनर भी साथ थे। कलेक्टर एल्मा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को पालन करते हुए मतगणना करायें। इस साथ ही मतगणना प्रक्रिया में बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस.एल्मा ने अधिकारी, कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप लोग बिना चिन्ता कर मतगणना का कार्य करें। दिये गए प्रशिक्षण के अनुसार मतगणना कराए। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो तुरंत अपने रिटर्निंग ऑफिसर या नोडल अधिकारी के संज्ञान में लाकर उसका समाधान करें। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी मतगणना हेतु लगाई गई है वह निर्धारित समय पर अपने कार्य करने हेतु उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हमें सभी कार्य बड़ी शांतिपूर्वक व सावधानी से करने है। कलेक्टर एल्मा ने कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना कर्मी मोबाइल का उपयोग नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा तंबाकू और धूम्रपान जैसी सामग्री साथ नहीं ले जा सकेंगे।

## कवर्धा में शिक्षक विहीन आत्मानंद स्कूल ने पालकों की बढ़ाई चिंता




पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जो कि भोजली तालाब के पास है, इस स्कूल में माध्यमिक विद्यालय में 199 बच्चें अध्ययनरत है 6 वी से 8 वी के बच्चो को पढ़ाने के लिए गणित, विज्ञान एवम हिंदी विषय के शिक्षक नही है जिसे स्कूल प्रबंधन गंभीरता से नही ले रहे है, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक भी नहीं है ऐसे में स्कूल कैसे चल रहा है वही वर्तमान में अर्धवार्षिक परीक्षा चल रहा है पालक भी प्राचार्य से लेकर शिक्षा अधिकारी से मिल चुके है पर समस्या का निदान नहीं किया जा रहा है शासन प्रशासन दंभ भरते है कि हर जगह स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला गया है पर शिक्षको की कमी पूरी नहीं करने से बच्चो का भविष्य अंधकार में दिखाई दे रहा है, सवाल ये है कि एक तरफ आत्मानन्द स्कूल को लेकर प्रदेश में इतने चर्चे है, की बच्चों का भविष्य बेहतर हुआ है, वही दूसरी तरफ कवर्धा के इस आत्मानंद स्कूल में पढ़ाई का आखिरी सत्र कगार पर है, अब तक यहाँ विज्ञान,हिंदी एवं गणित के अध्यापक नही है, इससे लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कई बार पालकगण बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित होते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य को अवगत कराया गया मगर दोनों लापरवाह ही नजर आए जो कि गंभीरता से नही लिए,क्या बच्चों को सिर्फ खूबसूरत कमरें ही कि जरूरत है, या फिर सभी विषयों की अध्यापकों की अब शाशन प्रशाशन आत्मानंद के नाम पर सिर्फ वाहवाही ले रही है,मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। कही यही परिस्थिति रही तो आने वाले समय मे आत्मानंद स्कूल से पालकों का मोहभंग होता हुआ नजर आएगा।

## एसपी बेमेतरा ने ली अपराध समीक्षा हेतु थाना प्रभारियो एवं विवेचको की बैठक

### अवैध कारोबारियो अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा के खिलाफ सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता के द्वारा समस्त थाना/चौकी प्रभारियो एवं विवेचको की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें थाना/चौकी में लंबित अपराध / मर्ग / शिकायत / गुमइंसान / लंबित वारंट / 173 (8) जाफौ की थानावार जानकारी ली जाकर समीक्षा कर इस वर्ष के अंत तक राजपत्रित अधिकारियो के सुपरविजन में शीघ्र निकाल करने, ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर लंबित स्थाई वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट की पतासाजी कर तामिल करने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, जमीन संबंधी प्रकरण/ शिकायत पर तत्काल राजस्व विभाग को वैधानिक कार्यवाही हेतु पत्राचार कर निराकरण करने एवं माईनर एक्ट के तहत बाउंड ओव्हर, 107, 116 (3), 109, 110 जा.फौ., अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा पर सख्त प्रभावी कार्यवाही करने, गुंडों, बदमाशों और माफिया से सख्ती से निपटने और बाहरी लोगों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने। समाधान शिकायत हेल्प लाईन नंबर 9479257558 में आने वाली शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही करने समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तथा थानावार महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों की जानकारी लेकर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों को एक अभियान चलाकर यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही धोखाधडी व आईटी एक्ट के प्रकरणों में फरार आरोपियों के विरूद्ध 173 (8) जाफौ के मामलो में शीघ्र विवेचना पूर्ण कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने निर्देश दिये गये। तथा समस्त थाना / चौकी प्रभारियो को वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का अवलोकन कर सही समय पर जानकारी भेजने एवं मोबाईल एवं आनलाईन से होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहने व साईबर क्राईम, चिटफण्ड कंपनियों द्वारा आम जनता ठगी का शिकार न हों, इसके लिए हर स्तर के अधिकारी को पूरी सतर्कता बरतने, तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारियों और आरक्षकों को संवेदनशील बनाने, हर थाने में ग्रामीण जन अपनी बात रख सकें तथा लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए है। नागरिकों में ट्रैफिक सेंस विकसित करने जागरूकता अभियान चलाने निर्देश दिए। उक्त बैठक में समस्त थाना/चौकी प्रभारी, विवेचकगण सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाई के साथ मिलकर महिला ने कर दी पति की बेदम पिटाई उपचार के दौरान हुई मौत, हत्या के अपराध में महिला गिरफ्तार

**महिला का भाई फरार, पुलिस पतासाजी में जुटी**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में पत्नी के मायके जाने की जीद के बीच हुए विवाद में महिला ने भाई के साथ मिलकर पति की हाथ मुक्का, डंडे से बेदम पिटाई कर दी। जिससे गंभीर चोट आने पर आहत को इलाज के लिये अस्पताल दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में लैलूंगा पुलिस ने आरोपी महिला को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना के बाद से महिला का भाई फरार हो गया है, पुलिस उसकी पतासाजी में जुटी हुई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीते 25 नवंबर को ग्राम सिहारधार में रहने वाले उजल साय सिदार (उम्र 55 साल) द्वारा उसके भतीजे दिनेश गोंड पिता स्व. जलसाय सिदार उम्र 30 वर्ष के साथ उसकी पत्नी लक्ष्मी सिदार और साले ने मारपीट करने से अस्पताल में भर्ती करने और मारपीट करने वालों पर कार्यवाही करने रिपोर्ट दर्ज कराया गया। लैलूंगा पुलिस द्वारा मामले में मारपीट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसी दरमियान आहत दिनेश सिदार की उपचार के दौरान मौत हो जाने की सूचना थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मिली। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराकर तत्काल आरोपियों की पतासाजी किया गया और आरोपी महिला लक्ष्मी सिदार (उम्र 22 वर्ष) को हिरासत में लिया गया, आरोपी रविदास निवासी बागबहार जिला जशपुर फरार है।

आरोपिया लक्ष्मी सिदार ने बताया कि दिनेश सिदार के साथ पिछले दो वर्ष से प्रेम संबंध था। दोनों के परिवार की रजामंदी से रीति रिवाज के साथ शादी कर ग्राम सिहारधार साथ रह रहे थे, इनका डेढ वर्ष की बेटी है। शादी के बाद से दोनों पति-पत्नी के मध्य हमेशा विवाद होते रहता था। 21 नवंबर को भी पति-पत्नी के बीच लड़ाई झगड़ा होने से मायके जाने के लिए अपने भाई रविदास को बुलाई। दूसरे दिन 22 नवंबर के दोपहर भाई रविदास मोटरसाइकिल में अपने दोस्त के साथ गांव सिहारधार आया था जिसके साथ मायके जाने लगी तो दिनेश मना करने लगा और बच्चे को छोड़कर जाओ कहकर बच्चे की छीनने लगा। दोनों पति पत्नी के बीच झगड़ा विवाद में रविदास भी उसकी बहन का साथ देने लगा और मारपीट के बीच रविदास सड़क पर पड़े बांस के डंडा से दिनेश के सिर और अन्य जगहों पर मारकर चोट पहुंचाया जिससे दिनेश वहीं बेहोश हो गया। घायल अवस्था में दिनेश को उसके परिवार वाले लैलूंगा अस्पताल लेकर गए जहां से उसे रायगढ़ रेफर किया गया। रायगढ़ अस्पताल से आहत को और बेहतर इलाज के लिए डीकेएस अस्पताल रायपुर ले जाने की सलाह दिए परिवारजन आहत को लैलूंगा लेकर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में दिनेश बेहोश हो गया जिसे सीएचसी लैलूंगा लेकर गए जहां उसे डॉक्टर ने मृत बताया। आरोपिया लक्ष्मी सिदार को रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है। फरार आरोपी रविदास निवासी बागबहार जिला जशपुर की लैलूंगा पुलिस सरगर्मी से पतासाजी कर रही है।

# अंडर 16 क्रिकेट में रायगढ़ पहुंचा सेमीफाईनल

## सरगुजा को पहली पारी की लीड से हराया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीसीसीआई द्वारा आदेशित एवं सीएससीएस द्वारा निर्देशित अंडर 16 प्लेट ग्रुप के टूर्नामेंट में जिला रायगढ़ ने अपने दूसरे मैच में सरगुजा को पहली पारी की लीड के आधार पर पराजित किया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंबिकापुर के स्टेडियम मे प्लेट ग्रुप का अंडर 16 टूर्नामेंट जारी है। इसमें सरगुजा और रायगढ़ के बीच दूसरा मैच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला रायगढ़ ने लिया। पहले बैटिंग करते हुए रायगढ़ ने 147 रन बनाए जिसमें अंशुल सिंह के 49 रन शामिल रहे। इसके जवाब मे सरगुजा टीम मात्र 69 रन पर ऑल आउट हो गई। इसमें रायगढ़ की तरफसे निखील पटेल ने 6 और अंशुल सिंह ने 3 विकेट लिए। दूसरी पारी मे रायगढ़ ने 327 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाए। अंबिकापुर ने खेल की समाप्ति पर 40 रन बनाकर 2 विकेट खोए थे। इस तरह मैच की समाप्ति पर पहली पारी की बढ़त की आधार पर रायगढ़ ने विजय प्राप्त कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। रायगढ़ के सेमीफाईनल पहुंचने पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, जिला स्तरीय अम्पायर महेश दधीचि, चंद्रेश यादव, मलय आईच, आदित्य शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

**ये थे मैच के सितारे-** अंशुल सिंह, विवेक दुबे, दैविकअग्रवाल,निखील पटेल, कनिष्क कुमार-पूरे मैच के दौरान रायगढ़ के खिलाडियों ने शानदार खेल दिखाया जिसमें अंशुल सिंह के 49- 46 रन, विवेक दुबे के 23- 72 रन, दैविक अग्रवाल 20-48, कनिष्क कुमार के नाबाद 13-51, अंशुल सिंह के दूसरी पारी मे रन बनाए। इसी तरह गेंदबाजी मे निखील पटेल ने 6 विकेट, अंशुल सिंह ने 3 विकेट व विवेक दुबे ने 2 विकेट प्राप्त किए। इन नन्हे-मुन्ने खिलाडियों ने पूरे मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन कर सरगुजा को एकतरफा हराते हुए सेमीफाईनल मे पहुंचकर जिला क्रिकेट संघ और रायगढ़ के समस्त खेल प्रेमियों का मस्तक ऊंचा कर दिया है।

# खरसिया पुलिस की रेड कार्रवाई पर संदिग्ध अवस्था में पकड़ी गई पांच महिलाएं व एक व्यक्ति



- ग्राम तेलीकोट में अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने की रेड, पकड़े गए सभी व्यक्तियों पर थाना खरसिया में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम तेलीकोट में कुछ लड़के-लड़कियां इकट्ठे देखे गए हैं जिनकी गतिविधियां उचित नहीं है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर छापामार कार्रवाई की गई। पकड़े गए सभी व्यक्तियों पर थाना खरसिया में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर तत्काल थाना एवं चैकी की स्मॉल टीम के साथ ग्राम तेलीकोट में मुखबिर के बताए स्थान पर रेड कार्यवाही किया गया, जहां 5 महिलाएं( खरसिया, रायगढ़, अंबिकापुर और जशपुर की) और एक व्यक्ति- श्याम कुमार वर्मा 56 साल निवासी पुरानी बस्ती खरसिया संदिग्ध अवस्था में मिले जिनसे पूछताछ पर मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना प्रभारी खरसिया द्वारा महिलाओं एवं पकड़े गए व्यक्ति को थाने लाया गया जिन पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है। एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर रेड कार्यवाही में टीआई राकेश मिश्रा, टीआई सौरभ द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर मनीष कांत सिंह, एएसआई पृथ्वीराज मोहंती, लक्ष्मी राठौर, लेडी हेड कांस्टेबल सरोजिनी राठौर और लेडी कांस्टेबल रंजीता चैहान शामिल थी।

# कलेक्टर एवं एसपी ने लिया सेना भर्ती के तैयारियों का जायजा

**पुलिस लाइन खोखरा जांजगीर में 15 दिसम्बर से शुरू होगी भर्ती रैली**

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



भारतीय सेना में अग्निवीर व सेना की भर्ती के लिए रैली का आयोजन 15 से 23 दिसम्बर 2023 तक पुलिस लाइन जांजगीर खोखरा में आयोजित किया जाना है। उक्त रैली स्थल का कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पुलिस लाइन मैदान खोखरा जांजगीर पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने पुलिस लाइन खोखरा जांजगीर में रनिंग ट्रैक, साफ सफाई, पेयजल, लाइटिंग, पार्किंग एवं चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कर्नल एन सेमल टी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। विदित हो कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 15 से 23 दिसम्बर तक पुलिस लाईन जांजगीर खोखरा में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर व अग्निवीर टेडसमेन का आयोजन होगा एवं मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए हवलदार सर्वेक्षक, स्वचालित मानचित्रकार की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जाएगा। इसमें अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

# 2 दशकों से बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्विट्जरलैंड में सम्मानित हुए राहुल अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com




विगत 17 सालों से भारतीय जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश में अपनी अमूल्य सेवाएं दे रहे अग्रवाल इंश्योरेंस एवं कंसल्टेंसी के संचालक राहुल अग्रवाल को 28 नवंबर को स्विट्जरलैंड में आयोजित विशेष सेमिनार में निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया, इस अवसर पर पूरी दुनिया के विभिन्न देशों से बीमा क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित प्रतिनिधि एवं गणमान्य हस्तियां मौजूद थी,तथा यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण स्विट्जरलैंड में चल रहा है, जिसमें जांजगीर के राहुल अग्रवाल भी शामिल हुए हैं, राहुल अग्रवाल ने यह सम्मान मिलने पर इसे पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश वासियों को समर्पित करते हुए कहा कि बीमा के क्षेत्र में लोगों ने मुझे जो सहयोग प्रदान किया यह उसी का प्रतिफल है,एवं मैं सभी प्रदेशवासियों का आभारी हूं एवं यह गौरवशाली पल मेरे लिए एक अविस्मरणीय अवसर है जो मुझे यह सम्मान मिला है, ज्ञात हो की राहुल अग्रवाल नैला जांजगीर शहर में बीमा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों एवं रचनात्मक सेवाओं के लिए सदैव अग्रणी होकर योगदान देते हैं तथा वे छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी बीमा संबंधित सेमिनारों में भाग लेकर वहां लोगों को बीमा के प्रति जागरूक भी करते हैं तो वहीं वे बीमा के एक अच्छे प्रशिक्षक के रूप में भी अपनी पहचान बन चुके हैं राहुल अग्रवाल 29 नवंबर को स्विट्जरलैंड से भारत लौटेंगे।

# कुरूद कहार भोई समाज का हुआ दीवाली मिलन

पायनियर संवाददाता < कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरूद कहार भोई समाज का दीवाली मिलन सादगी पूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान छोटे बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने फैंसी ड्रेस और मातृ शक्तियों के लिए रंगोली स्पर्धा आयोजित हुई। सर्वप्रथम महाराज राकेश मिश्रा के सानिध्य में समाज के सामाजिक भवन का विधिवत भूमिपूजन सपन्न हुआ। सभी समाजजनों की उपस्थिति में धरती माता की विधिवत पूजा करते हुए आरती पूजन कर एक दूसरे को बधाई देते हुए सामाजिक भवन के विधिवत निर्माण की नींव रखी। इसके उपरांत दीवाली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसकी विधिवत शुरुआत समाज की कुलदेवी मां कन्हाई परमेश्वरी जी की पूजा.वन्दना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में छोटे बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने फैंसी ड्रेस और मातृ शक्तियों के लिए रंगोली स्पर्धा सम्पन्न हुई। नन्ही बालिका सिद्धि सैनिक ने फैंसी ड्रेस में छत्तीसगढ़ महतारी का रूप धारण कर सबका मन मोहा। इसी तरह रंगोली स्पर्धा में माताओं ने बेहतरीन से बेहतरीन रंगोली विधा की प्रस्तुति कर सबका दिल जीता। इस स्पर्धा में प्रथम ए द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने विजेताओं को पुरस्कार से नवाजा गया। साथ ही अन्य सभी प्रतिभाओं को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। समाज अध्यक्ष सोहन कश्यप और सचिव.कोषाध्यक्ष खूबलाल नाग ने कार्यक्रम में आए समाज जनों का हार्दिक आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हम सभी बहुत ही जल्द सामाजिक भवन के विधिवत निर्माण होने और आने वाले समय में इसी तरह के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने और मिलजुलकर समाज के विकास में सहभागिता देने की बात पर बल देंगे। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष सोहन कश्यप, सचिव. कोषाध्यक्ष खूबलाल नाग, प्रचार. प्रसार प्रभारी मुकेश कश्यप, मनोहर कश्यप, बल्ला मानस,मोहन कश्यप, हृदयभूषण कहार, कोमेश्वर नाग, विजय भोई, राजू सैनिक,निर्मला भोई, रूखमणी कश्यप, सरोजनी नाग,जया भोई, अनुराधा नाग, माया भोई, माधुरी कश्यप, गिरीनंदनी कहार, दुर्गेश कश्यप।

# मौसम में आया बदलाव, सर्द हवाओं के साथ बढी ठंड



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। प्रदेश के कुछ जिले में हल्के, फुल्के बेमौसम बारिश होने की खबर भी आ रही है तो वहीं इन दिनों किसान धान की फसलों की कटाई,मिसाई में लगी हुई है इस बीच अचानक मौसम बदलने से किसानों की माथे पर चिंता दिखाई दे रही है। धमतरी जिले में मंगलवार की सुबह से ही मौसम खराब रहने से ठंड बढ गई है। वहीं सुबह से लेकर बदली छायी रही जो दोपहर को ठंडी हवाएं चलने से ठंड और बढने लगी है। लोग ठंड से बचने गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। छत्तीसगढ के मौसम में उतार चढाव का दौर जारी है। कहीं बारिश तो कहीं हल्की ठंड अपना असर दिखा रही है। दरअसल पश्चिमी विक्षोभ के कारण बस्तर संभाग में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले सप्ताह में कडाके की ठंड पडने की संभावना है। फिलहाल अभी कुछ दिनों तक प्रदेश में ऐसे ही हल्की ठंड और हल्की बारिश का मौसम बना रहेगा । बता दें कि बीते दिनों रविवार को कई इलाकों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई थी, जिसे देखते हुए कहीं कहीं बारिश के छींटे पड़े। वहीं बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस हल्की बारिश का असर दिखेगा। प्रदेश में जल्द घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड दस्तक देगी। वहीं मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अभी प्रदेश के कई इलाकों में अच्छी ठंड नहीं है। हालांकि वातावरण में नमी होने के कारण ठंड रहेगी।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रघुवंशी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

- मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना की तैयारियों के तहत भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने 3 दिसंबर 2023 को होने वाले मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं मतगणना स्थल पर उचित बैठक व टेबल व्यवस्था, राउंड वाइस डिक्लेरेशन बोर्ड, विद्युत व्यवस्था, डाक मतपत्रों की गणना, कम्प्यूटर एवं फोटोकापी मशीन रखने सहित अन्य तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, मतगणना की समाप्ति के बाद ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल पर बनाये जा रहे मीडिया सेंटर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मीडिया प्रतिनिधियों के बैठने की उचित व्यवस्था कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों को मतगणना संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो इस बात का ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त विनय पोयाम, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संतोष नेताम के अलावा अन्य विभागों के सम्बधित अधिकारी उपस्थित थे।

**13 व 14 जनवरी को राजनांदगांव में अग्र महाकुम्भ**

# अग्र अलंकरण समारोह की तैयारियां जोरों से

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि संगठन का अग्र अलंकरण समारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन 13 एवं 14 जनवरी को राजनांदगांव में अग्रवाल सभा राजनांदगांव के आतिथ्य में संपन्न होने जा रहा है. अग्र अलंकरण समारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन के विषय में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन एवं अग्रवाल सभा राजनंदगांव की एक आवश्यक बैठक अग्रसेन भवन राजनांदगांव में संपन्न हुई. जिसमें छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संरक्षक महेंद्र सेकसरिया, प्रांतीय अध्यक्ष नेतरामअग्रवाल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम किरतुका एवं अग्रवाल सभा राजनंदगांव के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल अग्र अलंकरण समारोह के मुख्य संयोजक विनोद लोहिया सचिव लोकेश अग्रवाल सहित अनेक अग्र बंधु उपस्थित थे,सर्वप्रथम अग्रवाल सभा राजनांदगांव के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किया, तत्पश्चात प्रांतीय संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में अग्र अलंकरण समारोह के विषय पर मार्गदर्शन दिया . राजनांदगांव में आयोजित इस कार्यक्रम में अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है डोंगरगढ़ से वीरेंद्र अग्रवाल मनमोहन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थेअग्र अलंकरण समारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप प्रदान करने हेतु अनेक प्रकार की कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया, जिसमें प्रमुख रूप से पंजीयन समिति ,आवास समिति, भोजन व्यवस्था समिति ,मंच व्यवस्था समिति, सभागार समिति, यातायात समिति,स्वागत समिति, जनसंपर्क समिति,चिकित्सा समिति, गठन करने का निर्णय लिया गया. प्रत्येक समिति में एक प्रमुख पदाधिकारी एवं चार सहयोगी पदाधिकारी अपने समिति का कार्य भार संभालेंगे, संगठन की परंपरा के अनुसार छत्तीसगढ़ की सभी अग्रवाल सभा को आमंत्रित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया. साथ ही अग्र कुल दर्पण पत्रिका के प्रकाशन का भी निर्णय लिया गया आप सभी को विदित है की यह पत्रिका का प्रकाशन प्रतिवर्ष अग्र अलंकरण व प्रांतीय अधिवेशन समारोह के अवसर पर किया जाता है, अग्र अलंकरण समारोह में प्रतिवर्ष अग्रवाल समाज के 18 गोत्रों के आधार पर 18 विभिन्न क्षेत्रों में (शिक्षा, समाज सेवा, उत्कृष्ट अग्रवाल सभा, कला, पत्रकारिता एवं अन्य) उपलब्धि हासिल करने वालों को 11000 नगद एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाता है . मीटिंग में निर्णय लिया गया कि ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों के आवेदन आए ताकि सर्वश्रेष्ठ को चुना जा सके इस हेतु सभी पदाधिकारी मिलकर प्रयास करेंगे द्य आवेदन का प्रारूप एवं जिन क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जाने हैं इसका प्रारूप व्हाट्सएप के माध्यम से सभी ग्रुपों में भेजा जा चुका है, कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारी एवं सभी अग्र बंधुओ ने अग्र अलंकरण समारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया,अग्रवाल सभा राजनांदगांव के सभी अग्रवाल बंधुओं का उत्साह यह बता रहा था कि कार्यक्रम कितना भव्य गरिमामय म होगा . कार्यक्रम में अग्रवाल सभा राजनांदगांव की महिला अध्यक्ष अनुराधा लोहिया पूरे जोश के साथ अपनी महिला टीम के साथ उपस्थित थीं द्य ज्ञात हो कि समारोह में महिला टीम एवं युवा टीम की विशेष भूमिका रहती है।

# गिट्टी लोड़ ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटी चालक ने वाहन के नीचे दबकर हुई मौत





**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बसनाझर में सोमवार की दोपहर एक तेज रफ्तार गिट्टी लोड़ ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में चालक ने ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर ग्राम सेंद्रीपाली निवासी अरविंद पटैल ट्रैक्टर में गिट्टी लोड़ करके उसे कहीं लेकर जा रहा था। जब वह खरसिया क्षेत्र के ग्राम बसनाझर के पास पहुंचा ही था कि अचानक उसके गाड़ी का नियंत्रण बिगड़ और फिर गाड़ी पलट गई। इस घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक अरविंद की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद खरसिया पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये सिविल अस्पताल खरसिया भेजते हुए इस पूरे मामले को जांच में ले लिया है।

# मतगणना कार्य के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने मतगणना कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना 3 दिसंबर 2023 को शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में किया जाना है। मतगणना स्थल में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं सहयोगी अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किये गए है। मतगणना स्थल में कानून व सुरक्षा व्यवस्था के लिए अरविन्द कुमार एक्का, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, दुर्ग पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग को, मतगणना से संबंधित संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मतगणना हेतु कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन एवं विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्ति आदेश जारी कराने संबंधी कार्य हेतु अश्वनी कुमार देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग, अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, अमित घोष सांख्यिकी अधिकारी शिक्षा विभाग एवं पुष्पा पुरूषोत्तमन शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार मतगणना से संबंधित आवश्यक सभी सामग्रियों की चेकलिस्ट अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर्स को सौपते हुए पावती संधारित कर जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु महेश सिंह राजपूत डिप्टी कलेक्टर दुर्ग एवं पुष्पलता ध्रुव जिला पंजीयक दुर्ग को, मतगणना स्थल में बेरिकेटिंग तथा दिव्यांग जनों हेतु रैम्प की व्यवस्था एवं सहायता केंद्र की स्थापना का दायित्व उत्त्म ध्रुव डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग को, निर्वाचन नियम पुस्तक तथा सभी अधिकारी व कर्मचारी एवं अन्य को परिचय पत्र जारी करने का दायित्व बजरंग दुबे अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग, सौरभ कुमार चौरसिया नायब तहसीलदार संबंद्ध जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग एवं चन्द्रशेखर चन्द्राकर नायब तहसीलदार संबद्ध जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग एवं संतोष कुमार त्रिपाठी निर्वाचन पयवेक्षक एवं समस्त निर्वाचन पर्यवेक्षक एवं समस्त निर्वाचन स्टॉफ को, संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की आवश्यकता अनुसार एवं नियमानुसार वीडियोग्राफी एवं मतगणना कक्ष में तथा स्ट्रॉग रूम परिसर में सी.सी.टी.वी. इंस्टॉलेशन एवं उसके बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित कराने व उक्त बैकअप सी.डी. एवं डी.वी.डी. जिला निर्वाचन को उपलब्ध कराने का दायित्व अजय त्रिपाठी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा को, मतगणना स्थल में समुचित पार्किंग, आवागमन एवं परिवहन कर व्यवस्था सुनिश्चित कराने का दायित्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग को संपूर्ण मतगणना स्थल पर पर्याप्त साफ सफाई आवश्यकता अनुसार परिसर एवं सभी आर.ओ. कक्ष में डस्टबिन लगाने व समस्त शौचालयों को पूरी मतगणना प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से सफाई करने कर्मचारी नियुक्त करने का दायित्त आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग/ भिलाई/ रिसाली को दिया गया है।

# जोन की महत्वपूर्ण यात्री गाड़ियों की परिचालन कोहरे की वजह से नहीं, अडानी के कोहरे की वजह से रद्द की गई है : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रेलवे जोन बिलासपुर के अंतर्गत कोयला परिवहन एवं अडानी के कारण यात्री ट्रेनों का परिचालन रद्द करने की सिलसिला जारी है। वर्तमान में 32 ट्रेनें एक साथ रद्द की गई वही आगामी 39 दिनों के लिए दिसंबर से 4 फरवरी तक दुर्ग-छपरा-दुर्ग एवं पूरी-देहरादून ट्रेन को रद्द किया गया हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात हैं कि ट्रेनों को लम्बे समय तक रद्द करने का कारण रेल विभाग मौसम की कोहरे को बता रहा हैं, ट्रेनों का रद्द होने को एवं कोहरे का बहाना को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष अरपा बेसिन विकास प्राकिधरण अभय नारायण राय ने कहा कि ट्रेनों का बंद होने का असली वजह मौसम का कोहरा नहीं बल्कि अडानी का कोहरा हैं। अभय नारायण राय ने कहा कि रेलवे जोन बिलासपुर में प्रतिदिन 150 से अधिक मालगाड़ी कोयले का परिवहन करने हेतु अडानी-अम्बानी के लिए चलाई जा रही है और कोहरा, लाईनों का दोहरीकरण, तिहरीकरण का बहाना कर यात्री गाड़ियों का परिचालन रद्द किया जा रहा है। केन्द्र की भाजपा सरकार अपने आप को हिन्दु समर्थकों का सरकार कहती है लेकिन देखने में आ रहा हैं कि हिन्दुओं के तीज-त्योहार एवं शादी-ब्याह के समय जानबूझकर यात्री गाड़ियों का परिचालन बंद किया जा रहा हैं। सारनाथ को रद्द करने से शादी-ब्याह के सीजन में प्रयागराज, बनारस, गाजीपुर, बलिया, छपरा जाने वाले यात्रियों का पहले से कराया गया आरक्षण भी रद्द हो गया और शादी-ब्याह में पहुंचने की इच्छा पर कुंठाघात हो रहा है। अभय नारायण राय ने कहा कि आचार संहिता खत्म होते ही कांग्रेस यात्री गाड़ियों के परिचालन को लेकर जोन स्थल पर आंदोलन आयोजन करेगी।

# राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में इच्छा जायसवाल व हिमांशु दास को सांत्वना पुरस्कार



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 24 नवंबर को राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता दो वर्गो में क्रमशः कक्षा (5 वीं, 6वीं 7 वीं) एवं (8 वीं, 9वीं, 10 वीं) पावर ग्रिड कुम्हारी, दुर्ग में आयोजित किया गया, जहाँ राज्य स्तरीय चित्रकला का विषय एक पृथ्वी, अनेक प्रयास पर दीपक आर्ट क्लासेस आइसेक्ट कंप्यूटर सेंटर मनेंद्रगढ़ की छात्रा इच्छा जायसवाल कक्षा 5 वीं, केन्द्रीय विद्यालय तथा हिमांशु दास, कक्षा 6 वीं विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने राज्य स्तर पर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त टी. इशिता राव, पूर्वी यादव, पी. तेजस्वनी, आदित्य अग्रवाल, समृद्धि वर्मा, वंशिका सोनी व नमन खोडियार ने राज्य स्तर पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। ड्राइंग शिक्षक दीपक कुमार यादव के मार्गदर्शन में समस्त विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। वहीं राज्य स्तर पर कार्यक्रम संयोजक राज्य नोडल अधिकारी आर.के. दास, संजीव कुमार जैन भारतीय प्रशासनिक सेवा, अनीता दास महिला समीति अध्यक्ष, सूर्या सर मुख्य महाप्रबंधक पावर ग्रिड व समस्त मुख्य अतिथियों द्वारा इच्छा जायसवाल व हिमांशु दास को 7,500- 7,500 रुपये तथा समस्त प्रतिभागियों को दो-दो हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से दीपक आर्ट एंड फन हॉबी क्लासेस आईसेक्ट कम्प्यूटर सेंटर मनेन्द्रगढ़ के निर्देशक संजीव सिंह ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की।

# विद्यार्थी संस्थान के ब्रांड अम्बेसडर, कोलंबिया में 23 वां फाऊंडेशन डे मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




जनप्रगति एजुकेशन सोसायटी संचालित कोलंबिया शिक्षण समूह द्वारा 23 वॉ फाऊंडेशन डे मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष किशोर जादवानी ने कहा कि किसी ऊँचाई पर पहुंचना जितना कठिन है उतना ही कठिन उसे कायम रखना भी है। किसी संस्थान की सफलता केवल प्रदत्त किये जाने वाले सुविधाओं या संसाधनों से नही होती, बल्कि विद्यार्थियों से किये जाने वाले व्यवहार पर निर्भर करती है, क्योंकि विद्यार्थी को अध्यापन के अलावा शोध एवं अनुसंधान के लिए भी प्रेरित करना एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना भी संस्थान का कर्तव्य है, जिस पर संस्थान के कर्मचारी हमेशा खरे उतरे हैं, अर्थात टीम भावना ही सफलता का मूलमंत्र है। उन्होने शिक्षक को 11 सूत्रीय नियमों का पालन कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में शत-प्रतिशत देने का आव्हान किया। उन्होने विगत 22 वर्षो की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान द्वारा समय समय पर शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के उन्नयन हेतु विभिन्न शासकीय एवं स्वशासी संस्थाओं द्वारा प्रायोजित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों में वद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो चुका है, जिसमे उच्चतम वार्षिक पैकेज 10 लाख का रहा है। संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा उपलब्धियों की परंपरा को कायम रखते हुए जी पैट तथा उपलब्धियों का सफर अनवरत जारी है। उपाध्यक्ष विजय जादवानी ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता उसे रूचिपूर्वक संपादित करने पर निर्भर करती है। सचिव हरजीत सिंह हुरा ने संस्थान की सफलता मे निस्वार्थ भावना से कार्य करने के लिए सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सहयोगियों का आभार व्यक्त किया जिसके फलस्वरूप कोलंबिया शिक्षण समूह ने एक नई ऊंचाई प्राप्त की है। स्थापना दिवस समारोह के दौरान समूह के चुनिंदा शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक को उल्लेखनीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम व मनोरंजक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

# बिरला फर्टिलिटी आई. वी. एफ. चेन, ने रायपुर के साथ छत्तीसगढ़ में विस्तार किया

Birla Fertility & IVF

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सी. के. बिरला ग्रुप ने छत्तीसगढ़ में पंडरी मेन रोड, रायपुर पर अपना पहला (असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी) आई. वी. एफ सेंटर, बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ शुरू किया है। रायपुर में स्थित सुविधा देश में बिरला फर्टिलिटी एंड आई.वी.एफ का 21वां केंद्र है। वर्तमान में उत्तर और पूर्वी भारत में इस फर्टिलिटी चेन के सेंटर दिल्ली, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नोएडा, जयपुर, चंडीगढ़, लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), पटना, कोलकाता, भुवनेश्वर और कटक (ओडिशा) और गुवाहाटी में हैं। इस साल यह ब्रांड अपने सेंटर लॉन्च करने के साथ अहमदाबाद और सूरत (गुजरात), इंदौर और भोपाल (मध्य प्रदेश), आगरा, कानपुर, राँची और हैदराबाद सहित अन्य मुख्य शहरों में विस्तार करने की योजना बना रहा है। बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ के माध्यम से सी. के. बिरला ग्रुप का उद्देश्य फर्टिलिटी केयर में ग्लोबल लीडर बनना और शानदार क्लिनिकल परिणाम, शोध एवं नवीनता द्वारा फर्टिलिटी के भविष्य को उज्जवल बनाना है। बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ फर्टिलिटी की समस्या से जूझ रहे दंपत्तियों को किफायती पैकेज में विश्वसनीय उपचार और संवेदनशील व भरोसेमंद केयर प्रदान करता है। इसने बहुत कम समय में ही 21,000+ सायकल्स के संयुक्त अनुभव के साथ 85 प्रतिशत प्रेगनेंसी दर प्रदान किया है, जो इस उद्योग में अग्रणी परिणाम हैं। नए सेंटर के लॉन्च के अवसर पर बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ चीफ बिज़नेस ऑफिसर, अभिषेक अग्रवाल बिरला ने कहा, सी. के. बिरला ग्रुप 150 वर्षो से देश व समाज की सेवा करता आ रहा है। बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ 5 दशकों से ज़्यादा समय से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की सी. के. बिरला ग्रुप की प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है। भारत में 28 मिलियन दंपत्तियों को प्रजनन संबंधित कोई न कोई समस्या होती है, लेकिन फिर भी अपनी समस्या के लिए मेडिकल परामर्श लेने 1 प्रतिशत से भी कम लोग ही पहुँचते हैं।

# दिव्य गंगा आरती के साक्षी बने उत्साहित श्रद्धालु



पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

रामानुजगंज के श्री राम मंदिर के निकट बहने वाली कनहर नदी तट पर आयोजित दिव्या गंगा आरती में श्रद्धालु शामिल हुए। नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति पीपल चौक के द्वारा आयोजन किया गया था इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। व्ही आरती में उदघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली के पावन अवसर पर सोमवार की शाम दिव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होने श्रद्धालु परिवार के साथ घाट पर पहुंचे थे। पुरोहित यशपाल दुबे दामोदर मिश्र विनय पांडे विनायक मिश्रा के सानिध्य में दिव्या आरती की गई। नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति पीपल चौक के अध्यक्ष आलोक गुप्ता सचिव अमित जायसवाल कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता एवं अन्य सदस्यों में सत्यम गुप्ता अंकित जायसवाल सन्नी केशरी के द्वारा दीपक की व्यवस्था की गई थी। गंगा आरती में शामिल श्रद्धालुओं ने कहा कि आयोजित इस कार्यक्रम में भले ही काशी व बनारस जैसा नजारा ना हो लेकिन फ़िर भी मनमोहक नजारा देखने को मिला।

# महिला होमस्टे ओनर्स को सशक्त बनाने के लिए वुमन एंट्रप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म और मेकमाईट्रिप ने की साझेदारी

make my trip

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

महिला उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता का समर्थन करने के उद्देश्य वाली एक पहल में, नीति आयोग के तहत शुरू किए गए वुमन एंट्रप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) ने मेकमाईट्रिप के सहयोग से प्रोजेक्ट मैत्री को शुरू करने की घोषणा की है। यह अनूठा कार्यक्रम देश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में महिलाओं पर केंद्रित है, जिसमें होमस्टे की अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर उद्यमशीलता, आर्थिक सशक्तिकरण और आजादी के मार्ग को प्रशस्त किया जाएगा। 'एनेब्लिंग वीमेन-लेद डेवलपमेंट इन अरुणाचल' ('अरुणाचल में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को सक्षम बनाना') विषय पर दोरजी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर, ईटानगर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पेमा खांडू, मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश द्वारा किया गया, जो लिंग-संतुलित प्रगति के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रोजेक्ट मैत्री एक दूरदृष्टि पहल है जिसे देश के सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों में होमस्टे ओनर्स को सशक्त और प्रेरित करने के लिए तैयार किया गया है। परियोजना के हिस्से के रूप में, चयनित प्रतिभागियों को उनकी अनूठी व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में आतिथ्य, सुरक्षा, डिजिटल मार्केटिंग और अनुपालन सहित कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर किया जाएगा। इसके अलावा, शीर्ष तीन होमस्टे ओनर्स को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जो इस क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को प्रोत्साहित करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए, सुऐना रॉय, मिशन डायरेक्टर, डब्ल्यूईपी, ने कहा, यह परियोजना महिलाओं की उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो लैंगिक समानता और आर्थिक विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसमें लंबे समय तक लाभ देने की क्षमता है, क्योंकि भारत में होमस्टे वित्तीय आजादी हासिल करने वाली महिलाओं के लिए एक व्यवहारिक और आकर्षक व्यवसाय के रूप में विकसित हो सकते हैं।

# छुट्टियों के इस सीज़न अपने रिश्तों का जश्न मनाएं प्लेटिनम लव बैण्ड्स के साथ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सर्दियों और छुट्टियों के इस सीज़न पीजीआई प्लेटिनम लव बैण्ड्स लेकर आए हैं, खासतौर पर शादियों के लिए डिज़ाइन किया गया एक्सक्लुज़िव कलेक्शन जो रिश्तों को नई परिभाषा देगा। साल खत्म होने जा रहे है, इस मौके पर कपल्स इन खास प्लेटिनम बैण्ड्स के साथ अपने हंसी-खुशी के पलों को फिर से तरोताज़ा कर सकते हैं। त्योहारों एवं सर्दियों के रोमांस के इस सीज़न ये बैण्ड उनके दुर्लभ प्यार की अभिव्यक्ति करेंगे। तो आपके प्यार की तरह कीमती प्लेटिनम के साथ अपने दुर्लभ प्यार का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। माना जाता है कि 2 बिलियन साल पहले एक उल्कापिण्ड के टूटने से धरती में प्लेटिनम आया। यह कीमती धातु दुनिया भर में कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही पाया जाता है और सोने की तुलना में 30 गुना दुर्लभ है। इसकी बेजोड़ क्षमता सुनिश्चित करती है कि इसमें कोई बदलाव न आए, यह अपनी सफेद प्राकृतिक चमक कभी नहीं खोता, और इसीलिए इसे कपल्स के अटूट प्यार की ताकत और क्षमता के समान माना जाता है। ये कपल्स अच्छे-बुरे हर समय में मजबूती से एक दूसरे का साथ निभाते हैं। प्लेटिनम डायमण्ड और अन्य कीमती रत्नों पर भी मजबूत पकड़ बना लेता है और प्राकृतिक सफेद चमक के साथ शानदार लुक देता है। 95 फीसदी शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बने प्लेटिनम लव बैण्ड्स प्यार का प्रतीक हैं। ऐसा प्यार जो आधुनिक मूल्यों के साथ एक दूसरे की जीत का जश्न मनाता है, जो उन्हें पारम्परिक भूमिकाओं के दायरे से आगे बढ़कर एक साथ मिलकर सभी ज़िम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित करता है।



## केकती बाई पटेल का निधन

**सरायपाली।** ग्राम सागरपाली निवासी केकती बाई पटेल का आकस्मिक निधन हो गया है। जो कि श्रीधर पटेल, स्व.रूपधर पटेल एवं जगदीश पटेल के माताजी थी। जिनका दाह संस्कार आज दोपहर को किया गया। जिसमें बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को गंभीर अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है कि हरिश कुमार यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में सउनि सुरेन्द्र सिंह द्वारा थाना भाटापारा शहर के अपराध क्र. 436/2023 धारा 302 भादवि के आरोपी चंद घंटे में पकडने में मिली सफ्लता। प्रार्थी नरेश जायसवाल निवासी नेहरू वार्ड भाटापारा का 28.11.23 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27/11/2023 को इसका बड़ा भाई प्रभुलाल जायसवाल काम करके वापस शाम करीब 06.00 बजे पर आया, जिसके बाद बड़े भाई प्रभुलाल जायसवाल तथा भाभी सरस्वती जायसवाल के बीच झगडा विवाद किसी बात को लेकर होने लगा। झगडा विवाद के दौरान रात्रि करीब 11:40 बजे बड़े भाई प्रभुलाल तथा भाभी सरस्वती जायसवाल के बीच हो रहे विवाद को देखकर डर के कारण अपने परिवार सहित घर से बाहर निकल गया। थोडी देर बाद इसका बड़ा भाई प्रभुलाल जायसवाल मुझे 12/30 रात को फोन करके बताया कि तुम्हारी भाभी सरस्वती तथा मेरे बीच हाथा पाई होने लगा, जिससे मैं तुम्हारी भाभी सरस्वती का गला को दोनों हाथ से जोर से दबा दिया, जिससे वह जमीन पर गिरी पड़ी है सांस नहीं चल रहा है। तब जाकर देखा तो घर के बैठक रूम में भाभी सरस्वती चित हालत में गिरी मरी पड़ी थी। भाभी सरस्वती जायसवाल का गला दबा कर हत्या कर दिया है, कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के प्रभुलाल जायसवाल को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो अपराध करना स्वीकार किया कि आरोपी प्रभुलाल जायसवाल पिता स्व. गोपाल जायसवाल उम्र 48 वर्ष निवासी नेहरू बार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर का कृत्य अपराध धारा 302 भादवि का पाये जाने से दिनांक 28.11.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में सउनि सुरेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षक दिलीप टोप्पो आरक्षक महेन्द्र साहू, रवि कंवर का विशेष योगदान रहा।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में वर्ष 2023-24 के लिए बीएड के छात्रों के लिए स्वगातोत्सव का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा B+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है। कलिंगा विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ एजुकेशन के नए नामांकित छात्रों के लिए स्वगातोत्सव कार्यक्रम सोमवार, 27 नवंबर, 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। यह विश्वविद्यालय के लिए एक यादगार घटना थी जो अपने छात्रों को एक समृद्ध शैक्षणिक यात्रा में शामिल करने की कलिंगा विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का उदाहरण थी। नए छात्रों का फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया और तिलक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम के दौरान, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से विश्वविद्यालय पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की, और नए छात्रों को विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास एवं उपलब्धियों से परिचित कराया। अनुकूल शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने की भावना से शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता डॉ. राहुल मिश्रा ने विश्वविद्यालय की आचार संहिता और व्यापक शैक्षणिक पाठ्यक्रम पर प्रकाश डाला।

**ई–नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट–4 क) (नियम 8(6))**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय :– "प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001" के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री नीलेश कुमार राकुंडला 2. श्रीमती निधि राकुंडला (प्रॉस्पेक्ट नंबर 850006) | 21–03–2022 रू. 6,94,768/– (रूपए छह लाख चौरानवे हजार सात सौ अड़सठ मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर एल–38, परिमाप 591 वर्ग फीट, संकरा पी.एच.एन. 08, आर.एन.एम. भिलाई–3, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, मारूति इन्फ्रासिटी फेज–II, खसरा नंबर 1373/1, 1373/2, 1376, 1380/1, 1380/2, 1380/3, दुर्ग–491111, छत्तीसगढ़, भारत | 18–06–2022 | रू. 4,50,000/– (रूपए चार लाख पचास हजार मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि | | 01–11–2023 तक कुल बकाया राशि | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
| | रू. 20,000/– (रूपए बीस हजार मात्र) | | रू. 9,51,690/– (रूपए नौ लाख इक्यावन हजार छह सौ नब्बे मात्र) | रू. 45,000/– (रूपए पैंतालीस हजार मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 11–12–2023 1100 बजे–1400 बजे | 13–12–2023 अप. 5 बजे तक | 15–12–2023 1100 बजे–1300 बजे |

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.iiflonehome.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें।
नोट : हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए, सफल बोली के बाद, आपको भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से करना होगा। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 9902879 प्रॉस्पेक्ट नंबर द्वारा अनुसरित, घ) आईएफएससी कोड :– एससीबीएल0036001 ञ) बैंक पता : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई–400001

नियम और शर्तें :–

1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यूटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : auction.hl@iifl.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : /1800 2672 499 पर सम्पर्क करें।
7. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई–मेल : auction.hl@iifl.com को मेल लिखें।
8. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
9. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
10. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
11. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 9 उप–नियम (1) के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : दुर्ग तिथि : 29–11–2023 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

# खुले पर पड़ा है 18 लाख क्विंटल धान, बेमौसम बारिश के बीच उपज बचाने मची आपाधापी

## पहले ही मिला था बारिश का अलर्ट, कई जगह बफर लिमिट पार, संसाधनों की कमी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दोपहर 12 बजे के बाद से हल्की बारिश की झड़ी शुरु हुई जो शाम पांच बजे तक जारी रही। इस बेमौसम बरसात से पूरा जिला तरबतर हो गया। तापमान में भी गिरावट आई है।

अविभाजित राजनांदगांव जिले में 18 लाख 37 हजार 274 क्विंटल धान अब भी आसमान के नीचे संग्रहित है। धीमे परिवहन के चलते इतनी बड़ी मात्रा में धान के खुले में संग्रहित होने से समितियों के लिए बेमौसम बारिश के बीच इसे सुरक्षित रखना चुनौती साबित हो रही है। हालांकि, प्रशासन दावा कर रहा है कि समितियों में कैप कवर और दूसरी व्यवस्थाएं उपलब्ध है जहां धान सुरक्षित है। जबकि सच्चाई यह भी है कि कई सोसाईटियों में बफर लिमिट पार हो चुकी है। कईयों जगहों पर संग्रहण के लिए चबूतरों का निर्माण नहीं हुआ है या फिर उनमें संग्रहण की क्षमता से अधिक खरीदी के चलते जमीन पर स्टेक लगाए गए हैं। ऐसे में धान के भीगने के आसार और ज्यादा हैं। बंगाल की खाड़ी में तूफान से असमायिक वर्षा के हालात निर्मित हुए हैं। धान खरीदी का इससे प्रभावित होना तय है। मौसम विभाग ने पहले ही संबंधित विभागों को अलर्ट भेज दिया था। सोमवार से ही बारिश का मौसम बना हुआ था। मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे शुरु हुई बारिश का असर जिले भर में रहा और देर शाम तक हल्की-मध्यम बारिश होती रही। खरीदी केंद्रों में संग्रहित धान को सुरक्षित रखने के लिए भी समितियों को निर्देशित किया गया था। इधर, इस बारिश से खड़ी फसल को नुकसान होने का भी अंदेशा है। खुले में धान की खरही/करपा के भीगने से भी किसानों को बड़ा नुकसान हो सकता है। हालांकि, मौसम को देखते हुए लोगों ने पहले ही इसे सुरक्षित रखने की तैयारियां कर ली थी। फसल के नुकसान पर टोल फी नंबर पर बीमा कंपनी को सूचित करने की अपील प्रशासन ने की है।

**पौने तीन लाख क्विंटल का ही परिवहन-** राजनांदगांव जिले में 28 नवंबर तक की स्थिति में 12 लाख 18 हजार 374 क्विंटल धान खरीदी जा चुका है। इनमें 2 लाख 37 हजार 457 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है। जबकि 9 लाख 80 हजार 917 क्विंटल धान अब भी खुले पर संग्रहित किया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अब तक 6 लाख 56 हजार 629 क्विंटल धान खरीदा गया है जिसमें महज 33 हजार 410 क्विंटल का परिवहन अब तक हो सका है। 6 लाख 23 हजार क्विंटल अब भी समितियों में संग्रहित है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में काफी देर से परिवहन शुरु हो सका। यहां अब तक 2 लाख 41 हजार 147 क्विंटल धान की खरीद हुई है। जबकि हाल ही में यहां परिवहन शुरु होने के बाद अब तक 7 हजार 790 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। यहां 2 लाख 33 हजार 357 क्विंटल धान अब भी धान उपार्जन केंद्रों के ही हवाले है।

**उपार्जन केन्द्रों तक पहुंचे अधिकारियों ने संभाला मोर्चा -** जिला केसीजी में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में बेमौसम बारिश की संभावना को देखते हुए सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों से खरीदे गए धान को सुरक्षित करने सोमवार को ही निर्देश जारी कर दिया था। बेमौसम बरसात की संभावना को देखते हुए सोमवार रात्रि से ही खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी सहित खाद्य निरीक्षको को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा था कि मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। उपार्जन केंद्रों में धान की सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्था करें। जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, जिला विपणन अधिकारी चंद्रपाल दीवान सहित पूरी टीम ने जिले के धान उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर बारिश से धान को सुरक्षित कराया। अधिकारियों ने मंगलवार को अमालीपारा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। टीम के द्वारा सभी 40 स्टेको के धान को ढक कर सुरक्षित रखवाया गया।

**धान को क्षति की संभावना, टोल फ्री नम्बर पर दें सूचना-** कृषि विभाग द्वारा किसानों को असामयिक वर्षा से धान या धान करपा को क्षति होने की पूर्ण संभावना के मद्देनजर फसल क्षति की सूचना बीमा कंपनी को टोल फ्री नम्बर पर देने हेतु निर्देश जारी किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् अधिसूचित ग्राम के अधिसूचित फसल धान सिंचित, धान असिंचित, फसलों को नुकसान होने की स्थिति में बीमित किसान को दावा भुगतान का प्रावधान है। जिसके तहत् बीमित किसान को फसल नुकसान की सूचना बीमा कंपनी / कृषि विभाग / राजस्व विभाग एवं बैंक को घटना के 72 घंटे के अंदर दिया जाना अति आवश्यक है। कृषक इसकी सूचना क्रियान्वयन बीमा कंपनी को सीधे टोल फ्री नंबर 1800-419-0344 या 1800-11-6515 पर या लिखित रूप से अथवा स्थानीय राजस्व / कृषि अधिकारियों, संबंधित बैंक अथवा जिला कृषि पदाधिकारी / राजस्व पदाधिकारी को लिखित रूप से निर्धारित समय-सीमा 72 घंटे के भीतर बीमित फसल के ब्योरे क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित सूचित कर सकते हैं।

# पुलिसिया कार्रवाई की धीमी गति शहर और कानून व्यवस्था के लिए चिंताजनक : मोनू बहादुर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के युवा अंश खंडेलवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। इस प्रकरण को लेकर नागरिकों में आक्रोश है। परिजनों का आरोप है कि, अंश की हत्या हुई है जबकि पुलिस चुप्पी साधे हुए है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बयान जारी कर इस मामले में पुलिसिया कार्रवाई की धीमी गति को शहर और कानून व्यवस्था के लिए चिंताजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि - एक महिने बीत जाने के बाद भी जांच अब तक आगे नहीं बढ़ सकी है। स्थिति यह है कि, नागरिकों को न्याय और कार्रवाई के लिए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। मोनू बहादुर ने कहा कि - अंश खंडेलवाल की जिन परिस्थितियों में मौत हुई वह कई तरह के शक पैदा करती है। सायबर सेल, उन्नत तकनीक मौजूद होने के बाद भी पुलिस अब तक कुछ हासिल नहीं कर सकी है। ऐसी वारदात की जांच में पुलिस का उलझ जाना सोचनीय है। उन्होंने कहा कि ङ्क पुलिस कह रही है कि, मृतक और उससे जुड़े कुछ लोगों के मोबाईल जांच के लिए सायबर फॉरेंसिक एक्सपर्ट के पास दिल्ली भेजे गए हैं। इसकी रिपोर्ट के बाद ही जांच आगे बढ़ेगी। इस पूरी प्रक्रिया में लगने वाले वक्त में हर लम्हा अंश के परिजनों के दिल को कचोट रहा है। हम शहरवासियों की संवेदनाएं उनके साथ है और हम न्याय दिलाने के लिए आखिर तक उनके साथ खड़े हैं। भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि ङ्क शहर में गाहे-बेगाहे ऐसी स्थितियां निर्मित हो रही है। यश चौथवानी की मौत के मामले में भी आरोपी पर मुकदमा दर्ज करने और उसकी गिरफ्तारी के लिए नागरिकों को सड़क पर उतरना पड़ा था। तब जाकर पुलिस ने अपनी कार्रवाई आगे बढ़ाई थी। बार ङ्क बार कानून व्यवस्था को लेकर ये दोहराव कतई ठीक नहीं है। पुलिस को पूरी संजीदगी के साथ जल्द से जल्द अंश की मौत के प्रकरण को सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ङ्क पुलिस से नागरिकों की उम्मीद बंधी हुई है लेकिन वारदात की असलियत सामने लाने में जो वक्त जाया हो रहा है उससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस को जल्द से जल्द इस मामले की तस्वीर साफकरनी चाहिए।

# कार्तिक पूर्णिमा पर शिव-गंगा महाआरती का हुआ विहंगम आयोजन

## सैकड़ों श्रद्धालु नें कार्तिक पूर्णिमा का स्नान कर, महाआरती में लिया भाग

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिवनाथ नदी के तट पर शिव-गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में राजनांदगांव शहर सहित शिवनाथ नदी के तट पर बसे गांव हल्दी, मोहड़, मोहारा और भंवरमरा, सुरगी सहित पूरे जिलेभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं नें कार्तिक पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर आस्था की डुबकी लगाई और शिव-गंगा महाआरती में भाग लिया। कार्यक्रम प्रभारी किशोर माहेश्वरी, मनीष द्विवेदी और तोमेश साहू ने बताया कि, शिव गंगा महाआरती के सूत्रधार और वरिष्ठ पत्रकार आलोक प्रमोद शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में और हिन्दू युवा मंच की अगुवाई में उक्त आयोजन को भव्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम को भव्य और विहंगम बनाने व्यापक तैयारियां की गई थी। पुन्नी मेले पर आयोजित होने वाले शिव गंगा महाआरती में हजारों की संख्या में आस्था की डुबकी लगाने और शिव गंगा महाआरती का पुण्य लाभ लेने जनसैलाब उमड़ पड़ा। नदी के तट और पर और शिवनाथ नदी की पावन धारा में हजारों श्रद्धालुओं नें दीपदान कर महाआरती का पुण्य लाभ लिया। दीपमालाओं की हजारों जगमगाती रौशनी से समूचा वातावरण प्रकाशित और अलोकित हों उठा। उक्त आयोजन में हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी, शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार, शिव-गंगा महाआरती के के कर्मठ पदाधिकारी मनीष द्विवेदी, शिव गंगा महाआरती समिति सिंगदई के कर्मठ कार्यकर्त्ता तोमेश साहू, समिति के अध्यक्ष कमल नारायण साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष गजाधर साहू, पूर्णिमा केवल साहू, लखन सोनकर, संतोष निषाद, पिंटू निषाद, बसंत शर्मा, ललिता साहू सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। महाआरती महाराज बसंत शर्मा और उनकी टीम ने की और मंच संचालन मिलन साहू ने किया।

# दलेश्वर साहू बीस हजार वोटों से जीतेंगे : नपं अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद प्रत्याशी के जीत की अटकलें लगाई जा रही है। तो वहीं अपने पार्टी के प्रत्याशी की जीत के दावे भी किये जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने हालिया विधानसभा चुनाव में डोंगरगांव से कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू के 20 हजार से अधिक वोटों से जीत का दावा किया है। नगर पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष हीरा निषाद ने तमाम अटकलों के मध्य पॉयनियर में विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि दलेश्वर साहू ने अपने दोनों विधायकी कार्यकाल में जनता के लिए सहज उपलब्ध रहने के साथ ही सर्वसमाज के हितार्थ कार्य किया है। आदिवासी, साहू व लोधी सहित सर्वसमाज से व्यापक जनसमर्थन मिला है। श्रीनिषाद की माने तो प्रत्याशी दलेश्वर साहू को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी के कर्जमाफी एवं बढ़े हुए समर्थन मूल्य जैसे नीति सहित हालिया चुनाव की घोषणा पत्र के सिलेंडर में 500 की सब्सिडी, महिलाओं व कन्या वर्ग को प्रोत्साहन के साथ ही युवा वर्ग के लिए मुफ्त शिक्षा जैसे बिंदुओं का लाभ भी चुनाव में मिला है।

**नगर में एक हजार की लीड- हीरा-** नपंअध्यक्ष हीरा निषाद ने मुख्यालय नगर में दलेश्वर साहू के एक हजार वोटों से लीड लेने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू नगर के शहरी वार्डों में निर्णायक लीड लेंगे। मटियावार्ड एवं करियाटोला वार्ड में कांग्रेस को ऐतिहासिक वोट मिला है। कांग्रेस प्रत्याशी को नगर में स्वीकृत करोड़ों के विकासकार्यों का सीधा लाभ मिलेगा।

# भाजपा को बैलेट में हेरफेर का अंदेशा, मत पेटियों को स्ट्रांग-रूम पहुंचाने की मांग

■ बैलेट पेपर पर हुआ मतदान की पेटियां ट्रेजरी में रखी गई हैं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

दिव्यांगों और शासकीय सेवकों के मतदान के मत पत्र की पेटियां ट्रेजरी में संघारित किए जाने को लेकर भाजपा ने कड़ा ऐतराज जताते हुए हेरफेर की आशंका व्यक्त की है। भाजपा ने मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए मतपेटियों की सुरक्षा और उसे मतगणना से पहले ईवीएम को सुरक्षित रखे जाने हेतु तैयार किए गए स्ट्रांग रुम में रखने की मांग की है। उन्होंने यह अंदेशा भी जाहिर किया गया है कि कांग्रेस के पक्ष में अधिकारी-कर्मचारी इसमें गड़बड़ी कर सकते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल और भाजपा नेताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बैलेट पेपर के माध्यम से हुए मतदान के मतपत्र में हेरफेर की आशंका व्यक्त की है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि, विधान चुनाव 2023 में चुनाव ड्यूटी तथा आवश्यक सेवा में नियुक्त शासकीय कर्मचारियों हेतु बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की व्यवस्था की गयी थी। 80 वर्ष से अधिक एवं विकलांग मतदाताओं हेतु भी बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की विशेष व्यवस्था की गयी थी। बैलेट पेपर से हुए मतदान की इन मत-पत्र पेटियों को जिला मुख्यालय की ट्रेजरी में संघारित किया गया है। शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि ट्रेज़री मे अनाधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही अत्यधिक है जिस कारण इन मतपत्र में हेराफेरी की प्रबल सभावना है। इसके अलावा ज्ञापन में कहा गया है कि, अतिरिक्त कांग्रेस के पक्ष में पूर्वाग्रह से ग्रसित कुछ अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा भी मतपत्रो में अनचिकृत हस्तक्षेप किया जा रहा है। इस स्थिति में इन मतपत्रो की सुरक्षा-कर्मी की संख्या बढ़ाकर तथा सीसीटीवी कैमरा लगाकर सुरक्षा बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

# कुसमी में सरपंच की मनमानी को लेकर विवाद, कलेक्टर से मिले ग्रामीण

■ चारागाह की जमीन पर उद्यान निर्माण का आरोप, कार्वाई की मांग की

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम पंचायत पार्रीखुर्द के आश्रित ग्राम कुसमी में उद्यान निर्माण कार्य के स्थल चयन और निर्माण को लेकर सरपंच की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को शिकायत लेकर ग्रामीण कांग्रेस नेता जितेंद्र उदय मुदलियार से मिले। सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर जितेंद्र मुदलियार ने कलेक्टर से इस मामले को सुलझाने की बात रखी। उन्होंने कहा कि स्थानीय सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों के पास कई शिकायतें हैं। इन मामलों में उन्होंने तुरंत कार्रवाई के कलेक्टर से चर्चा की। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने जानकारी दी कि सरपंच बुद्धेश्वर साहू ग्राम में अपनी मनमानियों पर उतारु है। गांव में उद्यान निर्माण किया जाना है। इसके लिए सरपंच ने अपने घर के समीप चारागाह की जमीन पर निर्माण शुरु कर दिया। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उन्हें धमकाया और जो करना है कर लो कहकर निर्माण करने लगा। ग्रामीण यह शिकायत लेकर पुलिस चौकी सुरगी भी गए थे। लेकिन सरपंच निर्माण रोकने को तैयार ही नहीं है। जबकि यह चारागाह की जमीन है और गांव वाले भी यहां निर्माण के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि गांव में ही वार्ड क्रं. 17 में पंचायत द्वारा कराया गया सीसी सड़क का कार्य भी गुणवत्ताहीन है। यह सड़क अभी से जर्जर हो गई है। गांव में ही एक पुल निर्माण भी किया जा रहा है जिसमें भी गड़बड़ी की जा रही है। इन सभी मामलों में ग्रामीणों ने जांच और सरपंच के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इन विषयों पर ग्रामीणों के साथ चर्चा करने पहुंचे कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि - सरपंच के खिलाफशिकायतें गंभीर हैं और इस पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है। ग्रामीणों की सहमति के बगैर और चारागाह की जमीन पर निर्माण अवैध है। निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाना चाहिए। मुदलियार से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को कार्रवाई के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि - उद्यान निर्माण रोकने के लिए अधिकारियों की टीम भेजी जाएगी और इसके लिए पुनः स्थल चयन किया जाएगा। उन्होंने मातहतों द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

इस दौरान जितेंद्र मुदलियार के साथ अंगेश्वर देशमुख, ब्लॉक युकां अध्यक्ष राहुल साहू, ग्रामीण टोमन साहू, भूषण साहू, तोरण निषाद, रुपराम कुंभकार, तिलोक साहू, भूपेंद्र कुंभकार, हिरामन पटेल, पुनीत साहू, अशोक साहू, रामेश्वर निषाद, डामन निषाद, रुपचंद कुंजाम, पार्वती साहू, लीला बाई, बासन निषाद, कलिन्द्री निषाद, धमेश्वरी साहू, भाना, ललिता ठाकुर, पार्वती निषाद, फगनी बाई सहित बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# न्याय के लिए जुटे नागरिक : जयस्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर दी मृतकों को श्रद्धांजलि

■ अंश के मामले में खुलासा और सुरेश के हत्यारों को फांसी की मांग, ठंड में बरसात के बीच भी जुटे लोग, गंज लाईन से निकली मौन रैली

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



युवा अंश खंडेलवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत अब तक अनसुलझी है। नागरिकों ने मंगलवार की शाम बरसात के बीच मौन रैली निकालकर अंश के लिए न्याय की मांग की। गंज लाईन से शुरु हुई रैली जय स्तंभ चौक पहुंची जहां मोमबत्ती जलाकर अंश को श्रद्धांजलि दी गई। बड़ी तादाद में शहर के लोग इसमें शामिल हुए और पुलिस से जल्द मामले का खुलासा करने के साथ ही कार्रवाई की मांग की। अंश खंडेलवाल की मौत को पुलिस पहली नजर में आत्महत्या मान रही है। लेकिन, एक माह का समय बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस अब तक यह पता नहीं कर पाई है कि अंश खंडेलवाल ने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या हुई है। युवा के परिजनों का कहना है कि, अंश की हत्या की हुई है। पुलिस इस मामले में उन्हें कोई नई जानकारी नहीं दे पा रही है। बता दें कि शहर के होनहार युवक अंश खंडेलवाल की लाश अधजली हालत में मिली थी। मौत के कारणों का खुलासा अब तक पुलिस नहीं कर पाई है। लंबा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है। इसके चलते अंश खंडेलवाल के परिवार सहित शहर के व्यापारी वर्ग में खासी नाराजगी है। वहीं पुलिस की कार्रवाई को लेकर अब सवालिया निशान भी खड़े हो रहे हैं। आखिर लंबा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस इस मामले में कोई खुलासा क्यों नहीं कर पा रही है। इस बात से नागरिकों में काफी नाराजगी है। व्यापारी वर्ग अंश के परिवार के साथ खड़ा है। उनका कहना है कि व्यापारी वर्ग से आने वाले अंश खंडेलवाल की लाश मिलने के बाद भी पुलिस अब तक अपनी जांच पूरी नहीं कर पाई है।

**सुरेश जोशी को भी दी श्रद्धांजलि-** बीते दिनों मृत पाए गए सुरेश जोशी के मामले में भी पुलिस ने रविवार को बड़ा खुलासा किया था। आरोपी प्रकाश गोलछा ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सुरेश को जहर देकर उसकी हत्या की थी। प्रकाश ने सुरेश की हत्या कर एक कारोबारी को फंसाने की वहशी साजिश रची थी।

## श्रीअजितनाथ मंदिर में विश्व कल्याणार्थ महायज्ञ

# दिगंबर जैन मंदिर में सिद्धचक्र महामंडल विधान

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





श्रीदिगंबर जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी ने सामाजिकजनो के सहयोग एवं संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्व कल्याण कामना महायज्ञ का आयोजन 26 नवंबर तक किया। प्रतिदिन प्रातः विश्व शांति एवं कल्याण की भावना को लेकर शांति धारा की गई। पश्चात मंडल विधान की पूजन व भव्य संध्या आरती उपरांत सांस्कृतिक आयोजन हुए। जैन धर्म में बेहद अहम स्थान रखने वाले 17 लाख वर्ष पुराने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन स्थानीय श्रीअजीतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में किया गया। दस दिनों तक चले आयोजन में जिन देव की आराधना की गई। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सतीश जैन, कोषाध्यक्ष राहुल रही ने बताया कि अष्टांजिका महापर्व के अवसर पर ब्रम्हचारणी संपदा दीदी और अनिता दीदी के निर्देशन में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान रविवार को भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। इस विधान में 1024 अर्घ समर्पित कर सिद्ध भगवान की आराधना की गई। उन्होंने बताया कि विधान मे सौधर्म इंद्र आंनद कुमार व मंजूषा जैन, कुबेर इंद्र राकेश कुमार व नीलम जैन, श्रीपाल मैनासुन्दरी सेठ सम्यक व शुभी जैन, महायज्ञ नायक सुनील कुमार व सुलेखा जैन, यज्ञ नायक धर्मेंद्र कुमार व नीतू जैन, महेंद्र इंद्र राजेश कुमार व मीनू जैन, सानत इंद्र सतीस कुमार व प्रीति जैन, ईशान इंद्र दिलीप कुमार व श्वेता पिंकी जैन सहित अन्य ने भक्तिभाव से 1008 श्री अजितनाथ भगवान के समक्ष आकर्षक रंगोली के मॉड़ने पर श्रीफल अर्पित किया।

ब्रम्हचारणी दीदी ने बताया कि जब तीर्थंकर प्रभु को केवल ज्ञान होता है तब सौधर्म इन्द्र प्रभु की 1008 नामों से स्तुति करता है। तीर्थंकर प्रभु के 1008 लक्षण भी होते हैं उन्हीं 1008 गुणों को प्राप्त करने के लिए सभी ने अंतिम दिन सिद्ध भगवंतों की सहस्त्र नाम के साथ आराधना करते हुए 1024 विशेष अर्घ चढाए। प्रतिदिन शाम को श्रावक श्रेष्ठी द्वारा महाआरती इन्द्र परिवार द्वारा सामूहिक आरती एवं धर्मिक नृत्य भी करते रहे। रात्रि में श्री पाल मैना सुंदरी, सौधर्म इंद्रा सभा, इंद्राणी सभा, बेटी बचाओ जैसे अनेक नाटको की भी मुख्य पात्रों द्वारा प्रस्तुति दी गई। श्री 1008 श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर डोंगरगांव में सभी धर्मप्रेमी बंधु रोजाना विधान में सम्मिलित होकर अंतिम दिन हवन एवं विश्व शांति महायज्ञ तथा श्रीजी की शोभायात्रा के साथ अनुष्ठान का समापन किया। बैंड बाजा, ढोल बग्गी, घोड़े आदि के माध्यम से शोभायात्रा दिगम्बर जैन मंदिर से जेंट्स क्लब मैदान, पुराना बस स्टैंड, मेन रोड, फौव्वारा चौक, सदर लाइन होते हुए मंदिर जी तक शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में जैन अनुयायियों ने अपने घरो बके सामने श्रीजी की आरती करते हुए आगवानी की।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने समाज के सभी महिला , पुरुष, युवा, बच्चे के साथ महिला मंडल, युवा मंडल, बहु मंडल, श्री विद्यासागर सागर, संस्कार मंडल सहित समस्त मंडल के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# अदिवासी संस्कृति व परंपरा की दी जानकारी


**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा ओडारबांध अंतर्गत मुड़ा परिखेत्र बंजारी में दिवाली मिलन, संविधान दिवस व सामाजिक संगोष्ठी हुई। जिसमें समाज के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। बूढ़ादेव को सेवा अर्जी कर क्रांतिसूर्या बिरसा मुंडा, संविधान निर्माता डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। समाज के प्रमुख लोगों का पिला चावल से स्वागत किया गया। महासळा के सचिव थानवार मंडावी ने स्वागत किया गया। महासभा के संचालक रमेश उइके ने समाज की संस्कृति पर जानकारी दी। महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम सहित उपस्थित समाज प्रमुखों ने इसर-गौरा विवाह महोउत्सव व दीवाली पर्व में गोंड संस्कृति के बारे में बताया। समाज के मोची राम पड़ोती ने कहा कि हमें मालिकाना हक और मौलिक अधिकार नहीं मिल रहा है। हमारे पांचवी अनुसूची में बिना ग्राम सभा अनुमति के शासन तेंदूपत्ता भी नहीं तुड़वा सकता। कई मामलों में हमारे अधिकार का हनन हो रहा है। जिसके लिए हमे एक साथ लड़ना होगा। उदय नेताम ने कहा कि पेशा कानून, भूमि अधिग्रहण मामले में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में एकजुट होकर राजनीति क्षेत्र में भी हमें कदम बढ़ाना होगा। मोतीराम पड़ोती, धन्नू उइके, अध्यक्ष मदन नेताम महासभा, उपाध्यक्ष मदन खुरश्याम, कोषाअध्यक्ष मयाराम मंडलोई, संचालक रमेश उइके, महामंत्री लादुराम तुमरेकी, सहसंचालक राजेश्वर, अध्यक्ष युवा प्रभाग महासभा सुरेश उइके, प्रवक्ता महेन्द्र नेताम, बलराम ध्रुवे, राजेश वट्टी, उकेश सोरी, मुन्ना मंडावी, पुरषोत्तम पड़ोटी आदि मौजूद रहे।

# एसएमडी जैन स्कूल में फन मेला और विज्ञान कला शिल्प प्रदर्शनी

- आयोजित, बच्चों ने कहा, फूड स्टॉल से मिले पैसे हम चैरिटी में देंगे
- सचिव स्वाति जैन और प्रायार्य ने कहा, बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए ऐसे आयोजन जरूरी

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



फन मेला एवं विज्ञान कला शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन श्री महावीर दिगंबर जैन हाई स्कूल जशपुर में 27 और 28 नवंबर 2023 को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि दीपक देशपांडे की स्वागत के साथ की गई। सबसे पहले प्ले स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथि दीपक देशपांडे अधिवक्ता ने कहा कि खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा प्रदान किए जाने की सोच सराहनीय है।

इससे बच्चों को उचित संसाधन से नई शिक्षा का लाभ मिलेगा। यहां विज्ञान और कला का मिश्रण फन मेला के माध्यम से देख रहा हूं जो बच्चों को पुराने समय में खेल-खेल में शिक्षा दी जाती थी वह फिर से प्ले स्कूल के माध्यम से दी जा रही है। इस अवसर पर आए हुए प्ले स्कूल के बच्चे एवं अभिभावक झूला फिसल पट्टी एवं खेल सामग्री देखकर आनंदित थे।

जैन समाज के अध्यक्ष भागचंद जैन, राकेश अजमेरा, संजय काला, महेंद्र बढ़जात्य, मुकेश गंगवाल, प्रकाश चंद जैन, सुरेश जैन, स्वाति जैन उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत शिक्षकों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी।

### स्टॉल में रहा आकर्षण

बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र गेम स्टॉल रहा बच्चे गेम खेलने के लिए अपनी पारी का इंतजार करते रहे। मेले में विद्यार्थियों ने स्वयं से ईजाद किए हुए गेम भी स्टॉल में सजाए थे, जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा।

### आकर्षक विज्ञान मॉडल

फन मेला में विज्ञान प्रदर्शनी एवं कला शिल्प की प्रदर्शनी भी बच्चों ने लगाए थे। इसे देखने के लिए दूसरी मंजिल पर अभिभावक और अतिथि पहुंचे। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का केंद्र वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ब्लूटूथ स्पीकर, पॉपकॉर्न मशीन रहा, इसे देखकर लोगों ने नवाचार एवं बच्चों की कला कुशलता देख प्रशंसा की। कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों ने कार्ड बोर्ड, थर्माकोल, कलर पेपर, पुरानी बेकार पड़ी वस्तुओं का प्रयोग करके टी हाउस, वॉल हैंगिंग, वॉल डेकोरेशन, झूमर घोसला, डिस्को लाइट, घर, स्कूल, बनाकर अपने कला का प्रदर्शन किया।

### फूड स्टॉल में उमड़ी भीड़

स्कूल कैम्पस में फन मेले के आयोजन के दौरान फूड स्टॉल में बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद लिया गया। फूड स्टॉल में बच्चों ने बहुत अच्छा अनुभव प्राप्त किया सभी बच्चों ने तरह-तरह के व्यंजन बनाकर देश के सभी राज्यों को एक-एक करके हमारे जैन विद्यालय को एक छोटा भारत का रूप दे दिया।

### बिजनेस स्किल सीखा

बच्चे फूड स्टॉल के माध्यम से बिजनेस स्किल भी सीखा। बच्चों से पूछने पर उनके द्वारा कहा गया कि इस फूड स्टॉल से हमारा उद्देश्य पैसा कमाना नहीं है बल्कि इससे हम आपसी भाईचारा ईमानदारी सीख रहे हैं इससे प्राप्त पैसा का उपयोग किसी चैरिटी या जरूरतमंद की मदद में करेंगे।

### सचिव और प्राचार्य ने दिया संदेश

इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं विद्यालय की सचिव स्वाति जैन ने संदेश दिया कि हम शिक्षा को बच्चों तक खेल-खेल मैं अनेक गतिविधियों के माध्यम से आप सभी तक पहुंचाना चाहते हैं। विद्यालय और बच्चों के साथ आप सभी की सहभागिता बनी रहे हम आप लोगों के सहयोग से शिक्षा को अनेक गतिविधियों के माध्यम से नई स्तर पर ले जाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य संजय सिन्हा ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि आप लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्ले स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी कला एवं फूड स्टॉल और खेल में रुचि आई होगी। हमारे विद्यालय के कार्यक्रम में आप सभी ने अपना कीमती समय निकालकर आए है इसके लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं आप सभी के विद्यालय के शैक्षिक गतिविधि एवं विकास के लिए सहभागिता बनी रहे ऐसी में अपेक्षा करता हूं।

# 143 केंद्रों में 8.23 लाख से अधिक धान का स्टॉक 30 केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के 143 खरीदी केंद्रों में धान बेचने 3 हजार 590 टोकन 1 लाख 46 हजार 142 क्विंटल का जारी किया गया था। जिसमें 3 हजार 56 टोकन लेकर ही किसान केंद्र पहुचे, जहां उन्होंने 1 लाख 11 हजार 256 क्विंटल धान खरीदा बेचा। वही आज बुधवार के लिए 138 केन्द्रो में 3 हजार 304 टोकन 1 लाख 33 हजार 925 क्विंटल का जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में 1 नवंबर से मंगलवार तक कि स्तिथि में 143 केंद्रों में कुल 31 हजार 851 किसानों ने 11 लाख 7 हजार 130 क्विंटल धान बेचा हैं। जिसकी कुल राशि 243 करोड़ 28 लाख 52 हजार 580 है। कुल राशि से 92 करोड़ 92 लाख की लिंकिंग वसूली की गई है। वही खरीदी का 24.91 प्रतिशत का उठाव किया गया है। कुल 2 लाख 75 हजार 820 क्विंटल का उठाव किया जा चुका हैं। जिसके बाद 8 लाख 23 हजार 891 धान परिवहन हेतु शेष है, इतना स्टॉक केंद्रों में रखा हुआ है।

**30 केन्द्रो बफर लिमिट से अधिक धान**--जिले के 30 केंद्र ऐसे है जहां बफर लिमिट यानि के केंद्र में रखा स्टॉक बफर लिमिट से अधिक है। भर्रीटोला में 8 हजार 784.40 क्विंटल, चिखलाकसा में 5 हजार 463.60 क्विंटल, मोखा (रजोली) में 4 हजार 453.60 क्विंटल, आमाडुला में 6 हजार 492 क्विंटल, डौंडीलोहारा में 8 हजार 603.20 क्विंटल, मोहारा में 9 हजार 15.20 क्विंटल, कोड़ेकसा में 4 हजार 85.60 क्विंटल, कोसागोंदी में 6 हजार 49.60 क्विंटल, साल्हे में 9 हजार 517.60 क्विंटल, फरदफोड़ में 4 हजार 757.60 क्विंटल, खैरकट्टा में 3 हजार 782.40 क्विंटल, गैंजी में 12 हजार 716 क्विंटल, घीना में 3 हजार 570.40 क्विंटल, कुसुमकसा में 13 हजार 668 क्विंटल, भीमकन्हार में 2 हजार 905.20 क्विंटल, सिब्दी में 2 हजार 901.20 क्विंटल, कमकापार में 2 हजार 888 क्विंटल, अरकार में 7 हजार 49.20 क्विंटल, कोटागांव में 5 हजार 605.60 क्विंटल, गुजरा में 10 हजार 954 क्विंटल, गुंडरदेही में 6 हजार 213.60 क्विंटल, दुधली में 2 हजार 449.20 क्विंटल, करेंगाँव में 2 हजार 372 क्विंटल, अछोली में 5 हजार 279.20 क्विंटल, संबलपुर में 6 हजार 540.80 क्विंटल, दर्रा में 5 हजार 190.40 क्विंटल, डौंडी में 10 हजार 308 क्विंटल, बालोद में 5 हजार 346.80 क्विंटल, भंडेरा में 5 हजार 200 क्विंटल और भंवरमरा खरीदी केंद्र में 8 हजार 156 क्विंटल धान का स्टॉक हैं। बता दे कि इन 30 केंद्रों कि मात्रा 1 लाख 25 हजार 519 क्विंटल की है, लेकिन उठाव नही होने के चलते यहां बफर लिमिट से अधिक यानि कि 1 लाख 90 हजार 319 क्विंटल धान का स्टॉक है।

**7 केंद्र से अब तलक नही हुआ उठाव**- जिले के 143 केंद्रों में 7 केंद्र ऐसे हैं, जहां खरीदी से लेकर आज तलक उठाव हुआ ही नही है। खरीदी की शुरुआत से ही सिर्फ खरीदी कर केंद्र में स्टॉक रखा जा रहा हैं। 7 केंद्र में सुरडोंगर जहां 4 हजार 663.6 क्विंटल, करेंगाँव में 2 हजार 594 क्विंटल, लिमोरा में 704.8 क्विंटल, कुसुमकसा में 18 हजार 3 के क्विंटल, रुदा में 1 हजार 384 क्विंटल, परसदा में 3 हजार 142 क्विंटल और मंगलतराई खरीदी केंद्र में 5 हजार 428 क्विंटल धान की मात्रा हैं।

# मतगणना के संबंध में ली गई अभ्यर्थियों की बैठक

## मतगणना की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय मॉडल स्कूल डोड़काचौरा जशपुर में बनाए गए मतगणना स्थल परिसर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजनीतिक दल के विधानसभा क्षेत्र जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव के अभ्यर्थी और प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित जनों को मतगणना तिथि 03 दिसंबर को संपादित होने वाली कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया एवं मतगणना कक्ष का विजिट कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतगणना का कार्य मतगणना स्थल शासकीय मॉडल स्कूल डोड़काचौरा जशपुर में प्रातः 8:00 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। मतगणना का कार्य रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशन एवं निगरानी में होगा। जिसमें प्रत्येक विधानसभा के लिए पृथक-पृथक मतगणना हॉल निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा के मतगणना हाल में ईवीएम से मतों की गणना हेतु 14 टेबल लगाए गए हैं। पोस्टल बैलट के मतों की गणना हेतु 03 टेबल लगाए गए हैं। इसके साथ ही टेबल के आस-पास तार की जाल से बैरिकेट्स बनाये गये हैं। जिससे गणना अभिकर्ता टेबल पर चल रही गणना कार्य को देख सकेंगें। उन्होंने पोस्टल बैलेट, सुरक्षा व्यवस्था, गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतगणना केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने मतगणना केंद्र में कौन-कौन सी वस्तुएं वर्जित रहेंगीं उनके संबंध में भी उपस्थित जनों को जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं एसपी ने मतगणना दिवस के दिन पुरुष एवं महिलाओं के लिए शौचालय की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर पी चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, सर्व रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

# चुनाव ड्यूटी में अनुपस्थित 9 कर्मचारी हुए निलंबित 2 प्रधान पाठक, 2 सहायक शिक्षक, 2 सहायक ग्रेड-3

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव के लिए विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी एवं पत्थलगांव में 17 नवम्बर को मतदान दल में लगाई गई ड्यूटी में अनुपस्थित पाये गये 02 प्रधान पाठक, 02 सहायक शिक्षक और 02 सहायक ग्रेड-03 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इन कर्मचारियों को मतदान दिवस 17 नवम्बर को अनुपस्थित होने के कारण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर के प्रतिवेदन अनुसार कारण बताओं नोटिस का जारी किया गया था। जिका समाधानकारक जवाब नहीं देने पर निलंबित किया गया है। प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक एवं सहायक ग्रेड-02 के उक्त कृत्य से परिलक्षित होता है कि इनके द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया गया है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अनधिकृत अनुपस्थित रहे। उक्त कृत्य उदासीनता एवं लापरवाही का द्योतक है तथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। जिस हेतु प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक एवं सहायक ग्रेड-02 को सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबित किए गए कर्मचारियों में बगीचा विकासखण्ड के प्रधान पाठक अमल सिंह एवं मनोरा विकासखंड के प्रा.शा. धौरापाठ के प्रधान पाठक सेले खाखा की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14-पत्थलगांव में मतदान अधिकारी-01 के रूप में लगाई गई थी। निलंबन अवधि में अमल सिंह एवं सेले खाखा का मुख्यालय संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियत किया गया है। इसी प्रकार बगीचा विकासखंड के प्रा.शा. जाड़ाकोना के सहायक शिक्षक रामलखन बैगा की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14-पत्थलगांव में एवं मनोरा विकास खण्ड के शा.उ.मा.वि.खरसोता के सहायक शिक्षक बसंत कुमार सुरेन की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13-कुनकुरी में मतदान अधिकारी-03 रूप में लगाई गई थी।

# मतगणना का कार्य पूरी तरह से त्रुटिरहित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जाएः कलेक्टर

- ईव्हीएम, वीवीपैट से मतगणना हेतु गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने कहा कि निर्वाचन से जुड़े प्रत्येक कार्य सर्वोच्च एवं विशेष प्राथमिकता का कार्य होता है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुजांईश बिल्कुल भी नही होती। उन्होंने मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना कार्य को पूरी तरह से त्रुटिरहित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मंगलवार जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित ईव्हीएम एवं वीवीपैट से मतगणना हेतु गणना सुपरवाईजरों एवं गणना सहायकों के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर मतगणना तिथि 3 दिसम्बर को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए पूरी गंभीरता एवं विशेष सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

प्रशिक्षण में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय सहित सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश**-इस दौरान कलेक्टर ने गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना कार्य के संबंध में सभी जिज्ञासाओं का समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लेने को कहा। जिससे की प्रशिक्षण के पश्चात् किसी भी प्रकार की संशय की स्थिति बिल्कुल भी न रहे। कुलदीप शर्मा ने अधिकारियों से मतगणना स्थल के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं के लिए समुचित मात्रा में पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# छात्रों को संवैधानिक जागरूक करने 45 से अधिक विद्यालय में 5 हजार से अधिक बच्चों ने परीक्षा दिलाई

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com





संविधान महोत्सव 2023 सतनाम भवन मुंगेली में अयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विश्व विख्यात भाषा वैज्ञानिक, इतिहास कार, लेखक, चिंतक प्रो डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंग ने अपने संबोधन में उक्त बातें कहीं। आगे बताया कि जब से शिक्षा का ज्ञान वंचित वर्ग को प्राप्त हुआ तब से शिक्षा के स्तर,1990 के दशक से राजनीति में प्रवेश हुआ तो राजनीति का स्तर गिरने की बात कही जाती है व,वहीं वंचित वर्ग को शिक्षाव राजनीति से दूर रखी गई तो मजबूत होने की बात कह गुमराह करने की साजिश रची गयी, आज देश में लिपि,भाषा में दशकों को वर्तमान बोली जाने वाले परिवेश बोली का समावेश होता हैं, वह शास्त्र में स्पष्ट दिखाई देता है, संस्कृत के पूर्व सम्राट अशोक काल में पाली भाषा थी तो प्राचीन पाली हुआ ,ऐसे कई जिज्ञासा का निराकरण समाज में उठे प्रश्नों का जवाब संविधान महोत्सव की भीड़ भरी सभा मे मुख्य अभ्यागत ने वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सटीक जवाब देकर के जिज्ञासा शांत कर दिया,भिमोत्सव समिति छ ग के आयोजन मंडल के एवं प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग ने बताया कि समिति 2019 से देश के विख्यात हस्तियों को आमंत्रित कर प्रति वर्ष संविधान दिवस आयोजन 26 नवम्बर को करती है।

आयोजन के पांचवे वर्ष कार्यक्रम में आरा बिहार से उनके साथ डॉ शशिकला, सत्य वती देवी डिप्टी मेयर सासाराम आरा बिहार, शशि भूषण सिंग युवा शोधकर्ता डॉ नरेश कुमार साहू रायपुर ,कमल सिंग पामगढ़ प्रो सुशील जांगड़े ने संबोधित किया, महोत्सव में मुख्य वक्ता के विचार व वैज्ञानिक आधार पर भाषाओं को प्रस्तुत करने को समझने जानने केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय के अग्नि वेश व गुरुघासीदास ,व रायपुर विश्व विद्यालय के शोध छात्रों के जिज्ञासा को शांत किया समिति के भुवन बघेल ,सनत बंजारे सिद्ध राम भास्कर ने बताया कि संविधान उत्सव को धूमधाम से मनाने मूँगेली शहर का भ्रमण डी जे बाजे गाजे के साथ किया गया , छात्रों को संवैधानिक जागरूक करने 45 से अधिक विद्यालय में 5 हजार से अधिक बच्चों ने परीक्षा दिलाई, महोत्सव में समाज के प्रतिष्ठित लोगो राजेश कुमार लहरे लेखाधिकारी ,डॉ संतोष बघेल, डॉ एवन हॉस्पिटल के डॉ एकेश चंद्र, शौर्य कंस्ट्रक्शन बिलासपुर के फलेश्वर प्रसाद, कमलकिशोर जांगड़े समाज के ब्यापारी गण सामाजिक मेला बाड़ा डेरा ,घुठेली बोड़सरा सेतगंगा को भी सम्मानित भी किया।

## किसानों के चहरो पर छाई मायुसी, गर्म कपडो के बाजार में आयी रौनक

# बे मौसम बारीश के कारण एकाएक बढ़ी ठण्ड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com


बे मौसम बारीश के कारण एकाएक बडी ठण्ड ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है बीते कल से सूर्य के दर्शन भी दुर्लभ हो गये है, दिन भर रहने वाली बदली के चलते तापमान गिरावट देखी गई, साथ ही आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट से कड़ाके की ठण्ड पड़ने की संभावना बनी हुई है। रिमझिम बारिश की फुहार के कारण जहां लोग अपने घरो में दुबके नजर आये, वही दफतरो में भी विराना का आलाम नजर आया। वही मौसम विभाग द्वारा कबीरधाम, राजनांदगाँव, मुंगेली और बेमेतरा जिलों के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात तथा ओला वृष्टि होने की अति संभावना हैं।

**किसानो के चहरो पर छाई मायुसी** - बेमौसम बारिश ने किसानो के माथे पर चिन्ता की लकीरे खीच दी है, बारिश की मार ने जहां उनके मेहनत पर पानी फेर दिया है, किसानो की फसले अभी भी कटाई के बाद खेतो में रखी है, तो किसी किसानो की उनके खलिहानों में रखी है जो उनके लिए चिन्ता का सबब बन गया है। कि हर साल की तरह इस साल भी उन्हे नुक्सान का सामना न करना पड जाये।

**समय रहते प्रशासन ने उचित कदम** - बीते साल की गलतियों से सबक लेते हुए प्रशासन ने इस बार बेमौसम होने वाली बारिश से फसलो को बचाने की पहल कर दी थी, जिसके चलते संग्रहण केन्द्रो में खरीदे गये, धान को तारपोलिन से समय रहते ढक दिया गया। ज्ञात हो लगभग दो दिनो पूर्व ही जिला कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रो में खरीदे गये धान की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये थे जिसके चलते जिला मुख्यालय सहित आस पास के एवं सुदुर अंचलो में भी प्रशासनिक आदेशो का परिपालन कर खरीदी प्रभारियों द्वारा समय रहते बारिश से बचाव की व्यवस्था दुरूस्त कर ली गई थी।

**गर्म कपडो के बाजार में आयी रौनक** - अचानक बडने से गर्म कपड़ो बिक्री में तेजी दिखायी दे रही है। कपडा दुकान के संचालको ने भी गर्म कपडो सहित कंबल, ब्लैकेट के स्टाक पहले से भर रखे थे जो अब बाजारो की शान बन गये। ब्लैकेट एवं गर्म कपडो के होल सेल करने वाले व्यापारी ने बताया कि दुकान में उनके पास लगभग 200 रू से लेकर उचे दामो तक के जेकेट, साल, स्वेटर, कंबल हर वेरायटी में उपलब्ध है। जो लोगो की पसंद बने हुए है।

**अलाव का सहारा लेते लोग** - रिमझीम फुहार और ठंडी हवा के चलते जहां ठुठुरन वाली ठंड ने लोगो को एक जगह गर्म कपडो और घरो में दुबके रहने को मजबूर कर दिया है, दुकानो के सामने चैक चैराहो पर घरो में लोग शाम को आग के अलाव के पास भी जाने लगे है।

शाम से ही बाजार में लोगो की भीड़ कम होने लगी है व रात्रि 8 बजे के बाद सन्नाटे की स्थिति निर्मित हो रही है। शाम होते हुए लोग अपने घरों में दुबकर टी.बी. देखने में अपना समय पास कर रहे है और आने वाले दिनों में पड़ने वाली कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए अलाव जलाने की मांग भी उठने लगी है।

# प्रकाश पर्व धूम धाम से मनाया गया



**लोरमी।** गुरु सिंग सभा में गुरु का प्रकाश पर्व हर वर्ष की भाँति धूम धाम से मनाया गया। गुरु के गुरुद्वारा को दीप और लाइट से सजाया गया। सिखों के प्रथम गुरु धर्म संस्थापक गुरुनानक देव जी की जयंती पर अनुयायियों के द्वारा कुछ दिन पूर्व से ही प्रभात फेरी निकाली जाती है। पूर्णिमा के दिन सुबह जुलूस निकल कर नगर भ्रमण किया गया। गुरुद्वारा में अरदास कर सभी ने लंगर प्रसाद लिया। इस उत्सव में सबद कीर्तन के साथ संगीत, गायन और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सिख समुदाय एकता का परिचायक है। गुरु नानक जयंती का आयोजन सिख समुदाय में विशेष महत्वपूर्ण होता है, गुरु नानक जी का जन्म स्थान पंजाब के तलवंडी में हुआ था, जिसे आजकल नानकाना साहिब कहा जाता है। उनके माता-पिता का नाम तृप्ता और कल्याणचंद था। गुरु नानक जी ने अपने जीवन में मानवता के हित में अपना समर्पण किया और एक संत, गुरु, और समाज सुधारक के रूप में चमकाई। गुरुनानक देव ने जाति-पाति के खिलाफ और समाज में एकता के प्रति उनके उपदेशों के लिए प्रसिद्धता प्राप्त की। उनकी जयंती को हर साल गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के रूप में सिख समुदाय द्वारा मनाया जाता है मानवता व एकता की भावना को मजबूत करने का संकेत है। प्रकाश पर्व में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी लोरमी, सभी सिक्ख समाज, सोनू ऊबेजा, देवेन्द्र पाल सिंह, अनिल सलूजा, शैलेन्द्र सलूजा, बब्बु सलूजा, जतिन सलूजा,आकाश सलूजा, पप्पू छाबड़ा, कुलदीप बगा, सहित छोटे छोटे बच्चो ने भी भाग लिया .

# श्री बालाजी हॉस्पिटल

Shri Balaji
Group of Hospitals & Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

## गर्भवती महिलाओं के लिए महतारी योजना के तहत



**निःशुल्क नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी जनरल वार्ड में***

**निःशुल्क मेडिसिन के साथ 05 दिन का पैकेज**

**निःशुल्क ओ.पी.डी**

**निःशुल्क गर्भावस्था की आवश्यक खून जांच**

**50% की छूट सोनोग्राफी पर**







* नियम एवं शर्तें लागू

### उपलब्ध सुविधाएं :

- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में 8 पूर्णकालिक अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा परामर्श.
- शिशु एवं बाल्य रोग विभाग में 5 पूर्णकालिक विशेषज्ञ एवं पूर्णयकालिक पेडियाट्रिक सर्जन की सुविधा.
- पूर्ण विकसित 30 निओनेटल आईसीयु एवं पेडियाक्ट्रिक आईसीयु.
- अत्याधुनिक 10 मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर.
- सभी प्रकार के जांच की सुविधा.
- कलर डॉपलर, सोनोग्राफी सिटी स्कैन एवं एम आर आई की सुविधा.
- आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध.

**अग्रिम पंजीयन आवश्यक**

योजना का लाभ लेने के लिए डिलीवरी के कम से कम 15 दिन पूर्व का पंजीयन आवश्यक
यह योजना केवल एक साल के लिए मान्य है

**मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़**

**संपर्क करे : 9340019842, 9926191294**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403